पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद होंगे ... पेज 12 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 02 सितम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 210 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

NEWS इन ब्रीफ

झारखंड कैबिनेट की बैठक छह सितंबर को

रांची। राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक छह सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता होगी। बैठक प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से होगी। डुमरी विधानसभा उपचुनाव के बाद आयोजित होनेवाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों की स्वीकृति मिल सकती है।

सैप कर्मियों के अनुबंध समाप्त करने का आदेश हुआ स्थगित

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के पारित आदेश के आलोक में पुलिस मुख्यालय ने शुक्रवार को सैप के दोनों वाहिनी के 907 कर्मियों के अनुबंध को समाप्त करने वाला आदेश स्थगित कर दिया है। राज्य सरकार ने 27 अगस्त को सैप एक और दो में कार्यरत 907 कर्मियों की सेवा 31 अगस्त से समाप्त कर दी थी। सैप-1 वाहिनी टाटीसिलवे रांची और सैप-2 वाहिनी हलुदबनी जमशेदपुर में अनुबंध के आधार पर नियुक्त सैप के 907 पदाधिकारियों और कर्मियों के नाम से जारी किए गए हथियार, गोली और पहचान पत्र को जमा कराते हुए अनुबंध समाप्त करते हुए पुलिस मुख्यालय को अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया था। राज्य सरकार के इस आदेश को प्रार्थी चमरा भेंगरा ने हाईकोर्ट में चुनौती दी।

39 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रांची। रांची पुलिस नशा का कारोबार करने वाले तस्करों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में डोरंडा थाने की पुलिस ने साउथ ऑफिस पाड़ा से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने 39 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में डोरंडा मिस्त्री मोहल्ले के सैफ खान और कुम्हार टोली निवासी मो फैजान शामिल है।

विधायक प्रदीप यादव की याचिका खारिज

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने महिला के यौन शोषण के आरोपित पोड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिवीजन पर फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट के जस्टिस सुभाष चंद की कोर्ट ने शुक्रवार को प्रदीप यादव की याचिका को खारिज कर दिया।

रातू के कारोबारी का अपहरण, एक हिरासत में

रांची। रांची के रातू थाना क्षेत्र के रहने वाले कारोबारी नवीन कुमार मिश्रा का अपहरण कर लिया गया है। अपहरण का आरोप रातू थाना क्षेत्र के ललित ग्राम निवासी सोमनाथ पांडे पर लगा है। हालांकि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस सोमनाथ को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में रातू थाना में साधना पाठक के बयान पर सोमनाथ पर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज की गई है। ललित ग्राम निवासी साधना पाठक की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उनके पति नवीन बीते 31 अगस्त को दिन के तीन बजे घर से निकले थे।

चांद हमारा, अब सूरज की तरफ इशारा, आदित्य एल-1 का प्रक्षेपण आज

एजेंसी। श्रीहरिकोटा

देश के पहले सौर मिशन 'आदित्य एल-1' के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इसे ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) से छोड़ा जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर यह खुशखबरी साझा की है। इसमें कहा गया है कि 23 घंटे 40 मिनट की उल्टी गिनती आज 12 बजकर 10 मिनट पर शुरू हुई। इस पोस्ट के अनुसार 'आदित्य एल-1' शनिवार पूर्वाह्न 11 बजकर 50 मिनट पर प्रक्षेपित किए जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस मिशन पर ऐसे समय अमल किया जा रहा है जब कुछ दिन पहले भारत का चंद्रयान-3 मिशन सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य तक पहुंच चुका है। इसरो ने एक्स पर पोस्ट किया- 'पीएसएलवी-सी57 / आदित्य एल-1 मिशन : भारतीय समय के अनुसार दो सितंबर 2023 को पूर्वाह्न 11 बजकर 50 मिनट पर प्रक्षेपित करने के लिए उल्टी गिनती शुरू।' इससे पहले इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने यहां मीडिया से कहा था- 'रॉकेट और सैटेलाइट तैयार हैं। हमने प्रक्षेपण के लिए अभ्यास पूरा कर लिया है। नियत स्थान पर पहुंचने में 125 दिन लगेंगे।' इसरो की वेबसाइट के मुताबिक आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान को सूर्य के परिमंडल के दूरस्थ अवलोकन और एल-1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा का वास्तविक अध्ययन करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यह सूर्य के अध्ययन के लिए भारत का पहला समर्पित मिशन है।

भारत के इस मिशन पर दुनियाभर के वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि सौर मिशन आदित्य एल-1 के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद सूर्य के अतीत, वर्तमान और भविष्य के बारे में नई जानकारी मिल सकेगी। आने वाले दशकों और सदियों में पृथ्वी पर संभावित जलवायु परिवर्तन को समझने के लिए यह आंकड़े महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।



क्यों है सूर्य का अध्ययन करना जरूरी

इसरो ने बताया कि आकाश गंगा में मौजूद विभिन्न तारों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए सूर्य का अध्ययन जरूरी है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि सूर्य सबसे नजदीक का ग्रह है, इसलिए अन्य तारों की तुलना में सूर्य का अध्ययन अधिक विस्तार से किया जा सकता है। इसरो ने कहा, सूर्य का अध्ययन करके हम आने वाले दिनों में आकाश गंगा में मौजूद विभिन्न ग्रहों के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं। जांच एजेंसी ने कहा, सूर्य बहुत ही सक्रिय ग्रह है और हम जितना देखते हैं, उससे बहुत फैला हुआ (बड़ा) है। इससे कई विस्फोट हुए हैं और इसने सौर्य प्रणाली में प्रचूर मात्रा में ऊर्जा जारी किया है। अगर इस तरह की विस्फोटक वस्तुए सीधा धरती की ओर आती है, तो पर्यावरण के लिए विभिन्न तरह की अशांति का कारण बन सकती है।

मुख्यमंत्री को ईडी ने भेजा तीसरा समन

14 और 24 अगस्त के समन पर उपस्थित नहीं हुए थे सीएम हेमंत

हेमंत सोरेन की याचिका पर ईडी को अब तक नहीं हुआ है नोटिस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रांची जमीन घोटाले में तीसरा समन हो गया है। ईडी के रांची जोनल आफिस में उन्हें अब 9 सितंबर की सुबह 11 बजे उपस्थित होने को कहा गया है। मुख्यमंत्री को इससे पहले 14 व 24 अगस्त को उपस्थिति का समन ईडी ने भेजा था। लेकिन दोनों ही समन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित नहीं हुए थे। उन्होंने ईडी के समन को अवैध बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली है। इस याचिका पर फिलहाल कोर्ट में कोई फैसला नहीं आया है।

वहीं ईडी को भी इस मामले में अबतक सुप्रीम कोर्ट से कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में डुमरी उपचुनाव की काउंटिंग के बाद की तारीख पर ईडी ने समन दी है।

सूत्रों के मुताबिक, तीसरे समन पर उपस्थिति दर्ज नहीं कराने पर ईडी इस मामले में आगे की कार्रवाई कर सकती है। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले से ही मुख्यमंत्री को इस मामले में राहत मिल सकती है।

रांची जमीन घोटाले में राजस्व कर्मी के घर से मिले दस्तावेजों के आधार पर हुआ है नया ईसीआईआर

13 अप्रैल को बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद के यहां ईडी ने छापेमारी की थी। तब अंचल के रजिस्टर 2 समेत कई डीड बरामद किए गए थे। इस मामले में बड़गाईं सीओ मनोज कुमार के द्वारा सदर थाने में एफआईआर दर्ज करायी गई थी। जिसके आधार पर ईडी ने जमीन घोटाले में नया ईसीआईआर दर्ज किया था। ईडी ने भानू के मोबाइल से भी कई प्रभावशाली लोगों के जमीन के दस्तावेज बरामद किए थे। सूत्रों के मुताबिक, भानू की मोबाइल से ही एक जमीन के दस्तावेज ईडी को मिले थे। जिसके आधार पर ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन किया है। ईडी ने जांच पड़ताल के बाद पहला समन 14 अगस्त को भेजा था। इससे पहले 17 नवंबर 2022 को ईडी ने अवैध खनन केस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लंबी पूछताछ की थी।

विष्णु अग्रवाल की 161.64 करोड़ की अचल संपत्ति ईडी ने की जब्त

चेशायर होम रोड, पुगड और सिरमटोली की जमीन हुई जब्त

भू-राजस्व विभाग के अफसरों की मिलीभगत से किया गया था अवैध कब्जा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची में जमीन घोटाले की जांच कर रही ईडी ने शुक्रवार को 161.64 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है। जब्त सारी जमीनें कारोबारी विष्णु अग्रवाल से जुड़ी हैं। विष्णु अग्रवाल के द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीदी गई चेशायर होम रोड की जमीन, सिमरटोली में सेना के द्वारा अधिगृहित 5.83 एकड़ जमीन व पुगडू मौजा की 9.30 एकड़ जमीन शामिल है। इन तीनों जमीन का बाजार मूल्य ईडी ने 161.64 करोड़ माना है। ईडी ने रांची में हुए जमीन घोटाले में अबतक कुल 236 करोड़ के बाजार मूल्य की जमीन जब्त की है। पूर्व में करमटोली स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन व पुंदाग मौजा की 74.39 करोड़ की जमीन भी ईडी ने अस्थायी तौर पर जब्त किया था। ईडी ने इस मामले में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि जमीन माफियाओं ने भू राजस्व विभाग के अफसरों व सरकारी कर्मियों की मदद से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन को बेच दिया था। ईडी ने झारखंड व बंगाल पुलिस के द्वारा दर्ज कई कांडों के आधार पर प्रदीप बागची, विष्णु अग्रवाल, भानु प्रताप प्रसाद समेत अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी।

अबतक 14 आरोपी हैं सलाखों के पीछे : जमीन घोटाले की जांच के बाद अबतक कुल 14 की गिरफ्तारी हुई है। सत्ता के गलियारों में चर्चित बड़े कारोबारी अमित अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश, पूर्व डीसी छवि रंजन के अलावे प्रदीप बागची, फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाला अफसर अली व उसके गिरोह के सद्दाम हुसैन, इम्तियाज अहमद, तलहा खान, फैयाज खान, तत्कालीन राज्स्व उप निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद, दिलीप कुमार घोष, राजेश राय, भरत प्रसाद इस केस में जेल में हैं।

ईडी कोर्ट में डीसी छवि रंजन सहित दस के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

जमीन की अवैध खरीद मामले में ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, प्रेमप्रकाश सहित दस आरोपितों के खिलाफ शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल किया गया। आरोपितों में राजेश राय, भरत प्रसाद, इम्तियाज अहमद, अफसर अली, मोहम्मद सद्दाम, लखन सिंह, प्रवीण भार्गव भी हैं। उल्लेखनीय है कि ईडी ने विष्णु अग्रवाल को पूछताछ के बाद बीते 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था जबकि पूर्व डीसी छवि रंजन को चार मई और अन्य लोगों को बीते 14 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। ईडी की जांच में पता चला था कि राजेश राय एवं भारत प्रसाद ने गलत तरीके से चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन पर कब्जा किया था। उक्त जमीन का खाता नंबर 37, प्लॉट नंबर 28 है।

ओरमांझी में हुए तिहरे हत्याकांड में नौ गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ओरमांझी थाना क्षेत्र के गुंजा गांव के झांझी टोला में गुरुवार को हुए तिहरे हत्याकांड मामले में नौ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। मारपीट की घटना का बदला लेने के लिये तीन लोगों की हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। गिरफ्तार आरोपितों में सहजनाथ बेदिया, सहजनाथ बेदिया की पत्नी राजो देवी और बेटा हेमंत बेदिया, संजीत बेदिया, रंजीत बेदिया, महेन्द्र बेदिया, पंचित बेदिया, सुकरा मुंडा और कामेश्वर बेदिया शामिल हैं। सभी आरोपित ओरमांझी थाना क्षेत्र के देवनजड़ा के रहने वाले हैं। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में शामिल दबली, कुदाल और चापड़ बरामद किया गया है। मामले को लेकर ग्रामीण एसपी हारिश बिन जमा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दो सप्ताह पहले मृतक झामेश्वर बेदिया का सुअर सहजनाथ बेदिया और उसके पड़ोसियों के खेतों में जाकर धान की फसल बर्बाद कर दिया था। इस बात को लेकर झामेश्वर बेदिया का आरोपित के साथ लड़ाई-झगडा हुआ था।

लातेहार में झारखंड लाल टाइगर के पांच आरोपी गिरफ्तार

लातेहार। पुलिस ने झारखंड लाल टाइगर उग्रवादी संगठन के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देसी बंदूक समेत अन्य सामग्री बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपितों में लातेहार के अम्बाझारन गांव निवासी चंदन कुमार यादव, टेमकी निवासी दीपेंद्र यादव और उमेश यादव, बालूमाथ लेजांग निवासी दिलीप यादव तथा बालू गांव निवासी गुड्डू उरांव शामिल हैं। एसपी अंजनी अंजन ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों गत 21 अगस्त की रात सदर थाना क्षेत्र के तुबेद गांव में डीवीसी के कोलियरी में हमला कर सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट की थी और कांटा घर में आग लगा दी थी। एसपी ने बताया कि आरोपितों ने झारखंड लाल टाइगर नाम का एक संगठन बनाया है, जिसके नाम पर दहशत कायम कर लेवी वसूलना इनका मकसद था। लातेहार डीएसपी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर आरोपितों को गिरफ्तार किया।

चारा घोटाला मामले में 35 दोषियों को सजा

सबसे कम 75 हजार और सबसे अधिक एक करोड़ का जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता। रांची

चारा घोटाले के 27 साल पुराने और अंतिम मामले (कांड संख्या आरसी 48 ए/96) में शुक्रवार को 35 दोषियों को सजा सुनाई गयी। सभी को अधिकतम चार-चार साल की सजा और सबसे कम 75 हजार तथा सबसे अधिक एक करोड़ का जुर्माना लगाया गया। एक करोड़ का जुर्माना जिला पशुपालन पदाधिकारी गौरी शंकर प्रसाद पर लगा है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने यह फैसला सुनाया। मामले में विशेष लोग अभियोजक रविशंकर ने सीबीआई की ओर से पैरवी की। यह मामला डोरंडा कोषागार से 36.59 करोड़ के अवैध निकासी से जुड़ा हुआ है। इसके पहले 28 अगस्त को इस मामले में सुनवाई हुई थी। मामले में 124 आरोपित ट्रायल फेस कर रहे थे। इनमें से 35 आरोपियों को रिहा कर दिया गया था जबकि 53 दोषियों को दो से तीन साल की सजा सुनाई गयी थी। निचली अदालत ने उन्हें बेल दे दिया था।

इन 35 दोषियों को मिली सजा

पब्लिक सर्वेंट नियानंद कुमार सिंह को चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, डॉ जुनुल भेंगराज को चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, डॉ कृष्ण मोहन प्रसाद चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, डॉ राधा रमण सहाय को चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, डॉ गौरी शंकर प्रसाद को चार साल की सजा और एक करोड़ का जुर्माना, डॉ रविन्द्र कुमार सिंह को चार साल की सजा और 75 हजार का जुर्माना, डॉ फणीन्द्र कुमार त्रिपाठी को चार साल की सजा और 75 हजार का जुर्माना, महेन्द्र प्रसाद को चार साल की सजा और तीन लाख का जुर्माना, देवेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव को चार साल की सजा और तीन लाख का जुर्माना, अशोक कुमार यादव को चार साल की सजा और चार लाख 40 हजार का जुर्माना, रामनंदन सिंह को चार साल की सजा और 16 लाख का जुर्माना, बिजेश्वरी प्रसाद सिन्हा को चार साल की सजा और 36 लाख 10 हजार का जुर्माना, अजय कुमार सिन्हा को चार साल की सजा और 13 लाख पांच हजार का जुर्माना, राजन मेहता को चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, रवि नंदन कुमार सिन्हा को चार साल की सजा और 10 लाख का जुर्माना, राजेन्द्र कुमार हरित को चार साल की सजा और 10 लाख का जुर्माना, अनिल कुमार को चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, त्रिपाठी मोहन प्रसाद को चार साल की सजा और 30 लाख का जुर्माना, दयानंद प्रसाद कश्यप को चार साल की सजा और 30 लाख का जुर्माना, शरद कुमार को चार साल की सजा और 40 लाख 40 हजार का जुर्माना, मो सईद को चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना, मो तौहिद को चार साल की सजा और पांच लाख जुर्माना, संजय कुमार को चार साल की सजा और पांच लाख 20 हजार का जुर्माना, रामा शंकर सिंह को चार साल की सजा और दस लाख का जुर्माना, उमेश दूबे को चार साल की सजा और 11 लाख का जुर्माना, अरुण कुमार वर्मा को चार साल की सजा और 10 लाख का जुर्माना, अजीत कुमार वर्मा को चार साल की सजा और 24 लाख 50 हजार का जुर्माना, सुशील कुमार सिन्हा को चार साल की सजा और 12 लाख का जुर्माना, जगमोहन लाल कक्कड़ को चार साल की सजा और चार लाख 40 हजार का जुर्माना, श्याम नंदन सिन्हा को चार साल की सजा और पांच लाख 50 हजार का जुर्माना, मोहिन्द्र सिंह बेदी को चार साल की सजा और 25 लाख का जुर्माना, प्रदीप कुमार चौधरी को चार साल की सजा और तीन लाख 80 हजार का जुर्माना, सत्येन्द्र कुमार मेहरा को चार साल की सजा और 16 लाख का जुर्माना, मदन मोहन पाठक को चार साल की सजा और चार साल की सजा, प्रदीप वशिष्ठ उर्फ प्रदीप कुमार को चार साल की सजा और छह लाख का जुर्माना लगाया गया है। एक आरोपित सुरेश दूबे फरार है।

इंडिया एलायंस की बैठक में 28 दलों के साथ लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव मंजूर

जल्द होगी सीट शेयरिंग की घोषणा

14 नेताओं की बनी समन्वय समिति

एजेंसी। मुंबई/ नई दिल्ली

देश के 26 विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलाएंस(इंडिया) ने मुंबई में दो दिन से चल रही बैठक के आज अंतिम दिन 14 सदस्यीय समन्वय एवं चुनाव रणनीति समिति, 19 सदस्यीय प्रचार समिति के साथ ही मीडिया तथा सोशल मीडिया के लिए समितियों का गठन किया। इंडिया गठबंधन ने समन्वय एवं चुनाव रणनीति समिति में जिन 14 सदस्यों को शामिल किया गया है उनमें कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(राकांपा) के शरद पवार, द्रविण मुन्नेत्र कषगम के टी आर बालू, झारखंड मुक्ति मोर्चा(झामुमो) के हेमंत सोरेन, शिव सेना के संजय राउत, राष्ट्रीय जनता दल(राजद) के तेजस्वी यादव, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, आम आदमी पार्टी(आप) के राघव चड्ढा, समाजवादी पार्टी (सपा)के जावेद अली खान, जनता दल यू के लल्लन सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी(भाकपा) के डी राजा, नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी)की मेहबूबा मुफ्ती शामिल हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा)ने अब तक अपने सदस्य का नाम नहीं दिया है। प्रचार समिति में कांग्रेस के गुरदीप सिंह सप्पल, जनता दल यू के संजय झा, शिव सेना के अनिल देसाई, राजद के संजय यादव, राकांपा के पी सी चाको, झामुमो के चंपई सोरेन, समाजवादी पार्टी के किरनमोय नंदा, आपके संजय सिंह, माकपा के अरुण कुमार, भाकपा के बिनाय विश्वम, नेशनल कांफ्रेंस के सेवानिवृत न्यायाधीश हसनैन मसूदी, आरएलडी के शाहिद सिद्दीकी, आएसपी के एन के प्रेमचंद्रन, एआईएफबी के जी देवराजन, भाकपा एमएल के रवि राय, सीसीके के तिरुमल्लवन, आईयूएमएल के के एम कादर मोइद्दीन, केरला कांग्रेस एम के जोस के मणि शामिल हैं। इस समिति के लिए तृणमूल कांग्रेस ने अभी नाम नहीं दिया है। मीडिया के लिए बनी कार्यकारी समिति में कांग्रेस के जयराम रमेश, राजद के मनोज झा, शिव सेना के अरविंद सावंत, राकांपा के जितेंद्र अहवद, आप के राघव चड्ढा, जद यू राजीव रंजन, माकपा के प्रांजल, सपा के आशिश यादव, झामुमो की सुप्रिया भट्टाचार्य तथा आलोक कुमार, जनता दल यू के मनीष कुमार, सपा के राजीव निगम, भाकपा के भालचंद्रन कांगो, नेशनल कांफ्रेंस के तनवीर सादिक, प्रशांत कनोजिया, एआईएफबी के नरेंद्र चंटर्जी, भाकपा एमएल की सुचेता दे, पीडीपी के मोहित भान हैं। तृणमूल कांग्रेस से अभी नाम आया है। गठबंधन ने शोध कार्य के लिए भी रिसर्च ग्रुप बनाया है और इसमें कांग्रेस के अमिताभ दुबे, राजद के सुबोध मेहता, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी, जद-यू के केसी त्यागी, झामुमो के सुदिव्य कुमार सोनू ,आप की जसमीन शाह, सपा के आलोक रंजन, नेशनल कांफ्रेंस के इमरान नबी दर तथा पीडीपी के के एडवोकेट आदित्य शामिल हैं। तृणमूल कांग्रेस से अभी नाम नहीं आया है।

INDIA MEE
31st August to 1st ... bai

एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2023

भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला आज

एजेंसी। पल्लेकेले

पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच आज (शनिवार)को टक्कर होगी। इससे पहले यहां श्रीलंका-बांग्लादेश के बीच में मैच खेला गया, जहां गेंदबाजों को काफी मदद मिली। भारत और पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मुकाबले का इंतजार पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस कर रहे हैं। एक तरफ पाकिस्तान है जो नेपाल को हरा चुकी है। वहीं, टीम इंडिया की नजर एशिया कप अभियान की शुरूआत जीत के साथ करने पर है। हालांकि, यह मुकाबाल दोनों टीमों के लिए आसान नहीं होने वाला है क्योंकि दोनों टीमों में कई बड़े खिलाड़ी शामिल हैं। टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाजों का सामना पाकिस्तान की खतरनाक गेंदबाजी से है।

PAKISTA
INDIA

एक तरफ शाहीन अफरीदी-हारिस रऊफ हैं, तो दूसरी तरफ भारत के पास विराट कोहली-रोहित शर्मा और शुभमन गिल जैसे बल्लेबाज हैं जो किसी भी बॉलिंग अटैक की लाइन-लेंथ बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। रोहित ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने जिस तरह से श्रीलंका-बांग्लादेश के मैच के दौरान पिच देखी, उसे देखते हुए सभी प्रकार के संयोजन करेंगे।

तोरपा के नौ और खूंटी के तीन मतदान केंद्रों को बदलने पर सहमति

खूंटी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में एनआईसी सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव और एसएसआर के तहत जर्जर और ध्वस्त भवनों में स्थित मतदान केंद्रों को बदलने के लिए जिला स्तर पर राजनीतिक दलों की सहमति और अन्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में 59 तोरपा (अजजा) के नौ मतदान केंद्रों और 60 खूंटी (अजजा) के तीन मतदान केन्द्र के भवन जर्जर-ध्वस्त होने के कारण इन्हें बदलने के प्रस्ताव पर सहमति दी गई। सर्वसम्मति से हाउस टू हाउस सर्वे में सहयोग का अनुरोध किया। उपायुक्त ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति वे अपने स्तर से सुनिश्चित करें।

‘प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आंगनवाड़ी केन्द्रों को राष्ट्रीयकरण कर केंद्रीय वेतनमान देने की अपील की’

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड भाजपा किसान मोर्चा के नेता सह आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका संघ झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर संपूर्ण राष्ट्र के आंगनवाड़ी सेविका/ सहायिका को राष्ट्रीयकरण कर केंद्रीय वेतनमान देने की गुहार लगाई है ताकि संपूर्ण भारत में लगभग आजादी के बाद से ही शोषित, पीड़ित और दुखों का पहाड़ झेल रही सेविकावो/सहायिका महिलाओं संपूर्ण लाभ मिल सके तथा प्रधानमंत्री के सोच के अनुरूप पंचायत स्तर पर भारत सरकार का एक सशक्त पुल तैयार हो सके तथा कोर्ट के अनुरूप उन्हें केंद्रीय वेतनमान और अन्य सुविधाओं की लाभ मिल सके और नारी सशक्तिकरण और प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के लाभ के साथ ये महिलाएं सशक्त राष्ट्र और

गरीब और शोषित ,पीड़ित महिला आंगनवाड़ी कर्मचारियों के कष्ट के जीवन से मुक्त होकर सम्मान पूर्ण जीवन जीने का अवसर मिल सके और उनका जीवन सही रूप से बित सके

विकसित राष्ट्र के निर्माण में सेविकाओं/सहायिका का संपूर्ण योगदान हो सके क्यों की झारखंड सहित समूर्ण राष्ट्र में केंद्रांश की अनुदान राशि भी लगभग 08 माह से भुगतान नहीं हुआ है जिसके कारण गर्भवती, धात्री और बच्चों को कुपोषण से मुक्ति में लगी महिला कर्मचारियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना और महिला एवम बच्चों के सशक्तिकरण और विकसित भारत के निर्माण के लिए मजबूत मानव संसाधन तैयार करने में बाधा उत्पन्न हो रही है जिसके कारण मानव विकास बाधित हो रहा है,आपके सोच के अनुरूप मानव संसाधन और कुपोषण मुक्त भारत के अभियान के लिए संपूर्ण राष्ट्र के आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका का अधिग्रहण और केंद्रीय वेतनमान ही विकल्प है क्यों की राज्य सरकारें भी इन शोषित और पीड़ित महिला कर्मचारियों का भरपूर शोषण कर रही है और समय पर मकान माकन भाड़ा, पोषाहार राशि, मोबाइल, मोबाइल रिचार्ज और मानदेय का भुगतान भी समय पर नहीं कर रही है जिसके कारण सभी महिला सेविका/सहायिका की आश यशश्वी पीएम नरेंद्र मोदी जी पर लगी हुई है कि काश एक नजर यदि उनकी पड़ जाए तो गरीब और शोषित ,पीड़ित महिला आंगनवाड़ी कर्मचारियों के कष्ट के जीवन से मुक्त होकर सम्मान पूर्ण जीवन जीने का अवसर मिल सके, अब प्रधानमंत्री गति शक्ति अभियान और महिला सशक्ति करण अभियान को शक्तिशाली, सबल और विकसित मानवसंसाधन के मजबूत पिलर तैयार करने वाले महिला आंगनवाड़ी सेविका / सहायिका को शोषण से मुक्ति के लिए उन्हें केंद्रीय वेतनमान और राष्ट्रीय करण ही विकल्प है तभी हम एक मजबूत बचपन और मानव संसाधन तैयार कर भारत को विकसित राष्ट्र के श्रेणी में खड़ा करने में कामयाब होंगे और नारी शक्ति का सम्मान भी मिल सकेगा। सभी महिला सेविका/सहायिका महिलाओ ने 2024 चुनाव में भजपा को संपूर्ण शक्ति प्रदान करने का संकल्प दुहराया है ताकि सशक्त राष्ट्र के निर्माण में हम कामयाब हो सके।

घर के पास खड़ी हाइवा से बैटरी चोरी

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के लोहरदगा रोड निवासी दिलीप कुमार के हाइवा से विगत गुरुवार की रात चोरों ने दो बैटरी व लाइट की चोरी कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगी दिलीप कुमार ने बेड़ों थाना में आवेदन देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भुक्तभोगी ने बताया कि हाइवा घर के पास खड़ी थी। इसी बीच मध्य रात्रि को चोरों ने हाइवा से दो बैटरी व गाड़ी की लाइट को निकाल कर फरार हो गये। सुबह उठा तो देखा हाइवा से बैटरी गायब है। इधर उधर खोजबीन की लेकिन कहीं नही मिला। दिलीप ने बताया कि इससे पहले भी कई बार चोरों ने हाइवा से तेल आदि समान की चोरी कर चुके है। वही दिलीप कुमार ने पुलिस प्रशासन से चोरों को धर पकड़ने की गुहार लगायी है। पुलिस भुक्तभोगी को इस संबंध में कहा कि चोरी की बैट्री खोज निकालेंगे और इसकी खोज में पुलिस अपने स्तर से जुट गयी है। चोरी करने वाले गिरोह का शीघ्र पता चल जायेगा और उसपर कार्रवाई की जायेगी।

डुमरी की जनता ने परिवर्तन का मन बनाया : बाबूलाल

रांची। डुमरी उप चुनाव में एनडीए का प्रचार अभियान जोर-शोर से चल रहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा को बीच में रोककर प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। सभी छह मंडलों में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद अब गांव-गांव संपर्क अभियान पर पार्टी ने जोर लगाया है। बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को ससारखों मंडल के दर्जनों गांवों का दौरा कर लोगों से एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मरांडी ने अपने संबोधनों में बार-बार पहले मतदान फिर जलपान का अनुरोध किया। मरांडी ने संपर्क अभियान की शुरूआत खरको मोड़ पर स्थापित झारखंड के अमर शहीद सिदो कान्हो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। जनसंपर्क अभियान में मरांडी ने जरीडीह, बाराडीह, खकसावा, करमा, बहियार, बरवाडीह सहित दर्जनों गांवों में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से जनता का आक्रोश हेमंत सरकार के खिलाफ झलक रहा उससे स्पष्ट हो गया है कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने हेमंत सरकार को सबक सिखाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि जनता आखिर झामुमो प्रत्याशी को क्यों वोट करे। हेमंत सोरेन की सरकार पैसे और परिवार के लिए सत्ता में बने रहना चाहती है। उसे राज्य की गरीब जनता, बेरोजगारों, किसानों, बहन- बेटियों, आदिवासी दलित और पिछड़े किसी की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी आंदोलन को बेचने का इनका पुराना इतिहास है।

ललितग्राम से युवक लापता,पत्नी ने अपहरण की जताई आशंका

रातू। थाना क्षेत्र के ललितग्राम निवासी साधना पाठक ने शुक्रवार को अपने पति की अपहरण की आशंका जताते रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पत्नी ने ललित ग्राम के ही रहने वाले एक व्यक्ति सोमनाथ पांडेय पर अपहरण का आरोप लगाई है। नवीन ने गुरुवार को पत्नी को बताया था कि सोमनाथ पांडेय के साथ उसका व्यवसाय है। वह रुपये लेने लिए उसका घर जा रहा है। उसके बाद से वह घर वापस नही लौटा। नवीन के घर वापस नही लौटने पर पत्नी ने अपने भाई आलोक पाठक व विशाल पाठक को ढूढने आरोपी के घर भेजा जहां से नवीन का कार मिला। मोबाईल भी कार में ही था। काफी खोजबीन करने के बाद भी नवीन का कुछ पता नही चल पाया। इसके उपरान्त पत्नी साधना पाठक ने रातु थाने में सोमनाथ पांडेय के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस आईपीसी की धारा 365 के तहत कांड संख्या 351/23 दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपी सोमनाथ पांडेय को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक कल

सिल्ली। प्रखंड अंतर्गत रविवार 3 अगस्त को 11 बजे प्रखंड कांग्रेस कमेटी, महिला कमेटी, मंडल कमेटी, युवा कमेटी, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सभी संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक सोनाली मैरिज हॉल में रखी गई है। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि भाग लेंगे। अतः सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी के साथ प्रखंड के सभी सहनमा संगठनों से कांग्रेस पार्टी के राजकुमार महतो ने विशेष आग्रह किया है कि इस महत्वपूर्ण बैठक में समय पर उपस्थित रहे ताकि बैठक में जिन बातों पर चर्चा हो उसकी जानकारी सभी को मिल सके।

शिक्षक सम्मान समारोह 6 सितंबर को

सिल्ली। गूंज परिवार सिल्ली के तत्वावधान में आगामी 6 सितंबर को सिल्ली स्टेडियम परिसर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में सिल्ली विधानसभा के सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालयों के शिक्षक एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। पुर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। गूंज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए सभी शिक्षकों को पुर्वाह्न 11 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया है।

पुत्र ने टांगी के बेंत से मारकर पिता की कर दी हत्या

मांडर। मांडर के पुनगी नयाटोली में तीन पत्नियों के शराबी पति के पुत्र ने ही तंग आकर बैठ टांगी के बेंट से मारकर हत्या कर दी। ग्रामीणों के अनुसार घटना शुक्रवार दोपहर लगभग दो बजे की बताई जा रही है। मृतक एतवा उरांव की पत्नी अंगनी उरांव के अनुसार उसके पति ने तीन शादियां की थी उसके अलावे अन्य दो पत्नियां चिंता उरांव तथा सुमारी उरांव उसके शराब पीकर मारपीट करने से तंग आकर अपने बच्चों को लेकर अपने मायके में रहने चली गई थीं। अंगनी अपने दो बच्चों के कारण मजबूरी में आये दिन शराबी पति की प्रताड़ना सहती आ रही थी। दोपहर में एतवा पुनः शराब के नशे में तलवार लेकर अपने बीबी बच्चों को काटने के लिए इधर उधर दौड़ा रहा था इसी दौरान उसके आशीष उरांव ने टाँगी के बेंट से पिता के सर पर वार कर दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मांडर पुलिस को खबर मिलते ही थाना प्रभारी विनय कुमार यादव व एसआई प्रदीप चौबे दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच मामले की पूरी जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स राँची भेज दिया है और आशीष उरांव को अपने संरक्षण में ले लिया है।

मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक

बेहतर सुझाव से राज्य निर्वाचन आयोग को कराया जाएगा अवगत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

समाहरणालय सभागार
रांची

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राशनालाइजेशन पुलिंग स्टेशन को लेकर बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में जिला अंतर्गत सभी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों के रैशनलाइजेशन, नाम परिवर्तन, मतदान केंद्र भवन/स्थल परिवर्तन को लेकर विचार विमर्श करते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव आमंत्रित किये गए। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सुझाव से राज्य निर्वाचन आयोग को अवगत कराया जाएगा। बैठक में विधानसभा क्षेत्र 58-तमाड़, 61-सिल्ली, 62-खिजरी, 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके और 66-मांडर में मतदान केंद्रों के रैशनलाइजेशन, मतदान केंद्र के नाम परिवर्तन, मतदान केंद्र भवन/स्थल परिवर्तन को लेकर विचार विमर्श किया गया।

मजलिस ए सूरा की अहम बैठक कल, कई प्रस्तावों पर होगा निर्णय



नवीन मेल संवाददाता। मांडर

शुक्रवार को जुम्मा नमाज के बाद मांडर मजलिस ए सूरा की एक अहम बैठक रखी गई। बैठक उप प्रमुख अमानत अंसारी की सदारत में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आने वाले 3 सितंबर दिन रविवार को कमेटी की गठन को लेकर रखी गयी है। जिसमें अंजुमन के नियम व कानून का प्रस्ताव ला कर सहमति ली जाएगी। मौके पर कारी मोइन, जाहिर खान, मोहम्मद खालिद, तबारक खान, माशूक अली, जुल्फान अंसारी, शमीम अख्तर, अनवर अंसारी, मोहम्मद रकीब, जमील अख्तर, हातिम अंसारी, अतहर अंसारी, आलमगिर आलम, मुस्लिम अंसारी, जमील अंसारी, एहसान अंसारी, इस्तियाक अंसारी, इमरान अंसारी, अली अंसारी, नसीम अंसारी,सजिब अंसारी,इमरान अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

राशन वितरण में सुधार नहीं तो होगा आंदोलन : गंगोत्री

नवीन मेल संवाददातपा। बेड़ो

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडर के पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने शुक्रवार को ज़िला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलूंग से उनके कार्यालय में मिली। इस दौरान उन्होंने अगस्त माह के खाद्यान आवंटन को लेकर वार्ता किए। उन्होंने आकाल और त्योहारों के बीच में क्षेत्र के डीलरों द्वारा अंगुठा लगाने के बावजूद गरीबों के बीच आधा खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है और लाभुकों द्वारा डीलर से पुछने पर बातया जाता है कि ऊपर से ही कम खाद्यान्न का आपूर्ति किया गया है। उन्होंने कहा केंद्र सरकार द्वारा खाद्यान्न आपूर्ति आवंटन करने के बावजूद क्षेत्र के लाभुकों तक सुचारू रूप से खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन के लिए वे बाध्य होंगे। इस पर जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि अगस्त माह का खाद्यान्न को सितंबर माह में वितरण किया जाएगा। वही जो डीलर गलत करते पाये जाने पर उनके उपर कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर बेड़ो मंडल महामंत्री बलराम सिंह, अभिषेक कुमार मौजूद थे।

टीम राजकुमार के 17 लोगों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

खूंटी। खूंटी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के चुनाव को लेकर टीम राजकुमार से 17 सदस्यों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सभी प्रत्याशियों ने चुनाव प्रभारी निरंजन के पास पर्चा जमा किया। अरुण साबू ने कहा कि सरकार और विभाग से व्यवसायियों को हक दिलाना और उनका शोषण रोकना ही टीम राज कुमार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम हमेशा व्यापारियों के हित में आवाज बुलंद करेगा, जो होता है उसे रोकना व्यापारी को उनका स्थान दिलाना ही प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि 21 चैंबर की 21 सदस्यों की टीम होगी। सबसे अधिक वोट लानावाला अध्यक्ष चुना जाएगा, वहीं अध्यक्ष होगा।

चाइल्ड प्रोनोंग्राफी केस- सीआईडी साइबर थाने में एफआइआर दर्ज

रांची। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए चाइल्ड पोर्नोग्राफी की प्रारंभिक सीआईडी जांच में आए तथ्यों के बाद सीआईडी साइबर थाने सेल थाने में केस दर्ज कर ली गई है। सीआईडी साइबर क्राइम थाने में यूपीआई नंबर 9341466767 के धारण के साथ साथ छह टेलीग्राम लिंक संचालकों व मोबाइल नंबर 8287527671 व 8377892324 पर केस दर्ज की है। टेलीग्राम एप के जरिए कई ग्रुप्स बनाकर चाइल्स पोर्न कंटेट परोसे जाने का मामला इसी हफ्ते सामने आया था। रांची के बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ कुमार ने स्वयं पूरे मामले में स्टिंग कर इसका खुलासा किया था, इसके बाद इस मामले की जानकारी सीआईडी डीजी व सीआईडी के साइबर क्राइम थाने को दी। लिखित शिकायत दर्ज किए जाने के बाद सीआईडी ने पूरे मामले की जांच करायी। इसके बाद थाने में एफआईआर दर्ज की गई। चाइल्ड पोर्नोग्राफी परोसने के मामले में दिल्ली के सूर्या नाम के व्यक्ति की संलिप्तता बतायी जा रही है। वहीं उसके दो मोबाइल नंबर भी चिन्हित किए गए हैं।

कैसे सामने आया मामला : चाइल्ड राइट फाउंडेशन के सचिव बैद्यनाथ कुमार ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि टेलीग्राम चैनल के जरिए चाइल्स पोर्न वीडियो एवं स्काट सर्विस के नाम से ओपन ग्रुप संचालित है। इस ग्रुप में कोई भी सदस्य बन सकता है। बैद्यनाथ कुमार ने बताया कि 28 अगस्त की सुबह 10.41 बजे उन्हें टेलीग्राम के इसी ओपन ग्रुप में मैसेज आया कि चाइल्ड सेक्स पोर्नोग्राफी वीडियोज चाहिए क्या। जवाब में हां लिखने पर एक लिंक दिया गया। जिसमें डेमो वीडियो आया, इसके बाद 220 रुपये में 8000 से ज्यादा वीडियोज देने की बात कही गई। बैद्यनाथ कुमार ने बताया कि दिए गए यूपीआई पर संस्था के चंदन कुमार ने पैसे डाले, जिसके बाद छह लिंक भेजे गए।

सभी छह लिंक व कई मोबाइल नंबर जांच के दायरे में : बैद्यनाथ कुमार के द्वारा सभी छह लिंक व मोबाइल नंबर सीआईडी को सौंपे गए थे। सीआईडी एफआईआर दर्ज कर अब पूरे मामले की जांच में जूटी है। सूर्या भाई नाम के व्यक्ति का मोबाइल नंबर 8287527671 व 8377892324 के जरिए टेलीग्राम एप चलाने की जानकारी मिली है। इस मामले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग को भी पत्राचार किया गया था।

हौसला सांसद संजय सेठ की पहल पर तीरंदाज दीप्ति को मिला 5 लाख का धनुष

दीप्ति ने कहा : सांसद ने उन्हें रक्षाबंधन का दिया उपहार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कभी राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी में अपनी गहरी छाप छोड़ने वाली दीप्ति कुमारी को अंततः शुक्रवार को सांसद संजय सेठ की पहल पर 5 लाख का धनुष मिल गया। लगभग एक वर्ष पूर्व तीरंदाजी के एक अभ्यास के क्रम में दीप्ति का धनुष टूट गया था। दीप्ति का वह धनुष इनकी मां ने 7 लाख रूपए कर्ज लेकर खरीदा था। आर्थिक अभाव को देखते हुए दीप्ति ने अरगोड़ा चौक पर चाय बेचना शुरू किया। अपनी पूरी समस्या को दीप्ति ने सांसद श्री संजय सेठ से मिलकर बताया। सांसद ने इस पर गंभीरता पूर्वक पहल की और केंद्रीय कोयला मंत्री श्री प्रहलाद जोशी जी से बात की। सांसद ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया की बिटिया को धनुष दिया जाए ताकि राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिटिया और बेहतर तरीके से अपना प्रदर्शन कर सके। इससे पूर्व दीप्ति ने राष्ट्रीय स्तर पर 12 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते। वर्तमान समय में दीप्ति तीरंदाजी का अभ्यास भी कर रही है। धनुष के अभाव में दीप्ति का अभ्यास बहुत बुरी तरह से प्रभावित हुआ। सांसद की पहल पर सीसीएल ने अपने सीएसआर मद से दीप्ति को 5 लाख की कीमत का धनुष प्रदान किया। आज वह धनुष सांसद श्री सेठ ने दीप्ति कुमारी को सौंपा। दीप्ति ने सांसद की तारीफ करते हुए कहा कि सांसद महोदय की तरफ से उन्हें रक्षाबंधन का उपहार मिल गया। उन्होंने सोचा भी नहीं था कि कोई आकर उन्हें 5 लाख रुपए का धनुष दिलवा देगा परंतु अब सांसद महोदय ने धनुष के साथ हौसला भी दिया है। एक बार फिर से वह तीरंदाजी के क्षेत्र में देश और दुनिया में झारखंड का नाम रोशन करेंगी। सांसद संजय सेठ ने कहा कि दीप्ति की प्रतिभा, पूर्व के प्रदर्शन और जरूरत को देखते हुए उन्होंने उसे 5 लाख का यह धनुष दिलवाया है। उन्हें विश्वास है कि तीरंदाजी के क्षेत्र में दीप्ति उम्दा प्रदर्शन करेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी खुद खेल और खिलाड़ियों को लेकर सदैव ही चिंतित रहते हैं। इनका प्रदर्शन बेहतर हो इसके लिए खुद से खिलाड़ियों से संवाद करते हैं। इनका हौसला बढ़ाते हैं। निश्चित रूप से दीप्ति भी तीरंदाजी के क्षेत्र का वह तीर बनेगी, जो हर बाधाओं को तोड़कर, झारखंड का नाम विश्व पटेल पर रोशन करेगी। सांसद में दीप्ति को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।

पुलिस के साथ की धक्का-मुक्की, आरोपी भेजा गया जेल

रांची। अरगोड़ा थाना की पुलिस ने एंटी क्राइम चेंकिंग के दौरान अभद्र व्यवहार व धक्का मुक्की करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम अतुल कुमार है और वह हरमू हाउसिंग कॉलोनी का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी वाहन चेकिंग के दौरान दारोगा अनिमेष के साथ उलझ गया और धक्का-मुक्की कर दी। साथ ही वर्दी उतरवाने की भी धमकी दी है।

स्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी ने मांगा समय

रांची। हेमंत सोरेन सरकार की झारखंड राज्य समन्वय समिति ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलने के लिए समय मांगा है। समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को शुक्रवार को इस संबंध में पत्र लिखकर कहा है कि समन्वय समिति का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलना चाहता है।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, कोडरमा

आवश्यक सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा थाना अन्तर्गत एक लापता बच्चा, जिसका हुलिया इस प्रकार है। उम्र–06 वर्ष, रंग–सांवला, यदि किसी को उक्त लापता भोला कुमार, के बारे में जानकारी मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित पता/मोबाईल नंबर पर दें।

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा :–9431706350, 06534–252868,
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा:–9431706351,
थाना प्रभारी कोडरमा :–7004072891,

पुलिस अधीक्षक,
कोडरमा।

PR.NO.305962 Police(23-24):D

NEWS इन ब्रीफ

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

रांची। बसंतराय थाना अंतर्गत पचुआकिता गौव में अपने नानी घर आए 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान डोय गांव निवासी सियाराम तांती के पुत्र अमित कुमार के रूप में की गई है। बसंतराय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया है। बताया जाता है कि अमित कुमार गुरुवार की रात खाना खाकर सोने चले गया। अमित कुमार जब शुक्रवार सुबह नहीं उठा तो परिजन उठाने गये तो देखा कि कपड़े के फंदे से झूलते हुए पाया। लोगों की माने तो आत्महत्या की वजह प्रेम प्रसंग है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

इग्नू के पाठ्यक्रमों में 10 तक नामांकन लेने का अवसर

रांची। नियमित पाठ्क्रमों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित लोगों के लिए इग्नू के नई शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 आधारित कार्यक्रमों में नामांकन लेने का मौका है। इग्नू ने ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और ऑनलाइन मोड के अपनी सभी कार्यक्रमों (सर्टिफिकेट प्रोग्राम को छोड़) के लिए नए प्रवेश व पुनःपंजीकरण की अंतिम तिथि 10 सितंबर तक बढ़ा दी है। इन पाठ्यक्रमों में नई शिक्षा नीति के तहत मल्टीपल एग्जिट और लेटरल एंट्री की सुविधा है। भारतीय ज्ञान प्रणाली पर एनईपी-2020 की सिफारिशों के तहत इग्नू ने संस्कृत, हिंदू अध्ययन, वैदिक अध्ययन,

इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश का मौका : बीएएएसके- बैचलर ऑफ आर्ट्स (एप्लाइड संस्कृत) कार्यक्रम अवधि- 3 वर्ष, पात्रता- 12वीं, पाठ्यक्रम शुल्क- 4500 रुपये प्रति वर्ष।

बीएएसकेएच- बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) संस्कृत, कार्यक्रम अवधि- 3 वर्ष, पात्रता- 12वीं, पाठ्यक्रम शुल्क- 4700 रुपये प्रति वर्ष। एमएसके- मास्टर ऑफ आर्ट्स (संस्कृत), कार्यक्रम अवधि- 2 वर्ष, पात्रता- स्नातक, पाठ्यक्रम शुल्क- 7000 रुपये प्रति वर्ष।

इटकी के कुरगी में पांच दिनी फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

इटकी। कुरगी खेल मैदान में शुक्रवार को अमर ज्योति क्लब द्वारा आयोजित पांच दिनी स्व. खद्दी उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य रीना देवी ने किया। उद्‌घाटन मैच फुटबॉल क्लब तिलकसूती और फुटबॉल क्लब पतराचौली के बीच खेला गया। टाईब्रेकर में तिलकसूती की टीम ने पतराचौली को एक गोल से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। इस टूर्नामेंट में 32 टीमें शामिल हुई थी। मौके पर संजय गोप, आलोज कुजूर और रोहित आदि मौजूद थे।

बुजुर्ग महिला की धारदार हथियार से हत्या

रांची। दशम फॉल थाना क्षेत्र के गभेड़या गांव के सरजमकैर टोला में मुगली देवी (50) की ल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर घटनास्थल पहुंची दशम फॉल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को रिम्स भेज दिया। हालांकि यह हत्या किस वजह से की गई है इसकी जानकारी नहीं मिली है।

श्री श्याम मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर सात सितम्बर को कार्यक्रम का आयोजन

मोहिनी केडिया की मधुर भजनों से गूंजेगा मंदिर परिसर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा जगतगुरु भगवान श्री कृष्ण का 5248वां श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्व श्री कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में 7 सितंबर गुरुवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

श्री श्याम मित्र मंडल की कार्यकारिणी समिति की बैठक में उपरोक्त निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने की। बैठक में मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू को जन्माष्टमी समारोह का संयोजक मनोनीत किया गया है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंत्री सह संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि संपूर्ण मंदिर परिसर को बैलून व विभिन्न फूलों से सजाया जाएगा। सभी गर्भगृहों के बाहर भव्य सजावट की जाएगी। मोनू ने बताया की रात्रि 8:00 बजे से

विशेष भजन संकीर्तन का आयोजन होगा। मंडल के सदस्यों स्थानीय गायको द्वारा सुमधुर भजनों का गायन किया जाएगा। इस अवसर पर कोलकाता से मोहिनी केडिया विशेष रूप से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर पधार रही हैं जो अपने भजनों से खाटू नरेश को रिझाएंगी व भक्तों को भजनों की गंगा में डूबोएंगी। संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि भजनों का कार्यक्रम रात्रि 12:00 बजे तक होगा। जन्मोत्सव आरती रात्रि 12:00 बजे तथा जन्मोत्सव का उत्सव विविध रूप से रात्रि 12:10 बजे से मनाया जाएगा इसके बाद सभी भक्तों को सभी प्रकार का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

विशेष कार्यक्रम

जन्माष्टमी के अवसर पर राधा कृष्ण का रूप में सज धज कर आने वाले बाल गोपालो व राधा को इस वर्ष श्री श्याम बाबा का विशेष प्रसाद सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। फूलों की सजावट के लिए दिल्ली एवम कोलकाता से फूल मंगवाये जा रहे हैं ।

अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की सभी तैयारियां प्रारंभ हो गई है। कार्यकताओं को जिम्मेवारी दी जा रही है। हिनू निवासी विनय प्रसाद द्वारा सभी देवी देवता के लिए नई वस्त्र पोशाक की सेवा निवेदित की जाएगी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दिन प्रात 5:30 बजे मंगला आरती 8:30 श्रृंगार आरती 12:00 भोग आरती रात्रि 7:00 बजे ग्वाल आरती रात्रि 8:30 बजे आरती रात्रि 12:00 बजे जन्मोत्सव आरती होगी। सभी आरती का विशेष महत्व होगा । अंतिम शयन आरती रात्रि 12:30 बजे होगी। अध्यक्ष सुरेश सरावगी व संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तजनों से श्री कृष्ण जन्मोउत्सव में भाग लेने का निवेदन किया है।

आज होगा 77 वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 77 वां श्री श्याम भंडारा शनिवार को सांय 5 बजे से होगा। अमरेश गुप्ता प्रमोद गुप्ता परिवार के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तजनों से भंडारे में भाग लेने का निवेदन किया है।

भाई को राखी बांधकर लौट रही बहन की हादसे में मौत, पुत्र घायल

रांची। रांची-पटना एनएच 33 पर अज्ञात कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार मां की मौत हो गई और पुत्र घायल हो गया। घटना शुक्रवार को दिन के 12 बजे की है। महिला अपने मायके रामगढ़ में भाई को राखी बांधकर पुत्र के साथ ससुराल लौट रही था। मृतका उषा देवी (40वर्ष) बूटी गांव निवासी युगल किशोर ओहदार की पत्नी थी। वहीं उसके घायल पुत्र दुर्गेश ओहदार का रिम्स में इलाज चल रहा है वह खतरे से बाहर है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। उषा गुरुवार को अपने मायके गई थी और शुक्रवार को ससुराल लौट रही थी। रास्ते में ओरमांझी थाना के पास रामगढ़ की ओर से आ रहे कंटेनर ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायल दुर्गेश को शास्त्री चौक स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां से उसे रिम्स भेज दिया गया। घटना की सूचना पर मिलने पर परिजन रोने-बिलखने लगे।

जिला प्रशासन और रिम्स के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन

रांची। शनिवार को रांची समाहरणालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। रिम्स और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समारहणालय ब्लॉक-ए स्थित जी-1 में शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें लोग सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक रक्तदान कर सकते हैं। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय के पदाधिकारियों/कर्मियों से शिविर में बढ़चढ़ कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान करने की अपील की है। किसी का बहुमूल्य जीवन बचाने के लिए उपायुक्त ने आमजनों से भी आगे आकर रक्तदान करने की अपील की है।

कामिल बुल्के की 114 वीं जयंती मनाई गई



रांची। भारतीय दर्शन एवं संस्कृति के अध्येता, रामकथा के मर्मज्ञ, तुलसीदास और भगवान राम के अनन्य भक्त, बाइबिल के अनुवादक, अंग्रेजी-हिंदी कोश के प्रणेता, हिन्दी के मूर्धन्य साहित्यकार, हिन्दी के महानायक एवं ऋषिकल्प व्यक्तित्व फादर कामिल बुल्के विदेशी होते हुए भी पूरी तरह से भारतीय थे और पादरी होते हुए भी भारतीय परंपरा के संत थे। इकहरा बदन, अनुभव से लैस उनकी सफेद लंबी दाढ़ी, दीप्तिमय गौरवर्ण, श्वेत लिबास, मितभाषी व मृदुभाषी उनका व्यक्तित्व परिपूर्ण था। फादर कामिल बुल्के अपने नाम को चरितार्थ करते थे। शुक्रवार 1 सितंबर को उनकी 114वीं जयंती मनाई गई। फादर कामिल बुल्के के छात्र व सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष (एचओडी) रहे कमल कुमार बोस ने विस्तृत बातचीत की। पढ़िए कैसे करीब 47 साल भारत (झारखंड) में रहे फादर कामिल बुल्के (पद्मभूषण) ने हजारीबाग में हिन्दी सीखी और उसे प्रतिष्ठा दिलायी। 1909 में बेल्जियम के रैम्सकैपल गांव में जन्मे फादर कामिल बुल्के ने 1930 में संन्यास ग्रहण किया। 1935 में वे भारत आ गए और भारत के ही होकर रह गए। विज्ञान के छात्र व पेशे से इंजीनियर रहे फादर कामिल बुल्के काफी मेधावी थे। उन्होंने स्वीकार किया कि गंगा-यमुना के इस देश में उन्हें लाने का श्रेय गोस्वामी तुलसीदास को जाता है।

चलती बाइक में लगी आग, बाल- बाल बचे दो लोग

रांची। सदर थाना क्षेत्र के इमाम कोठी के समीप सड़क पर चलती बाइक में अचानक आग लग गई। हालांकि घटना में दो बाइक सवार बाल बाल बच गए। घटना गुरुवार देर रात की है। जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट से पल्सर 200 सीसी बाइक में अचानक आग से बाइक जलकर खाक हो गया। इसमें बाइक सवार दोनों भाई बाल-बाल बच गये।बताया जा रहा है कि छोटा मुरी (सिल्ली) निवासी करण मुंडा और देव मुंडा (दोनों भाई) बाइक से बूटी मोड़ से कोकर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट से बाइक में आग लग गयी। घटना के बाद आग पर काबू पाने के लिए दोनों भाई और स्थानीय लोग ने कोशिश की, लेकिन बाइक के टंकी में पेट्रोल होने से गाड़ी में आग तेजी से फैल गयी। बाइक जलकर राख हो गया।घटना की सूचना मिलते ही सदर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन पुलिस के पहुंचने तक बाइक जलकर राख हो चुकी थी।

ट्रैफिक ब्लॉक की वजह से चक्रधरपुर मंडल में ट्रेन रद्द

रांची। चक्रधरपुर मंडल के कांड्रा -कुनकी रेलखंड के अंतर्गत विकास कार्य को लेकर ट्रैफिक ब्लॉक लिया जायेगा। शुक्रवार को रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार इस कारण ट्रेन संख्या 18601/18602 टाटानगर-हटिया-टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन, 08152/08151 बरकाकाना-टाटानगर-बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल ट्रेन तीन सितंबर को रद्द रहेगी। इसके अलावा 18101 टाटानगर-जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन तीन सितंबर को अपने तय प्रस्थान समय के स्थान पर एक घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी।

पुरानी पेंशन योजना की पुनर्बहाली पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

रांची। झारखंड में राज्य कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना की पुनर्बहाली के एक वर्ष पूर्ण होने पर राज्यकर्मियों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही योजना से आच्छादित सभी राज्यकर्मियों ने एक-दूसरे को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि राज्यकर्मी वर्षों से पुरानी पेंशन योजना झारखंड में लागू करने की मांग कर रहे थे, जिसकी एक वर्ष पूर्व राज्य सरकार ने स्वीकृति दी थी। ऐसा करने वाला झारखंड देश का पहला राज्य बना था। राज्यकर्मी ने कहा कि इस तरह से लागू होने से हमलोगों को काफी राहत मिल जायेगी और लाभ भी होगा।

बुढ़मू में हाईटेंशन टावर का एंगल चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

बुढ़मू। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं आये दिन होती रही हैं। कुछ इसी तरह का मामला बुढ़मू पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान बैगी जंगल के पास से बिजली हाईटेंशन के टावर का एंगल काटते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। दोनों आरोपी बुढ़मू थाना क्षेत्र के मुरूपीरी निवासी विकास कुमार गंझू और विनोद मुंडा ओझासाड़म के तारेमहुआ टोला के निवासी हैं। बताया जाता है कि गुरुवार की रात बुढ़मू पुलिस गश्ती करते हुए बैगी की ओर जा रही थी। सड़क से कुछ दूरी पर जंगल के किनारे बिजली हाईटेंशन के टावर का एंगल काटते हुए दोनों को देखा। पुलिस को देखकर दोनों आरोपी भागने लगे। पुलिस ने दोनों को खदेड़कर पकड़ लिया। वहीं घटनास्थल से पुलिस ने 13 पीस कटा हुआ एंगल जब्त किया। गश्ती दल में थाना प्रभारी कमलेश राय, माजिद आलम और सुभाष कोहली आदि पुलिस बल शामिल थे।

डुमरी उप चुनाव में बेबी देवी के पक्ष में चला जनसंपर्क अभियान

मंत्री बन्ना गुप्ता और विधायक राजेश कच्छप भी हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष रानी कुमारी ने डुमरी विधानसभा उप चुनाव में महागठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। डुमरी क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने भी मतदाताओं से महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में जन समर्थन मांगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान रानी कुमारी ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पिपराडीह, नावाडीह,तुतरी टोला, केंदुआडीह, महतो चौक सहित अन्य स्थानों पर मतदाताओं से बेबी देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

प्रधान कार्यालय
र्यालय

रानी कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास की गति तेज करने में सफल रही है। महागठबंधन में शामिल सभी दलों में आपसी तालमेल से कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने में सफलता मिली है। उन्होंने डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता से महागठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर अनवारी खातून, शीला देवी, उमा कुमारी, सोनम देवी, पिंकी देवी, गीत देवी, सोनी देवी, पूनम कुमारी, ज्योति देवी, सुनीता देवी सहित काफी संख्या में राजद महिला प्रकोष्ठ की पदधारी और सदस्यगण शामिल थे।

सदर अस्पताल में डायलिसिस बंद, मरीजों की बढ़ी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पीएम डायलिसिस कार्यक्रम के तहत कम आय वालों की फ्री डायलिसिस की व्यवस्था की शुरूआत 2019 में हुई थी। पीपीपी मोड पर राज्य के 16 सदर अस्पतालों में डायलिसिस केंद्र खोला गया था, और इसके संचालन की जिम्मेवारी एस्केग संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड को दी गई थी। बताते चलें कि किडनी के मरीजों को दी जा रही फ्री डायलिसिस सेवा 1 सितंबर (शुक्रवार) से बंद हो गई। वजह राज्य और केंद्र सरकार ने कंपनी का 3 करोड़ 68 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया है। जिस वजह से कंपनी ने अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। बीपीएल, एपीएल, राशन कार्डधारी, आयुष्मान कार्ड धारक एवं 72000 से कम आय वाले गरीब परिवारों के मरीजों का निशुल्क डायलिसिस

सदर अस्पताल, राँची

किया जाता था। जिसके एवज में सरकार प्रति डायलिसिस 1206 रुपये का भुगतान कंपनी को करती है। वहीं एपीएल, राशन कार्डधारी और 72000 से कम आय वाले मरीजों का डायलिसिस के लिए निर्धारित राशि 1206 का भुगतान राज्य सरकार के द्वारा कंपनी को की जाती है। वहीं शुक्रवार को सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में जिले के 64 किडनी के मरीज डायलिसिस के लिए पहुंचे थे। लेकिन कंपनी को पैसे का भुगतान नहीं होने के कारण एक भी मरीज का डायलिसिस नहीं हो सका। ओरमांझी से डायलिसिस के लिए आए भीम प्रसाद साहू की पत्नी सुनीता देवी ने कहा कि हम लोग लाल कार्ड धारक हैं, और पिछले 8 महीने से सदर अस्पताल में डायलिसिस करवाने के लिए आ रहे थे। शुक्रवार को यहां डायलिसिस के लिए पहुंचे तो लोगों ने कहा कि अब डायलिसिस नहीं होगा।

डायन कुप्रथा सिर्फ अंधविश्वास इससे दूर रहें ग्रामीण : मो. इकबाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जनसुरक्षा में लगी अड़की थाना पुलिस ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए एसपी अमन कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को अड़की प्रखंड की तिनतिला पंचायत के सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित दुंदुपीढ़ी गांव में डायन बिसाही कुप्रथा की रोकथाम को लेकर जन जागगरुकता अभियान चलाया गया। मौके पर ग्रामीणों को डायन प्रथा अधिनियम 2001 के अपराध और दण्ड से सबंधित प्रावधानों के बारे जानकारी दी गई। साथ ही मॉब लीचिंग, यातायात नियमों तथा अवैध अफीम की खेती की रोकथाम के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी मो इकबाल हुसैन ने कहा कि डायन प्रथा सिर्फ अंधविश्वास के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई बीमारी

होने पर डॉक्टर से इलाज करायें, ओझा-गुणी के चक्कर में न पड़े। उन्होंने कहा कि डायन कह कर किसी को प्रताड़ित करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अफीम एक जहर है, लोग इसकी खेती और कारोबार से दूर रहें। उनहोंने कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास हो सकता है। इसलिए हर व्यक्ति को शिक्षित होना जरूरी है। सभी अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें।

उन्होंने कहा कि पुलिस आपकी सेवा और सुरक्षा के लिए है। किसी भी समस्या को लेकर कोई भी व्यक्ति पुलिस के पास जा सकता है।

अभियान

बीएयू में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का किया गया शुभारंभ

‘स्वस्थ भारत के लिए छात्राओं को जागरूक करना जरुरी’

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान विभाग में शुक्रवार को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह - 2023 समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने की। समारोह में अनीता गर्ल्स हाईस्कूल की दसवीं कक्षा की कुल 80 छात्राओं तथा विभाग में अध्ययनरत बीवोक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर छात्र झ छात्राओं ने हम सब का एक नारा, पोषण है अधिकार हमारा, कदम-कदम बढ़ाये जा कुपोषण को भगाये जा, हम बच्चों ने ठाना है समाज से कुपोषण को दूर भागना है आदि नारे बुलंद किये। पोषण के महत्त्व पर आधारित पोस्टर व बैनर से लोगों को जागरूक किया। समारोह के दौरान सामुदायिक विज्ञान विभाग के बीवोक छात्र-छात्राओं ने एक माह के न्यूट्री क्लिनिक कैंप में अनीता गर्ल्स हाई

LESS
RIGHT
EAT LOCAL
EAT SEASON
EAT VARIE
A HEALTH FOR A
WEALTH

स्कूल के सभी 80 छात्राओं का वजन, लम्बाई, बीएमआई, उम्र, दैनिक आहार एवं जीवन शैली, बीमारी से सबंधित जानकारियों के डाटाबेस का संग्रह किया। इस डाटाबेस का बीवोक छात्रों के दल द्वारा स्क्रीनिंग करने के उपरांत आहार एवं जीवन शैली सबंधी सभी छात्राओं का प्रतिवेदन स्कूल को भेजी जाएगी। कार्यक्रम सफल कार्यान्वयन में अनीता गर्ल्स हाईस्कूल के शिक्षक कन्हाई महतो एवं शिक्षिका अनिमा किओं ने विशेष सहयोग दिया। समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य में महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण सबसे बड़ी समस्या है। राज्य की 70 प्रतिशत महिलाएं एवं बच्चे खुन की कमी (अनीमिया) से पीड़ित है। कुपोषण की वजह से बच्चों में बौनापन एवं शारीरिक विकार देखा जा रहा है।

अनीता गर्ल्स हाईस्कूल कांके की 80 छात्राओं ने भाग लिया

सभी छात्राओं का न्यूट्री क्लिनिक कैंप में हेल्थ स्क्रीनिंग किया गया

भारत एक युवा राष्ट्र है। आज के बच्चे कल के युवा है, जो भविष्य में भारत का जयगान करेंगे। इसलिए बच्चों एवं युवाओं को पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने की जरुरत है। देश के भावी पीढ़ी को स्वस्थ्य बनाये रखना देश के सभी नागरिकों की नैतिक जिम्मेदारी है। कुलपति ने कहा कि आज की बच्चियां, भविष्य की युवती एवं नारी शक्ति है। भावी स्वस्थ भारत के लिए आज की छात्राओं को पोषण के प्रति जागरूक करने की विशेष जरुरत है। कहा कि पोषण की महत्ता को देखते हुए वर्ष 2023 को इंटरनेशनल मिल्लेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने छात्राओं को दैनिक आहार में मडुआ, ज्वार, बाजरा आदि मिल्लेट्स उत्पादों का सेवन करने की सलाह दी। पोषणयुक्त आहार के प्रति माता-पिता, भाई-बहन एवं समाज के लोगों की अभिरुचि बढ़ाने पर जोर दिया। डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने छात्र-छात्राओं को जंक फूड से परहेज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जंक फूड स्वादिष्ट होते है, लेकिन उसमें पोषण की नितांत कमी होती है। बच्चों को जीवनपर्यंत स्वस्थ्य रहने के लिए पोषणयुक्त आहार लेना बेहद जरुरी है। बच्चे जंक फूड के सेवन को त्यागकर दूध, दही, पनीर, हरी साग-सब्जी, फल एवं मिल्लेट्स उत्पादों को अपने आहार दिनचर्या में शामिल करें।

रांची में खराब पड़े स्ट्रीट लाइट्स बदलेगा निगम हेल्पलाइन नंबर जारी

रांची। नगर निगम शहर के 53 वार्डो में सड़कों के किनारे, चौराहों पर स्ट्रीट लाइट लगाना शुरू किया है। इन स्ट्रीट लाइट के रखरखाव के लिए 30 टीम का गठन किया गया है। इसके साथ निगम ने लोगों को अपने क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के बारे में शिकायत करने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जानकारी देते हुए निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सभी सड़कों, चौराहों और वार्ड के सभी स्थानों को रोशन करना है, जिससे जनता को बेहतर दृश्यता और सुरक्षा प्रदान की जा सके। बिजली शाखा की निगरानी में 30 टीम विभिन्न वार्डो में खराब पड़ी एलईडी वेपर और स्ट्रीट लाइट की मरम्मत के लिए जिम्मेदार होंगी। इसके अतिरिक्त, वे नई बस्तियों और कॉलोनियों की पहचान करेंगी, जहां स्ट्रीट लाइट की आवश्यकता है। सहायक प्रशासक, ज्योति कुमार सिंह ने कहा कि बारिश के कारण स्ट्रीट लाइट को काफी नुकसान हुआ है।

एचईसी के 1623 ठेका कर्मियों की नौकरी समाप्त

कारखाना के अंदर जाने से रोका गया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

एचईसी के 1623 ठेका कर्मी शुक्रवार को एक साथ बेरोजगार हो गए। कंपनी के एफएफपी कारखाना के मुख्य गेट पर ठेका कर्मियों को अंदर जाने से रोक दिया गया। एफएफपी प्लांट प्रबंधन ने नोटिस जारी कर ठेका कर्मियों के कारखाना के अंदर जाने पर रोक लगा दी है। मेन गेट पर ठेका कर्मियों को सीआईएसएफ ने रोका। जिसके बाद एचईसी में ठेका कर्मियों को लेकर विभिन्न श्रमिक संगठनों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। एचईसी का औद्योगिक माहौल खराब नहीं हो, इसे देखते हुए एचईसी सप्लाई संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल एफएफपी के सीनियर डीजीएम ऑपरेशन संजय कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल में ठेका श्रमिक मनोज पाठक, दिलीप सिंह, वाई त्रिपाठी, राजेश कुमार शर्मा और प्रमोद कुमार शामिल थे। संजय कुमार ने ठेका कर्मियों को बताया कि उनका कांट्रैक्ट 31 अगस्त 2023 को समाप्त हो गया है। नए कांट्रैक्ट के लिए मैनेजमेंट ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंडर भी हुआ था, मगर किसी कांट्रैक्टर ने रूचि नहीं दिखाई। कांट्रैक्टर की तलाश जारी है। एफएफपी मैनेजमेंट ने दो दिनों के लिए कारखाना में प्रवेश पर रोक लगायी है। उसके बाद ठेका कर्मी प्लांट के अंदर प्रवेश कर सकेंगे। जब तक ठेका कर्मियों से संबंधित नया कांट्रैक्ट नहीं हो जाता है, तब तक ठेका कर्मी अपने कार्य स्थल पर आना-जाना कर सकेंगे। मैनेजमेंट के ऐसे आश्वासन के बाद ठेका कर्मियों का गुस्सा शांत हुआ। एचईसी के ठेका कर्मियों की नौकरी एक सितंबर से समाप्त हो गयी। क्योंकि 31 अगस्त के बाद से ठेका कर्मियों का कांट्रैक्ट समाप्त हो गया। जिस कंपनी के तहत ठेका कर्मी एचईसी में इनरॉल थे, उस कंपनी ने आगे काम लेने से इनकार कर दिया है।

ग्रामीणों को राशन, पेंशन और आवास योजना का मिला लाभ

नवीन मेल संवाददाता

रांची/जमशेदपुर। तबला, मांदर, ढोल, मृदंग की गूंज कभी कम ना हो। सदियों से चली परंपरा अक्षुण्ण रहे। शिल्पकारों को सम्मान मिले और उनकी कला जीवित रहे। इस उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर जमशेदपुर के बोड़ाम प्रखंड स्थित अंधारझोर गांव जिला प्रशासन की टीम पहुंची। मुख्यमंत्री ने यह आदेश ग्रामीणों को आवास, पेंशन, राशन समेत अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की जानकारी के बाद दिया था। अंधारझोर गांव में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस कैम्प में आवास, राशन कार्ड में नाम जोड़ने व हटाने, सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन और कृषि विभाग द्वारा केसीसी से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। अंधारझोर गांव के ग्रामीणों के आवास, पेंशन एवं राशन कार्ड को लेकर जिला प्रशासन ने योजना से जोड़ने का कार्य शुरू कर दिया है। साथ ही गांव की अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए आश्वस्त किया गया है। शिविर में आवास योजना के 104, नया राशन कार्ड के लिए 05, राशन कार्ड में सदस्य का नाम जोड़ने संबंधी 02, राशनकार्ड स्थानांतरण का 01, राशन कार्ड में आधार सुधार का 01, सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत दिव्यांग पेंशन का 01, वृद्धा पेंशन का 05 तथा निराश्रित पेंशन का 02 आवेदन प्राप्त हुए। 25 लोगों ने केसीसी का लाभ लेने के लिए आवेदन किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शिल्पकारों से मुलाकात की। उन्होंने शिल्पकारों से तबला, मांदर, ढोल, मृदंग आदि को बनाने में लगने वाला समय, लागत, निर्माण सामग्री, मार्केट तथा उनके उत्पाद को मिलने वाले मूल्य की जानकारी ली। 70 परिवारों का गांव अधारझोर के ग्रामीणों ने बताया कि कई पीढ़ियों से उनका गांव शिल्पकला को संरक्षित रखने का कार्य कर रहा है लेकिन लागत के अनुपात में मूल्य नहीं मिलने तथा बाजार उपलब्ध नहीं होने के कारण लोग इससे विमुख भी होने लगे हैं। उपायुक्त ने जमशेदपुर के साक्ची स्थित संजय मार्केट के पास खाली स्थान में विश्वकर्मा प्वाइंट बनाने की संभावनाओं को देखा। इस प्वाइंट पर शिल्पकारों के लिए मार्केट विकसित करने पर विचार किया गया है। मौके पर प्रशासन द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फुलो झानो आशीर्वाद योजना, छात्रवृत्ति, धान अधिप्राप्ति, अनुदानित दर पर कृषि उपकरण वितरण योजना तथा अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मुख्यमंत्री के आदेश पर ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया है। गांव को मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित करने की प्रक्रिया शुरू हुई है। शिल्पकारों की सैकड़ों वर्षों से चली आ रही वाद्ययंत्र निर्माण की परंपरा को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए कार्य शुरू हो चुका है।

काम दिलाने के बहाने दिल्ली ले जाकर दो बच्चों सहित महिला को बेचा

धनबाद। पंचेत ओपी क्षेत्र के ग्वालाडीह, बांदा पश्चिम की दो बच्चों की मां मोनी गोप (26) को काम दिलाने के नाम पर दिल्ली ले जाकर बच्चे सहित बेच देने का मामला प्रकाश में आया है. महिला के पिता शिबू गोप ने पंचेत ओपी में शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने पंचेत के ही पूजा महतो नाम की महिला पर बेटी को बेचने का आरोप लगाया है. पुलिस ने दिल्ली का मामला होने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया है. शिबू गोप ने बताया कि बेटी मोनी गोप की शादी सात वर्ष पूर्व पश्चिम बंगाल रकता गांव निवासी सुबल गोप से हुई थी. परंतु रोज रोज की पारिवारिक कलह से तंग वह दो बच्चों के साथ मो मायके आकर रहने लगी. आर्थिक तंगी से जूझ रही मोनी आसपास के घरों में काम कर बच्चों की परवरिश कर रही थी. पिता ने बताया कि तभी उनकी बेटी मोनी का सम्पर्क पंचेत की पूजा महतो से हुआ. पूजा की शादी दिल्ली में हुई है. उसने मोनी को बहलाया- फुसलाया और कहा कि दिल्ली-हरियाणा में बहुत काम है, जहां अच्छी पगार मिलती है मोनी पूजा के झांसे में आ गई और दोनों बच्चों को साथ लेकर दिल्ली चली गई. पिता ने बताया कि 12 अगस्त को अचानक उनके मोबाइल पर फोन आया, जिसमें रोती बिलखती बेटी मोनी की आवाज सुनाई दी. उसने रो रो कर बताया कि उसे यहां लाकर बेच दिया गया है.

इक्फाई विश्वविद्यालय में 2023 बैच के नए छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम शुरू

Grooming Professionals With Values
WELCOME
to
"Inaugural and Induction Program 2023-24"

नवीन मेल संवाददाता

रांची। इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड परिसर में नव प्रवेशित छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें 2023 बैच के सभी कार्यक्रमों के छात्रों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इंडक्शन प्रोग्राम के उद्घाटन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा, कुलपति रांची विश्वविद्यालय थे। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) अजीत कुमार सिंह, कुलपति, रांची विश्वविद्यालय, रांची ने कहा कि आप सभी छात्रों ने इक्फाई विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर सही निर्णय लिया है। उन्होंने आज की शिक्षा प्रणाली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृषि आधारित स्टार्टअप को अपनाने पर जोर दिया जो हमारी अर्थव्यवस्था में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टार्टअप के माध्यम से उद्यमी बनने की सलाह दी। इस अवसर पर, इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) रमण कुमार झा ने कहा, हमारा विश्वविद्यालय अपने छात्रों को सक्षम पेशेवरों के रूप में तैयार करने पर केंद्रित है, पेशेवर सफलता और खुशी के लिए योग्यता और चरित्र जैसे मूल्य समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ अपने दिल और दिमाग का इस्तेमाल करने की सलाह दी। विश्वविद्यालय छात्रों की नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने और समर्थन देने के लिए मौजूद रहेगा। उन्होंने छात्रों से अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए अपने वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। छात्रों का स्वागत करते हुए, इक्फाई के रजिस्ट्रार, प्रोफेसर (डॉ.) जे.बी. पटनायक ने छात्रों को मन की आंतरिक शांति के लिए आध्यात्मिकता विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने उन्हें चरित्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया, जो उनकी सफलता और खुशी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने महाभारत का उल्लेख किया और छात्रों को अर्जुन की तरह पढ़ाई में मन लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर योगदा सतसंग आश्रम रांची के स्वामी श्रेयानंद जी ने दृढ़ संकल्प, समर्पण और इच्छा के माध्यम से सफलता का मंत्र दिया। उद्घाटन समारोह के दौरान विशिष्ट अतिथि हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रांची के डॉ. सुहास टेटरवे ने भी छात्रों को संबोधित किया और कहा कि आप सभी देश का भविष्य हैं। सभी अभिभावकों ने विश्वविद्यालय द्वारा व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए की गई पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की। सीनियर बैच के छात्रों ने कैंपस जीवन के अपने अनुभव और हाल ही में संपन्न ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप से मिली सीख को साझा किया। धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए, विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक प्रो. अरविंद कुमार ने कहा कि प्रेरण कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली जीवन से विश्वविद्यालय जीवन में उनके सुचारु परिवर्तन को सुनिश्चित करना है और आप सभी पाठ्येतर गतिविधियों में भाग ले सकते हैं।

धनबाद :15 अक्टूबर तक नहीं चलेगी आसनसोल-वाराणसी मेमू एक्सप्रेस

धनबाद। धनबाद होकर चलने वाली आसनसोल-वाराणसी मेमू एक्सप्रेस 15 अक्टूबर तक नहीं चलेगी. वापसी में 16 अक्टूबर तक रद्द की गई है. रेलवे सूत्रों के अनुसार वाराणसी यार्ड में रूट रिले इंटरलॉकिंग वर्क होने के कारण कई ट्रेनों को रद्द, आंशिक समापन और मार्ग परिवर्तित किया गया है. यात्रियों का कहना है कि एक माह 15 दिन तक ट्रेन के रद्द रहने से रोजाना हजारों लोगों को काफी परेशानी होगी. धनबाद समेत गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा आदि स्टेशनों से यात्री रोजाना जरूरी काम से आना-जाना करते हैं. इस ट्रेन के रद्द होने से यात्रियों को सुबह 6:00 बजे धनबाद-गया इंटरसिटी व डेहरी-ऑन-सोन मेमू पकड़ना होगा या फिर आसनसोल-गया मेमू एक्सप्रेस पर दिन के 3:21 बजे सवार होना होगा. आसनसोल-वाराणसी मेमू का समय धनबाद में सुबह 8:07 बजे है.

धनबाद : नाबालिग का अपहरण व दुराचार का आरोपी दोषी करार, सजा 2 सितंबर को

धनबाद। 15 वर्षीय नाबालिग का शादी की नीयत से अपहरण कर दुराचार करने के आरोपी प्रकाश साव को अदालत ने शुक्रवार 1 सितंबर को दोषी करार दिया है. अभियुक्त चांदमारी का रहने वाला है. पोक्सो के विशेष अदालत के न्यायाधीश प्रभाकर सिंह ने अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. सजा के बिंदु पर सुनवाई की तारीख 2 सितंबर तय की गई है. अभियुक्त के खिलाफ पीड़िता के पिता ने केंदुआडीह थाना में 25 जून 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी. आरोप है कि वर्ष 2019 के छठ पूजा के बाद उसकी नाबालिग पुत्री यह कहते हुए घर से चली गई कि वह मामा के घर चांदमारी जा रही है. एक माह बाद वह पुत्री से मिलने चांदमारी पहुंचा तो उसे पता चला कि वह यहां आई ही नहीं है. खोज करने पर पता चला कि गणेश भुईया के गांव का लड़का प्रकाश साव, जो चांदमारी में ही रहता है, उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया. प्रकाश ने उसकी पुत्री के साथ मंदिर में शादी भी कर ली. इस बीच उसकी पुत्री गर्भवती हो गई थी. अनुसंधान के बाद पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ 31 जुलाई 2020 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया तथा अदालत में 23 नवंबर 2021 को आरोप का गठन किया गया था. अभियोजन द्वारा पांच गवाहों की गवाही कराई गई थी.

गिरिडीह : खरपोका के मुखिया ने पीडीएस दुकानों का किया निरीक्षण

गिरिडीह। पिरटांड़ प्रखंड की खरपोका पंचायत के मुखिया मोहम्मद तनवीर ने एक सितंबर को पीडीएस दुकानों में जाकर जांच की. इस दौरान कई गड़बड़ियां पकड़ी. कार्डधारियों को कम चावल देने, राशन प्राप्ति की रशीद नहीं देने और ग्राहकों के साथ डीलरों के दुर्व्यवहार किए जाने की बातें सामने आईं. क्षेत्र के लोगों ने भी मुखिया से डीलरों की हकीकत बताई. इस पर तनवीर ने डीलरों को फटकार लगाते हुए जल्द सुधार करने का निर्देश दिया. उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही डीलरों और कार्डधारियों की बैठक कर समस्याओं को दूर किया जाएगा. बैठक में मार्केटिंग अफसर भी रहेंगे.

बुलडोजर लेकर गैंगस्टर प्रिंस खान का घर कुर्क करने वासेपुर पहुंची पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। गैंग्स ऑफ वासेपुर का गैंगस्टर प्रिंस खान के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसने लगा है. शुक्रवार एक सितंबर को कोर्ट के आदेश के बाद बैंक मोड़ और भूली पुलिस धनबाद के वासेपुर स्थित मखदुमपुर में प्रिंस खान के घर की कुर्की जब्ती करने बुलडोजर लेकर पहुंची. 2015 के रंगदारी मामले में प्रिंस खान फरार है. कई बार कोर्ट के नोटिस के बाद भी कोर्ट में वो हाजिर नहीं हुआ. इसी मामले को लेकर कुर्की जब्ती की गई. और भी कई मामलों में प्रिंस खान फरार चल रहा है. कुर्की के दौरान सीओ प्रशांत लायक के साथ बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय भारी दल बल के साथ मौजूद थे. कुर्की जब्ती की प्रक्रिया 12 बजे से शुरू की गई. ताला तोड़कर घर के अंदर पुलिस दाखिल हुई. उसके बाद खिड़की, दरवाजा और घर में रखे सामानों की कुर्की जब्ती की गई. पुलिस ने उसके आवासीय कार्यालय का ताला तोड़ा, जहां जिम के उपकरण और पानी टंकी बरामद हुई. गौरतलब है कि इससे पहले 2022 में भी सिविल कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती हो चुकी है. कुर्की के दौरान घर से कुरान एक छोटे बक्से में मिला. जिसे पुलिस ने कमर मखदुमी रोड स्थित मस्जिद में रखवा दिया. कुरान के साथ-साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग की किताब भी मिली. पुलिस को प्रिंस खान के वास्तविक नाम हैदर अली के नाम से बचपन के स्कूल का एक आईकार्ड मिला. जिसमे लिटिल फ्लावर स्कूल भूली रोड स्कूल का नाम और जन्म तारीख 20/10/93, क्लास टू और रोल नंबर 15 लिखा हुआ है. इसके साथ प्रिंस खान और परिवार वालो की तस्वीर भी मिली. जिसमे एक फोटो में प्रिंस के साथ उसकी पत्नी बच्चे को गोद में लेकर खड़ी है. प्रिंस के भाई गोपी खान के खिलाफ बैंक मोड़ पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया था. बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय गाजे बाजे के साथ प्रिंस खान के घर पर पहुंचे थे और माइक से मुनादी करवाकर इश्तेहार चिपकाया था. पुलिस ने बताया कि प्रिंस खान के खिलाफ गैंगस्टर फहीम खान के बेटे साहेबजादे से रंगदारी मांगने के मामले में बैंक मोड़ थाना में केस दर्ज.है.

एक देश एक चुनाव स्वागत योग्य कदम, इससे देश को होगा आर्थिक लाभ : राजेन्द्र प्रसाद

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा एक देश एक चुनाव का निर्णय होता है तो वाकई यह स्वागत योग्य कदम होगा उन्होंने कहा कि यह देश हित में है और इस निर्णय के साथ सभी राजनीतिक दलों को साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के निर्णय से समय भी बचेगा और आर्थिक बचत भी देश को होगा। प्रसाद कहा कि इसमें कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के थोड़ा त्याग से देश को एक बहुत बड़ी आर्थिक लाभ होगा। जिससे गरीबों के हित में पैसे का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में लोकसभा विधानसभा का चुनाव 1952 से 1966 तक आजादी के बाद ऐसा हो चुका है। ऐसे में इसका विरोध नहीं होना चाहिए।

गिरिडीह : पत्थर माफियाओं के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। जमुआ प्रखंड अंतर्गत धुरगड़गी पंचायत के ग्राम दलीया में पत्थर माफियाओं के खिलाफ ग्रामीणों ने मोरचा खोल दिया है. जमुआ के भाकपा (माले) नेता अशोक पासवान ने कहा कि माले प्रखंड सचिव जमुआ रीतलाल प्रसाद ने उपायुक्त को मांग पत्र समर्पित किया था. इसमें उपायुक्त ने एक कमेटी बनाकर जांच कराने और प्रतिवेदन 17 अगस्त तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था. लेकिन अभी तक जांच न होना पदाधिकारियों पर सवाल खड़ा करता है. कहा कि इधर पत्थर माफिया उपायुक्त के आदेश को ताक पर रख कर बल पूर्वक खदान चालू कराने पर उतारू है. जिसके विरोध में दलिया के ग्रामीण तंबू लगाकर खदान के समीप बैठ गए हैं. माले नेता ने कहा कि पूर्व में भी पत्थर माफियाओं ने ग्रामीणों, नौजवानों के साथ मारपीट कर इन्हें झूठे मुकदमे में फंसा दिया था. इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य कमेटी सदस्य विक्रम आनंद रॉय ने कहा कि गांव से महज कुछ सौ मीटर पर पत्थर खदान अवस्थित है, जिससे लोगों को काफी दिक़्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

15 किसानों के बीच मूंग बीज का वितरण

गिरिडीह। गावां कृषि कार्यालय परिसर में 1 सितंबर को 15 किसानों के बीच 60 किलो मूंग बीज का वितरण किया गया. बीटीएम इंद्रजीत शेखर ने बताया कि वैसे किसान जो मूंग की खेती करना चाहते हैं, उन्हें सरकार फ्री में बीज उपलब्ध करा रही है. प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रदीप राम ने बताया कि गरमा फसल के रूप में किसानों को अनिवार्य रूप से मूंग की खेती करनी चाहिए. इससे उन्हें कम लागत में अतिरिक्त लाभ मिल जाता है. मौके पर महेंद्र प्रसाद, मनोज प्रसाद यादव, मुखदेव यादव, संदीप कुमार विश्वकर्मा, राम लखन कुमार मंडल आदि किसान मौजूद थे.

चैताडीह मातृत्व और शिशु कल्याण केंद्र में मरीजों से सुविधा के नाम पर हो रही वसूली

- शिकायत पर अस्पताल पहुंचे विधायक सुदिव्य
- 17 मरीजों का पैसा वापस कराया

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह शहर के चैताडीह स्थित सदर अस्पताल की इकाई मातृत्व एवं शिशु कल्याण केंद्र में प्रसव के लिए आने वाली मरीजों से सुविधा के नाम पर मोटी रकम की वसूली हो रही है. वहां तैनात नर्सिंग स्टाफ मरीजों से 1200 रुपए से लेकर 2100 रुपए तक वसूल रहे हैं. इसकी शिकायत मिलने पर स्थानीय विधायक सुदिव्य कुमार सोनू एक सितंबर शुक्रवार को मातृत्व एवं शिशु कल्याण केंद्र पहुंचे और वहां की व्यवस्था देख भड़क गए. विधायक को देख शिकायत करने वालों की लंबी कतार लग गई. एक के बाद एक कई परिजन पैसा लेने की शिकायत करने लगे. यह सुन विधायक आगबबूला हो गए. सूचना मिलते ही सिविल सर्जन डॉ. एसपी मिश्रा और सदर अस्पताल उपाधीक्षक सह मातृत्व शिशु कल्याण केंद्र के प्रभारी डॉ. एपीएन देव भी मौके पर पहुंच गए. इसके बाद पैसा लेने वाले नर्सिंग स्टाफ्स को बुलाकर 17 मरीजों का पैसा वापस कराया गया.

दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : सीएस

सिविल सर्जन डॉ. डॉ. एसपी मिश्रा ने कहा कि मामला गंभीर है. मरीजों से रकम किसने ली है, विभाग को इसकी जानकारी मिल चुकी है. मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

दिया निर्देश

डीसी ने की जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा बैठक

आपसी समन्वय से करें काम : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। समाहरणालय में शुक्रवार एक सितंबर को उपायुक्त वरुण रंजन ने जिले में चल रही योजनाओं को लेकर विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार को स्कूलों के छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनवाने, सावित्रीबाई फुले योजना से छात्रों को लाभान्वित करने, प्री व पोस्ट मैट्रिक के लाभुकों को छात्रवृत्ति प्रदान करने और एक सप्ताह में ऑनलाइन एंट्री कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया. साथ ही अलग-अलग विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम करने को कहा. जिला कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी को सभी लाभुकों को योजनाओं के लाभ सुनिश्चित करने को कहा. जिला पशुपालन पदाधिकारी को 15 दिनों में 100 प्रतिशत लाभुक अंशदान प्राप्त करने का निर्देश दिया. ऋण माफी योजना और केसीसी योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लंबित मामलों में आ रही समस्याओं को लेकर अग्रणी बैंक प्रबंधक और कृषि पदाधिकारी को समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द निष्पादन का निर्देश दिया. बैठक में जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, जिला सहकारिता पदाधिकारी रुमा झा, अग्रणी जिला प्रबंधक राजेश कुमार सिन्हा व अन्य उपस्थित थे.

अविरल मेमोरियल बैडमिंटन चैंपियनशिप में मधुसूदन महतो उवि. बना ओवरऑल चैंपियन

चाईबासा। सिंहभूम बैडमिंटन एसोसिएशन चाईबासा द्वारा आयोजित चतुर्थ अविरल मेमोरियल बैडमिंटन चैंपियनशिप में मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय आसनतलिया ओवर आल चैंपियन बना. पंकज कुमार महतो ने उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है. विजेताओं को उपायुक्त अनन्य मित्तल ने पुरस्कृत किया. चैंपियनशिप में कुल 24 ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा थी. जिनमें से 17 ट्राफियां जीत कर मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय आसनतलिया, चक्रधरपुर ओवर ऑल चैंपियन बना. विद्यालय के पंकज कुमार महतो ने अंडर 15 एकल में, अंडर 17 एकल में एवं अंडर 17 युगल में विजेता बनकर एक रिकॉर्ड स्थापित किया है. विद्यालय ने कुल 24 ट्राफियों में से 17 ट्राफियां जीत कर ओवरऑल चैम्पियन बना. विद्यालय के मुख्य बैडमिंटन कोच जगदीश जामुदा ने इस जीत पर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि हमारे पास इंडोर स्टेडियम की कमी है. विद्यालय प्रबंधन से इंडोर स्टेडियम की मांग करते रहे हैं, लेकिन जमीन एवं धनाभाव के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है. यदि इंडोर अभ्यास की सुविधा खिलाड़ियों को उपलब्ध हो जाए तो वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं. विद्यालय के निदेशक बलराज कुमार हिन्दवार ने इस शानदार जीत पर कोच एवं खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा है कि वे आगे भी अच्छा प्रदर्शन करें ताकि विद्यालय एवं जिला का नाम रोशन हो.

रामगढ़ जिले की समस्याओं पर सांसद ने डीसी से की मुलाकात, बोले

विकास कार्यों को गति देने की जरूरत : सांसद

vivo Y56 · by SATYAJEET
Aug 30, 2023, 15:07

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। जिले में चल रहे विकास कार्यों और समस्याओं को लेकर सांसद जयंत सिन्हा ने पार्टी नेताओं के साथ शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार से मुलाकात की। इस दौरान पीवीयूएनएल के विस्थापित, सेवटा क्रासिंग, मेडिकल स्टाफ भर्ती, गोला चौक निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, जमीन रजिस्ट्री, विस्थापितों की समस्याओं सहित सेंट्रल स्कूल भुरकुंडा के स्थानान्तरण के विरोध पर चर्चा हुई। साथ ही डीएमएफटी फंड से हो रहे विकास कार्य के पूरा होने में हुई देरी पर भी चिंता जताई गई। उपायुक्त से मिलकर सांसद ने असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि रामगढ़ जिले में छोटे छोटे विकास कार्यों के लिए सांसद मद से करीब ढाई करोड़ रुपये जारी किए गए थे लेकिन आज तक वह राशि अनुशंसित मद में नहीं पहुंची। सांसद ने कहा कि जब हमारे पर डीएमएफटी फंड में सरप्लस राशि उपलब्ध है तो विकास कार्यों में देरी नहीं होनी चाहिए। जयंत सिन्हा ने कहा कि घाटी में हो रही दुर्घटना में त्वरित इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर का निर्माण करवाया गया था। सीटी स्कैन सहित अन्य आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित सदर अस्पताल का निर्माण करवाया था लेकिन आज ये भी मेडिकल स्टाफ की भर्ती में सरकार की उदासीन प्रक्रिया का भेंट चढ़ चुकी है, जो दुखद है। यहां के स्टाफ नियुक्ति में आने वाली अड़चनों को भी समाप्त करने में स्वास्थ्य मंत्रालय का सहयोग मिल रहा है तो अब इसकी नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने की जरूरत है।

डीसी ने दिया सकारात्मक पहल करने का आश्वासन

सांसद की बातों को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद डीसी ने अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उपायुक्त चंदन कुमार ने डीआरएम से बात की और कहा कि सेवटा में जबतक वहां के पच्चीस पंचायतों के निवासियों के लिए रास्ते का कोई दूसरा विकल्प नहीं मिलता तब तक उस क्रासिंग को बंद नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि जिस जमीन पर भवन बना है उसकी रजिस्ट्री प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जिस जमीन पर किसी प्रकार का निर्माण नहीं है उसकी रजिस्ट्री के लिए राज्य सरकार के निर्देश का इंतजार है। बॉन्ड पेपर का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया की इसको वापस करने की प्रक्रिया को अपनाते हुए सभी लोग अपना रिफंड प्राप्त कर सकते हैं। इसमें कोई समस्या नहीं है। बाकी के सभी मांगों पर उपायुक्त ने सहमति जताते हुए कहा कि डीवीसी चौक पर जल्द ही गोलंबर का निर्माण होगा। साथ ही सामुदायिक भवनों की उपयोगिता के हिसाब से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को रजरप्पा मंदिर, महामाया टुंगरी, टोटी झरना जैसे धार्मिक स्थलों को भी पर्यटन स्थल में बदलने के लिए उनका पंजीयन करवाने का सुझाव दिया। डीसी से मिलने गए लोगों में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्र, नारायण चंद्र भौमिक, रंजीत पांडे, रविंद्र शर्मा, सुमन सिंह, योगेश दांगी एवं जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी शामिल थे।

चरही में बदलाव संकल्प महासभा में उमड़ा जनसैलाब

हजारीबाग। हजारीबाग के चरही स्थित बिरसा फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को बदलाव संकल्प महासभा में जनसैलाब उमड़ा और वक्ताओं ने परिवर्तन की हुंकार भरी. मौके पर जयराम महतो और अन्य वक्ताओं ने कहा कि झारखंड में एक बहुत बड़े बदलाव की जरूरत है. इसके लिए सभी को तैयार रहना होगा. झारखंड के लिए आंदोलन बदलाव का एक दौर है. सभी झारखंडी को उठ खड़ा होना होगा. यह एक बड़े परिवर्तन का दौर है. यह आंदोलन एक उम्मीद का आंदोलन है. झारखंड के जनमुद्दों को लेकर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति पूरे राज्य में सभाएं कर रही हैं और लगातार झारखंड वासियों के हक और अधिकारों को लेकर जन जागरुकता अभियान चला रही है. वक्ताओं ने कहा कि झारखंडी मुद्दों पर जुटी भीड़ स्पष्ट स्थानीय और नियोजन नीति की मांग कर रही है. साथ ही झारखंड की 81 विधानसभा और 14 लोकसभा सीटों पर स्थानीय झारखंडी को सांसद और विधायक बनाने को लेकर तैयारी कर रही हैं.

हाथियों का कहर तीसरे दिन भी जारी

कई घरों को किया ध्वस्त फसलों को किया बर्बाद



नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का कहर लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। बीते रात हाथियों की झुंड ने पचरुखी तिलैया निवासी छोटी सिंह के घर को तोड़ दिया। वहीं झारखंड हाई स्कूल पचरुखी तिलैया के दिवाल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। कोनहरा कला निवासी जीवन यादव, राजेश यादव, जागेश्वर यादव, धुपल यादव के खेत में लगे मकई फसल को रौंद दिया। शुक्रवार को अहले सुबह हाथियों की झुंड पंचरुखी स्थित बजराही टांड में लगभग तीन एकड़ जमीन में लगे मकई फसल को रौंद दिया। हाथियों की झुंड को देखने के लिए आसपास के लोगों की हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं वन विभाग के कमीयों ने पूरी रात हाथियों को खदेड़ने का प्रयास किया लेकिन हाथियों की झुंड पूरे दिन मकई खेत को अपना आशियाना बना डाला। और खेत में लगे फसलों को तहस-नहस कर दिया। वनरक्षी राजेंद्र प्रसाद के मुताबिक हाथियों को भगाने का प्रयास जारी है। लेकिन ग्रामीण लोग अपने क्षेत्र में से हाथियों को गुजरने नहीं देते जिसके कारण हाथियों की झुंड मुव नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने हाथियों को भगाने में ग्रामीणों से सहयोग की अपील की है।

किसान समस्याओं पर सीपीआई का धरना

अखिल भारतीय किसान सभा रामगढ़
प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता ने शुक्रवार को समाहरणालय के समक्ष धरना देते हुए कहा कि पूरे झारखंड में किसानों की स्थिति दयनीय हो गई है। सरकार यदि जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं करेगी तो उनके जीवन पर संकट मंडराने लगेगा। किसानों की समस्या को लेकर सीपीआई पूरे राज्य में धरना प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में भी यह प्रदर्शन इसलिए किया जा रहा है क्योंकि, यहां के किसान भी जिंदा रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनके कब्जे की जमीन का ना तो रसीद काटा जा रहा है और ना ही उनकी फसल का उचित दाम मिल रहा है। जब रघुवर दास की सरकार राज्य में थी तो उन्होंने बिना सोचे-समझे लाखों हेक्टेयर जमीन को जीएम लैंड बताकर ब्लॉक कर दिया गया जबकि वर्षों से किसानों की उस जमीन का रसीद कटता आ रहा था। किसानों की जमीन को ब्लॉक कर उनके जीवन के आधार को खत्म कर दिया गया है। सीपीआई की मांग है कि झारखंड में पिछले दो वर्षों से अच्छी बारिश नहीं हुई है, जिसकी वजह से लाखों हेक्टेयर जमीन बंजर पड़ गई। ऐसे में सरकार को तत्काल राज्य को अकाल ग्रस्त क्षेत्र घोषित करना चाहिए और किसानों को उचित मुआवजा देना चाहिए। राज्य सरकार को रामगढ़ को अकाल क्षेत्र घोषित कर देना चाहिए। महेंद्र पाठक ने कहा कि सरकार अदानी ग्रुप को लाभ पहुंचाने के लिए लाखों किसानों की बलि चढ़ाने को तैयार है। भारत माला परियोजना भी इसका उदाहरण है। इस परियोजना को पूरा करने के लिए जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है लेकिन उसके दाम कौड़ी के भाव दिए जा रहे हैं। आज ग्रामीण इलाकों में भी लाख रुपये कट्ठा जमीन की बिक्री हो रही है लेकिन सरकार चार से पांच हजार रुपये कट्ठा का भाव देकर अन्याय कर रही है।

बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की तैयारी जोरों पर

बरकट्ठा। प्रखंड मुख्यालय परिसर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की तैयारी जोरों पर है।वहीं बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, पूर्व जिप प्रतिनिधि केदार साव,रीतलाल प्रसाद, सन्नी साव समेत दर्जनों कार्यकताओं ने 05 सितम्बर को होनेवाली संकल्प यात्रा कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया। वही टुकलाल नायक ने बताया कि आयोजन को लेकर भव्य टेंट एवं लोगों को बैठने आदि की व्यवस्था की जा रही है। कहा की श्री मरांडी के आगमन को लेकर सभी गांव, टोले व मुहल्ले में जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है ।वहीं केदार साव ने कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। श्री मरांडी की संकल्प यात्रा में हजारों हजार की संख्या में लोग पहुंचेंगे एवं उनके संकल्प यात्रा बरकट्ठा के लिए ऐतिहासिक होगी।

ओपीएस पुनर्बहाली दिवस पर कर्मियों ने हेमंत सरकार का जताया आभार, बांटी मिठाइयां

नवीन मेल संवाददाता

बरही । 2004 के बाद बहाल हुए राज्य कर्मचारियों के बंद किए गए पुरानी पेंशन पद्धति को बीते वर्ष 1 सितंबर को पुनः लागू किया था. इसकी पहली वर्षगांठ पर राज्य कर्मियो ने पूरे राज्य में ओपीएस (ओल्ड पेंशन सिस्टम) पुनर्बहाली दिवस मनाया. इसी के तहत प्रखंड में भी बीडीओ सहित अन्य कर्मचारियों, शिक्षको आदि ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया. साथ ही बैज लगाकर सेल्फी खिंचवाते हुए सीएम को ट्वीट कर अभार जताया. अभार जताते वालो में बीडीओ सी आर इंदीवर सहित एमओ डॉ मुकेश कुमार, पंचायत सेवक रामवृक्ष सिंह, प्रवीन राम, सहायक महेंद्र प्रसाद, मो इम्तियाज, अनुसेवक दीपक कुमार आदि सहित सभी प्रखंड के कई कर्मी मौजूद थे. प्राप्त जानकारी के अनुसार झाटॉएफ के जिला सचिव किशोरी महतो ने अपने विद्यालय के बच्चों के बीच मिठाई वितरण के साथ बिरहोर परिवार के बीच मिठाई एवं वस्त्र वितरीत किया. मौके पर प्रखंड संयोजक सुनील कुमार यादव, कोषाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, मीडिया प्रभारी तुलसी कुमार दास, मातृ शक्ति से संजू देवू, रश्मि द्वेदी, कुमारी निर्मला,सावना उरांव, सुरेंद्र दास, लखन ठाकुर आदि मौजूद थे.

स्टोन चिप्स लदे दो हाइवा जब्त, दोनों के चालक गिरफ्तार

हजारीबाग। केरेडारी पुलिस ने स्टोन चिप्स लदे दो हाइवा को जब्त कर लिया है. इस संदर्भ में थाना प्रभारी एनजी केरकेट्टा ने बताया कि केरेडारी पुलिस गश्त पर थी. इसी क्रम में दोनों हाइवा में स्टोन चिप्स लदा पाया गया. दोनों वाहनों पर लोड चिप्स के माइनिंग चालान समेत अन्य से कागजात मांगे गए, जो फर्जी मिले. जब्त दोनों हाइवा में करीब 40 से 45 टन स्टोन चिप्स लदे थे. उन पर केरेडारी थाना कांड संख्या 274/2823 खनिज संपदाओं के अवैध परिवहन की धाराओं के साथ मामला दर्ज किया गया. साथ दोनों वाहनों के चालक धर्मेंद्र कुमार और मनोज महतो के साथ ही वाहन मालिक और वाहनों पर मामला दर्ज किया गया. दोनों चालकों को जेल भेज दिया गया.

हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जल्द लगेगी स्ट्रीट लाइट : जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया

बरकट्ठा। जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया द्वारा विगत सप्ताह उपायुक्त नैंसी सहाय से मिल कर प्रखण्ड के हाथी प्रभावित क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की गई थी। जिस पर उपायुक्त ने वन विभाग को निर्देश देते हुए प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाइट लगवाने का आदेश तत्काल दिया और 15 स्ट्रीट लाइट मुहैया कराया गया। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि जल्द ही और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कर दी जाएगी। वहीं प्रेरणा प्रिया ने कहा कि प्रखंड के चेचकपी,गोरहर,शिलाडीह,बेलकपी, कोनहरा खुर्द, झुरझुरी आदि स्थान में प्रथम पेज में स्ट्रीट लाइट लगाया जायेगा तथा द्वितीय फेज में शेष बचे स्थान में स्ट्रीट लाइट लगाया जाएगा।

पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में टाटा कंपनी के द्वारा छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। टाटा कंपनी का शैक्षणिक ट्रस्ट टीसीएस के द्वारा कक्षा छठवीं से दसवीं तक के बच्चों के बीच छात्रवृत्ति परीक्षा लिया गया। जिसमें लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा का आयोजन टीसीएस कंपनी के प्रतिनिधि अजय कुमार रवि एवं दीपक प्रसाद की देखरेख में संपन्न कराया गया। विद्यालय निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया की टाटा कंपनी गरीब एवं मेधावी विद्यार्थियों के लिए पूरे भारतवर्ष में छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन करवाती है । जो बच्चे विद्यालय लेवल की परीक्षा में पास करेंगे उन्हें जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

महाबर युवा वाहिनी की ओर से महाबर बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के कोसमा धरहरा स्थित महाबर बाबा मंदिर में सावन के अंतिम पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन के अवसर पर श्रद्धालुओं व भक्तों को महाबर युवा वाहिनी के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच चना, गुड़, शरबत व शीतल जल प्रसाद का वितरण किया तथा महाबर बाबा मंदिर का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोसमा धरहरा के वन समिति का अध्यक्ष रामलखन पंडित, सचिव अर्जुन दास, कोष अध्यक्ष विजय साव, दुग्गीलाल प्रसाद, महाबर युवा वाहिनी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष लालमणि प्रसाद, सचिव रामेश्वर पासवान, उपसचिव दीपक दास, कोष अध्यक्ष अजय कुमार उप कोषाध्यक्ष अभिजीत दास तथा मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र शर्मा, शशिभूषण प्रसाद, राजीव भूषण, शंकर सर जी, राजेंद्र पासवान, सुशील हितैषी, विकास कुमार, नारायण राणा, सी मुकेश कुमार, राजू कुमार, संतोष कुमार, सूरज कुमार, कृष्णा प्रसाद, पिंटू कुमार, पंकज कुमार, संजय कुमार, रामचंद्र साव, राजेश कुमार, सिकेंद्र मंडल, अनिल मंडल, अंकित साव, पंकज पासवान, अजय कुमार, विनय कुमार अन्य लोग उपस्थित थे।

स्वच्छ चुनाव हो

बरही प्रेस क्लब का चुनाव कल, नामांकन वापसी प्रक्रिया संपन्न

अध्यक्ष, सचिव व उपसचिव पद के लिए होगा चुनाव

नवीन मेल संवाददाता

बरही (हजारीबाग)। बरही प्रेस क्लब का चुनाव आगामी 3 सितंबर यानी रविवार को होगा। इस बाबत शुक्रवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान कमल शंकर पंडित, अमित सोनी, सोनू पंडित, सोमनाथ ठाकुर दो पद के लिए नामांकन प्रपत्र खरीदे थे, जिसमें कोषाध्यक्ष पद का नामांकन प्रपत्र कमल शंकर पंडित, कार्यकारिणी सदस्य का सोमनाथ ठाकुर, अमित सोनी व संयुक्त सचिव पद के लिए सोनू पंडित अपना नामांकन प्रपत्र वापस किए। वहीं नामांकन वापस लेने के बाद कमल शंकर पंडित संयुक्त सचिव व जयदीप सिन्हा कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध जीत दर्ज किए। उपाध्यक्ष पद पर कृष्णा यादव व अजय कुमार कुशवाहा भी निर्विरोध जीत दर्ज किए। वहीं कार्यकारिणी सदस्य में मो. शोएब अख्तर, योगेंद्र प्रजापति व पंचम पाण्डेय भी निर्विरोध दर्ज किए। वहीं शुक्रवार को सभी निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों को निर्वाचन कमिटी के सदस्य श्याम मोहन शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, कृष्णा प्रजापति व दयानंद चौरसिया के हाथों प्रमाण पत्र सौंपा गया। वहीं अध्यक्ष पद के लिए राजदेव कुमार व बिपिन बिहारी पांडे, सचिव पद के लिए सोनू पंडित, अनुज कुमार सोनी, रितेश कुमार गुप्ता, सोमनाथ कुमार ठाकुर व राजेश प्रसाद केसरी, उपसचिव पद के लिए कुनकुन स्वर्णकार, सुरेंद्र निषाद व अमित कुमार सोनी मैदान में है।

बाल संरक्षण कार्यालय में कार्यरत कर्मियों के अवधि विस्तार को लेकर डीसी की बैठक

रामगढ़। जिला बाल संरक्षण कार्यालय रामगढ़ में संविदा के आधार पर कार्यरत कर्मियों के अवधि विस्तार को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कर्मियों के बायोमैट्रिक अटेंडेंस की जांच व विगत वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कर्मियों की नियुक्ति हेतु अपनाई गई प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करने के उपरांत अवधि विस्तार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने कार्यों की समीक्षा के क्रम में एक कर्मी के कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मी से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया।

मामला : तीन अलग-अलग क्षेत्रों में कीटनाशक खाकर

महिलाओं ने की आत्महत्या का प्रयास, एक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा में इन दोनों छोटी-छोटी बातों में कीटनाशक का सेवन करना आम बात हो गया है जिसके वजह से आए दिन मौत हो रही है घरेलू विवाद छोटी-छोटी बात पर तनाव या फिर किसी अन्य बातों को लेकर गुस्से में आकर कीटनाशक का सेवन करने का मामला लगातार सिमडेगा में बढ़ रहा है। शुक्रवार को भी अलग-अलग जगह पर तीन महिलाओं ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया जिसमें से एक महिला की मौत हो गई जबकि 1 महिला का इलाज चल रही है एवं एक को रांची रेफर कर दिया गया। पहला मामला सिमडेगा के बोलबा पाकरबाहर गांव की है। जहां की 22 वर्षीय कौशल्या देवी नामक महिला ने अपने घरेलू विवाद में आकर कीटनाशक का सेवन कर लिया इधर कीटनाशक सेवन करने की वजह से उसकी तबीयत बिगड़ी तब जाकर परिवार वालों ने उसे सदर अस्पताल लाया जहां पर इलाज करने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए राजधानी रांची रेफर कर दिया गया। वही दूसरा मामला जलडेगा थाना क्षेत्र अंतर्गत लंबोई गांव की है। जहां की 55 वर्षीय साधना देवी नामक वृद्ध महिला ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया बताया गया कि वह अपने पति राम नंदन से किसी बात को लेकर बहस की और जब लड़ाई बढ़ गई तब गुस्से में आकर घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया इधर जब उसकी तबीयत बिगड़ी तब उसके बेटे एवं अन्य परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा ले जाया गया जहां पर उसकी इलाज चल रही है। वहीं तीसरा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत टैसेरा गांव की है जहां की 29 वर्षीय मोनिका तिर्की नामक महिला घरेलू विवाद में गुस्से में आकर दोपहर में घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया बाद में उसके पति रणदीप तिर्की के द्वारा उसे इलाज के लिए सेवई स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर ले जाया गया। जहां से उसकी स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में पहुंचने के साथ ही डॉक्टर के द्वारा उक्त महिला को मृत घोषित कर दिया । उसके पति ने बताया कि वह बकरी चराने गई थी और वापस आई उसके बाद उसका पति खेत के लिए खाद खरीदने के लिए बाजार गया। जैसे ही लौटा तब वह कीटनाशक का सेवन कर चुकी थी। इधर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद उक्त शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक महिला के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में हुई मासिक बैठक

प्रकृति का महापर्व करमा महोत्सव मनाने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू के अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षकों के साथ मासिक बैठक संपन्न हुआ । बैठक में पिछले माह हुए निर्णयों तथा किए गए कार्यों की विस्तृत चर्चा करते हुए समीक्षा की गई तथा सितंबर माह के लिए छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए गहन चर्चा कर कार्य योजना तैयार की गई। प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने इस माह होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए रूपरेखा तैयार किया । जानकारी देते हुए बताया कि वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड द्वारा यूपीएससी की निशुल्क तैयारी के निमित्त शुरू किए गए निर्माण कोचिंग सेंटर रांची के लिए विद्यालय में फार्म उपलब्ध है इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालय के प्रत्येक कार्य दिवस को विद्यालय आकर फार्म प्राप्त कर सकते हैं फार्म का शुल्क 500 है प्रवेश परीक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में ही होगी। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के पश्चात उत्तीर्ण होने पर वे ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन दोनों माध्यम से यूपीएससी की तैयारी निशुल्क कर सकते हैं । सर्वसम्मति से विद्यालय में धूमधाम से पूरे हर्षालस के साथ प्रकृति का महापर्व करमा महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया ।बैठक के अवसर पर 9 सितंबर को प्रथम सावधिक परीक्षा का परीक्षाफल देने का निर्णय लिया गया । बैठक के दौरान सितंबर माह में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में भी व्यापक रूप से चर्चा की गई। सितंबर माह में विभिन्न तिथियां को विद्यालय में बस्ता प्रतियोगिता , वेश प्रतियोगिता , जिल्द लगाओ प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता आदि कराने का निर्णय लिया गया। दिनांक 13 सितंबर 2023 को विद्यालय में कक्षा सह रंगोली प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया । बैठक के अवसर पर छात्रों के शैक्षणिक तथा बौद्धिक विकास के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा अभिभावकों से भैया-बहनों के विकास के निमित्त चर्चा करने दिनाँक 16 सितंबर से 16 नवंबर तक अभिभावक संपर्क के लिए भी रूपरेखा तैयार की गई । बैठक में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू, मनोज प्रसाद, आशीष बड़ाईक, जितेंद्र पाठक, मनोज कुमार, निरंजन कुमार, गौरी देवी, गीता कुमारी, सोनिया कुमारी, ममता कुमारी, सीता देवी, सुषमा प्रधान, सुलोचना कुमारी, मुदित टोप्पो, प्रमिला किड़ो,आशा तोपनो, टिकेश्वरी कुमारी, संतोषी कुमारी, रशमी बड़ाईक, शारदा मिश्रा, मीरा कच्छप, चंपा मांझी, सरिता कुमारी, पूजा अनुरागिनी, रोशनी कुमारी, अलका कुमारी, मदन साव, अनिमा तिग्गा, अशुंता लकड़ा आदि उपस्थित थे

कोडरमा : दोमुहानी धाम मंदिर में अखंड हरिकीर्तन संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। चंदवारा प्रखंड के पूतो गांव स्थित दोमुहानी धाम मंदिर परिसर में हर साल के भांति इस साल भी सावन माह में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन पूजा समिति द्वारा किया गया. अखंड हरिकीर्तन में प्रखंड के विभिन्न गांवों के कीर्तन मंडली ने भाग लिया और लगातार 2 माह तक अखंड हरिकीर्तन करते रहे. 1 सितंबर को हरिकीर्तन का समापन हुआ. समापन समारोह में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए. मंदिर के मुख्य पुजारी सुगेश्वर पंडित एवं बंशी यादव ने अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया. वहीं कीर्तन मंडली को भी माला एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वगत किया गया. इसके बाद भंडारा का भी आयोजन किया गया. इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि सावन माह में पूजा समिति की ओर से अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया जाता है, जिसमें प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल होते हैं. अखंड हरिकीर्तन होने से आसपास का गांव भक्तिमय हो जाता है. मौके पर जिप सदस्य नीतू यादव, प्रमुख मंजू देवी, पूर्व प्रमुख महेंद्र यादव, लीलावती देवी, मुखिया पुष्पा देवी, लक्ष्मण यादव, चंद्रभूषण साव, मुंशी यादव आदि लोग मौजूद थे.

समसेरा के बखरा टोली में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ फाइनल मैच

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा/बोलबा। प्रखंड के समसेरा बखराटोली में फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ,युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे जहां पर आयोजन समिति के द्वारा आगंतुक अतिथियों को माला पहनकर पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। इस दौरान फाइनल मैच पालेमुंडा बनाम पाकरबाहर के बीच खेला गया। जहां पर शानदार मुकाबला करते हुए प्रकार बाहर की टीम ने 2-0से जीत दर्ज की। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि झारखंड पार्टी का प्रयास है कि सभी खेलों को प्राथमिकता और बढ़ावा दिया जाए और इसी उद्देश्य के साथ लगातार हॉकी फुटबॉल हो या अन्य खेल सभी खेलों में झारखंड पार्टी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर वहां के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का काम कर रही है आने वाले दिनों में सभी खेलों को प्राथमिकता के तौर पर आगे बढ़ने का काम किया जाएगा ताकि उसे खेल के माध्यम से ऊजार्वान और बेहतरीन खिलाड़ी बाहर निकाल कर देश-विदेश में जाकर जिले का नाम रोशन करें। युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का ने कहा वर्तमान समय में खेल के क्षेत्र में सभी लोग आगे बढ़ रहे हैं इसका एकमात्र कारण है कि आज खेल के माध्यम से रोजगार के नए-नए साधन उपलब्ध हैं जहां पर लोग खेल के साथ-साथ उन रोजगार को भी आसानी से पा सकते हैं इसीलिए सभी लोग अनुशासन के साथ खेल कर आगे बढ़े। मौके पर पुर्व जीप उपाध्यक्ष बिरसा माझी अमन खेस, आशीष सिंह,रवि बड़ाईक,सुदीप लुगुन, रसाल खलखो आदि उपस्थित थे।

सभी खेलों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ने का कार्य करेगी झारखंड पार्टी: एनोस एक्का

बिजली समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता से मिले भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। केरसई प्रखंड के कोनसकेली ग्राम के विद्युत उपभोक्ताओं ने समाज सेवी भाजपा पुर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा जी से मुलाकात कर अपनी अपनी समस्या सुनाई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हमलोगों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए हैं, बिजली बिल नहीं दिए जा रहे हैं, एकमुश्त बिजली बिल दिए जा रहे हैं, दो दो मीटर के बिल दिए जा रहे हैं, किसी दुसरे का के नाम पर मीटर लगा दिए गए हैं जिसके कारण बिल नहीं आ रहा है इत्यादि ।कोरकोट जोर निवासियों संजय प्रसाद ने बेसरा जी को बताया कि कोरकोट का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है, बिजली मिस्त्री ने कहा कि ट्रांसफार्मर में तेल की कमी से खराब होने की बात कही है ।समस्याओं के निराकरण हेतु श्री बेसरा ने सहायक कनीय अभियंता सिमडेगा से मुलाकात कर सभी समस्याओं से रूबरू कराया। कंनीय अभियंता जी ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बताया कि बकाया बिल का भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काट दिया गया, जिसका जिसका कनेक्शन काट दिए गए हैं वे बकाया बिल का भुगतान कर दें तथा पुनः कनेक्शन के लिए फीस जमा कर दें ताकि विद्युत कनेक्शन पुनः जोड़ दी जाएगी ।और जिनका बिल नहीं आया है वे अपना कंज्यूमर नम्बर , मीटर नम्बर जमा कर दें ताकि विद्युत बिल निर्गत कर उनके घर भेजा जा सके ।अभी इस महीने वन टाइम बिजली बिल जमा करने पर बिल में रियायत देने की योजना चल रही है, बकाया बिल उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठा सकते हैं ।कोनसकेली ग्राम से रंगलाल प्रधान , भुवनेश्वर प्रधान और रविंद्र माझी, कलिंदर प्रधान ,फुल मनी देवी, मदन प्रधान, राम भरण प्रधान, देवन प्रधान ,दशरथ प्रधान, नागेश्वर मांझी ,गोंडरा माझी, पारू माझी, जयमंगल प्रधान आदि उपस्थित थी।

आयुष्मान भारत कार्ड मुख्यमंत्री जन आरोग्य से संबंधित समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत कार्ड एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक के दौरान उपायुक्त ने आयुष्मान भारत कार्ड से आच्छादित लाभुकों के ई-केवाईसी के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को प्रभावी करने, सीएचसी एवं पीएचसी स्तर लक्ष्य निर्धारण के अनुरूप आंकड़ा तैयार कर लाभुकों के बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन के उपरांत कार्ड निर्माण की प्रक्रिया को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि शत-प्रतिशत लाभुकों को आयुष्मान भारत कार्ड - मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से अच्छादित करें, ताकि जरूरत के अनुरूप उन्हें चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराकर मदद किया जा सके। उपायुक्त के द्वारा आयुष्मान भारत कार्ड एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना को आम जनों को अच्छादित करने के लिए वृहद रूप अभियान चलाने का निर्देश दिया ।बैठक द्वारा सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप कुमार उपस्थित थे।

बांसजोर ओपी क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थान से मिले दो शव, पुलिस ने किया बरामद

सिमडेगा। बानसूर आप की पुलिस ने दो अलग-अलग स्थान से दो लोगों का शुक्रवार को शव बरामद किया है पहला मामला तरगा के फुलझर जंगल की है जहां से गोवर्धन सिंह नामक व्यक्ति का पुलिस ने शव बरामद किया है। जानकारी देते हुए गोवर्धन सिंह के छोटे भाई रविंद्र सिंह ने बताया कि उसका भाई बुधवार को जंगल से लकड़ी लाने के लिए गया था और नहीं लौटा बाद में पूरे परिवार वाले पूरे जंगल का छानबीन किया लेकिन कहीं नहीं मिला उसके बाद गांव के अन्य साथियों की मदद से काफी खोजबीन की गई तब जाकर फुलझर जंगल में गोवर्धन सिंह का शव बरामद किया जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। परिजनों के अनुसार उसके माथे में किसी धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है वहीं इधर थाना प्रभारी मैथ्यू एक्का ने कहा है कि मामले की छानबीन की जा रही है इसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। वही दूसरा मामला डूमर मुंडा गांव की है जहां पर लीलाधर बेसरा नामक व्यक्ति का स्थानीय लोगों ने खेत में शव देखा जिसकी बाद इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले की छानबीन की जा रही है।

जलडेगा थाना क्षेत्र में अलग-अलग तालाब में डूबने से दो महिलाओं की हुई मौत

जलडेगा। जलडेगा थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग जगह पर तालाब डूबने की वजह से दो महिलाओं की मौत हो गई पहला मामला थाना क्षेत्र के टेंगराटुकु दादीबेड़ा गांव की है जहां पर 30 वर्षीय सिलेस्टीना तोपनों नामक महिला तालाब नहाने गई थी इसी दौरान अचानक मिर्गी का दौरा आया और आसपास मदद नहीं मिलने की वजह से महिला की डूबने से मौत हो गई वही स्थानीय लोगों की जब नजर पड़ी तब इसकी सूचना पुलिस को दी ।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा यहां पर शव का पोस्टमार्टम हुआ। वही दूसरा मामला थाना क्षेत्र के ढोडीबहार जामपानी गांव की है जहां पर तालाब नहाने के दौरान सिलवंती सूरिन नामक महिला की डूबने से मौत हो गई ।पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा बताया गया कि पानी अत्यधिक होने की वजह से डूबकर महिला की मौत हुई।

डीसी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

सिमडेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की बैठक में कुलवीर एवं सिमडेगा विधानसभा के निर्वाचक निबंधन मौजूद रहे ।बैठक के दौरान 70-सिमडेगा एवं 71- कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों के जर्जर भवन, अत्यधिक सुदरवर्ती बुथ केन्द्र , मतदान केंद्र का अनुभाग से काफी दूरी होना, मतदान केंद्र विवादित स्थल पर है जिनका भवन परिवर्तन करने एवं मतदान केंद्रों के नाम में आंशिक परिवर्तन का प्रस्ताव प्राप्त था जिसपर पर आवश्यक विचार-विमर्श करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। साथ ही वैसे मतदान केंद्र जिनमें मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है उन मतदान केंद्रों को यैक्तिकीकरण किए जाने संबंधी दिशा निर्देश दिए गये।

संकल्प

भारतीय स्टेट बैंक सिमडेगा ने लोंबोई गांव को गोद लिया

छात्राओं के बीच हॉकी स्टिक का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सप्त ऋषि कार्यक्रम के तहत पूरे भारत वर्ष में 100 गांव को गोद लिया गया है ।जिसमे सिमडेगा जिला के जलडेगा प्रखंड के लोंबोई गांव भी शामिल है ।भारतीय स्टेट बैंक सिमडेगा के द्वारा लोंबोइ पंचायत भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में वित्तीय समावेशन विभाग के मुख्य प्रबंधक राजेश दिनकर,एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया शिशिर डांग,सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा,ग्राम प्रधान जुनाश टोपनो,ग्राम सभा सचिव मुकुट बागे,पूर्व प्रमुख एशरांति उपस्थित थे। कार्यक्रम का उदघाटन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। लोगों को संबोधित करते मुख्य अतिथि राजेश दिनकर ने कहा सप्तऋषि कार्यक्रम के तहत पूरे भारत वर्ष में एक सौ गांवों को भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा गोद लिया गया है.जिसमे सिमडेगा जिले के जलडेगा प्रखंड के लोंबोई गांव भी शामिल है ।कार्यकम के तहत लोगों को बैंकिंग से जोड़ना पहली प्राथमिकता होगी साथ ही वित्तीय सहयता,वित्तीय जागरूकता,के आलावे अन्य जनकल्याण कारी योजनाएं चलाकर लोगों को लाभ देना बैंक की प्राथमिकता होगी ।उन्होंने लोगों को छोटी छोटी बचत कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की बात कही,साथ ही प्रधान मंत्री बीमा योजना का लाभ कम लागत देकर बीमा का लाभ लेकर अपने परिवार को सुरक्षित करने की बात कही.कार्यक्रम को मुखिया शिशिर डांग ने भी संबोधित किया उन्होंने बैंक द्वारा लंबाई गांव को गोद लेने के लिए धन्यवाद दिया,साथ ही इस कार्य से गांव का विकास होने की बात कही,वहीं सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ने भी बैंक के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों को सिमडेगा शाखा के मुख्य प्रबंधक सुभाष होरो के द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया.इसके साथ ही स्कूल की छात्राओं को हॉकी स्टीक प्रदान कर खेल के क्षेत्र में लोबोई गांव का नाम देश में आगे बढ़ाने की बात कही गई ।मौके पर पर्यावरण रक्षा का संकल्प लेते हुए वृक्षारोपण किया गया ।कार्यक्रम का संचालन पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज सिमडेगा के प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर ₹सत्या₹ के द्वारा किया गया ।धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक सुभाष होरो के द्वारा किया गया.कार्यकम को सफल बनाने में उप प्रबंधक राजेश तिग्गा,ग्राहक मित्र योगेश कुमार वर्मा,हॉकी कोच आशा बाः सहित अन्य लोगों की अहम भूमिका रही।

250 बच्चों के बीच बैग का वितरण

जीईएल मध्य विद्यालय लोबोई में छात्र छात्राओं के बीच 250 स्कूल बैग का वितरण कर छात्र छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण कर पढाई करने की बात कही गई.कार्यकम के दौरान स्कूल की सहायक शिक्षिका एनी आइंद के अगुवाई में बैंक के अधिकारियों का स्वागत स्वागत गीत गाकर छात्र छात्राओं के द्वारा किया गया.इसके बाद स्कूल को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया.बैग का वितरण मुख्य प्रबंधक राजेश दिनकर, एसबीआई सिमडेगा के मुख्य प्रबंधक सुभाष पी होरो एवं अन्य अतिथियों के द्वारा किया गया।

कोडरमा: बीडीओ की पहल पर शुरू हुआ सड़क निर्माण

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। सतगावां प्रखंड के दुरूस्त पंचायत मरचोई के गांव गलवती से खैराखुर्द गांव में सड़क नहीं थी. ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था. ग्रामीण जैसे-तैसे पगडंडी के सहारे आवागमन करते थे. बरसात में उनकी परेशानी और बढ़ जाती थी. ग्रामीणों ने गांव में सड़क बनाने को लेकर कई जगह आवेदन दिया. मगर कोई सुनवाई नहीं हुई. गांव में सड़क बनाने में कुछ अड़चन भी आ रही थी. कुछ सरकारी जमीन थी और कुछ रैयती. जिसको लेकर परेशानी हो रही थी. ग्रामीणों ने अपनी समस्या से सतगावां बीडीओ सह सीओ वैद्यनाथ उरांव को अवगत कराया. बीडीओ ने संज्ञान में लेते हुए अंचल निरीक्षक, राजस्वकर्मी और अमीन को उक्त स्थल पर भेजा. अमीन ने सड़क बनाने के लिए कुछ सरकारी जमीन को चिन्हित किया, वहीं कुछ रैयतों से बात की. बीडीओ खुद गांव गये और रैयतों से बातचीत की. जिसके बाद रैयतों ने सड़क बनाने के लिए जमीन देने की सहमति दी. रैयतों की सहमति के बाद ग्रामीणों ने श्रमदान से सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया.

बहुत बड़ी निर्बलता है दूसरों से अच्छा कहलाने की इच्छा, इसलिये अच्छे बनो, अच्छे कहलाओ मत : जीयर स्वामी

यदि शांति चाहते हो तो कामना का त्याग करो, अपने लिये सुख चाहना आसुरी वृत्ति

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि जैसा मैं चाहूं, वैसा हो जाय - यह इच्छा जबतक रहेगी, तबतक शांति नहीं मिल सकती। मनुष्य समझदार होकर भी उत्पत्ति-विनाशशील वस्तुओंको चाहता है - यह आश्चर्यकी बात है! शरीरमें अपनी स्थिति मानने से ही नाशवान बस्तु की इच्छा होती है। और इच्छा होनेसे ही शरीरमें अपनी स्थिति दृढ़ होती है। कुछ चाहने से कुछ मिलता है और कुछ नहीं मिलता; परंतु कुछ न चाहने से सब कुछ मिलता है। निंदा इसलिये बुरी लगती है कि हम प्रशंसा चाहते हैं। हम प्रशंसा चाहते हैं तो वास्तव में हम प्रशंसा के योग्य नहीं हैं; क्योंकि जो प्रशंसा के योग्य होता है, उसमें प्रशंसा की चाहना नहीं रहती। सांसारिक सुखकी इच्छा का त्याग कभी-न-कभी तो करना ही पड़ेगा तो फिर देरी क्यों? जहां तक बने, दूसरों की आशापूर्तिका उद्योग करो, पर दूसरों से आशा मत रखो। दूसरों से अच्छा कहलाने की इच्छा बहुत बड़ी निर्बलता है। इसलिये अच्छे बनो, अच्छे कहलाओ मत। मनुष्य को कर्मों का त्याग नहीं करना है, प्रत्युत कामना का त्याग करना है। मनुष्य को वस्तु गुलाम नहीं बनाती, उसकी इच्छा गुलाम बनाती है। यदि शांति चाहते हो तो कामना का त्याग करो। कुछ भी लेने की इच्छा भयंकर दुःख देन वाली है। जिसके भीतर इच्छा है, उसको किसी-न-किसी के पराधीन होना ही पड़ेगा। अपने लिये सुख चाहना आसुरी, राक्षसी वृत्ति है।

कहा कि जैसे बिना चाहे सांसारिक दुःख मिलता है, ऐसे ही बिना चाहे सुख भी मिलता है। अतः साधक सांसारिक सुखकी इच्छा कभी न करे। भोग और संग्रह की इच्छा सिवाय पाप कराने के और कुछ काम नहीं आती। अतः इस इच्छा का त्याग कर देना चाहिये अपने लिये भोग और संग्रहकी इच्छा करनेसे मनुष्य पशुओं से भी नीचे गिर जाता है तथा इसकी इच्छा का त्याग करनेसे देवताओंसे भी ऊंचे उठ जाता है जो वस्तु हमारी है, वह हमें मिलेगी ही; उसको कोई दूसरा नहीं। विचार करो, जिससे आप सुख चाहते हैं, क्या वह सर्वथा सुखी है? क्या वह दुःखी नहीं है? दुःखी व्यक्ति आपको सुखी कैसे बना देगा? कामना छूटने से जो सुख होता है, वह सुख कामनाकी पूर्तिसे कभी नहीं होता। परमात्माकी उत्कट अभिलाषा चाहते हो तो संसारकी अभिलाषाको छोड़ो। जो बदलनेवाले (संसार) की इच्छा करता है, उससे सुख लेता है, वह भी बदलता रहता है अर्थात अनेक योनियों में जन्मता-मरता रहता है। जिसको हम सदा के लिये अपने पास नहीं रख सकते, उसकी इच्छा करने से और उसको पाने से भी क्या लाभ ? कामना के कारण ही कमी है। कामना से रहित होने पर कोई कमी बाकी नहीं रहेगी। कामना का सर्वथा त्याग कर दें तो आवश्यक वस्तुएं स्वतः प्राप्त होंगी; क्योंकि वस्तुएं निष्काम पुरुषके पास आने के लिये लालायित रहती हैं। जो अपने सुखके लिये वस्तुओंकी इच्छा करता है, उसको वस्तुओं के अभावका दुःख भोगना ही पड़ेगा।

कहा कि जीवन तभी कष्टमय होता है, जब संयोगजन्य सुखकी इच्छा करते हैं और मृत्यु तभी कष्टमयी होती है, जब जीने की इच्छा करते हैं यदि वस्तुकी इच्छा पूरी होती हो तो उसे पूरी करनेका प्रयत्न करते और यदि जीनेकी इच्छा पूरी होती हो तो मृत्यु से बचनेका प्रयत्न करते, परंतु इच्छाके अनुसार न तो सब वस्तुएं मिलती हैं न और न मृत्यु से बचाव ही होता है। इच्छा का त्याग करने में सब स्वतंत्र हैं, कोई पराधीन नहीं है और इच्छाकी पूर्ति करने में सब पराधीन हैं, कोई स्वतंत्र नहीं है। सुखकी इच्छा, आशा और भोग- ये तीनों संपूर्ण दुःखों के कारण हैं। नाशवान्की चाहना छेड़ने से अविनाशी तत्त्व की प्राप्ति होती है ऐसा होना चाहिये, ऐसा नहीं होना चाहिये - इसी में सब भरे हुए हैं। हमारा सम्मान हो– इस चाहना ने ही हमारा अपमान किया है। मनमें किसी वस्तुकी चाह रखना ही दरिद्रता है। लेने की इच्छावाला सदा दरिद्र ही रहता है नाशवान्की इच्छा ही अंतःकरण की अशुद्धि है।

चपकली गांव में चार पशुओं को कुचलकर मार डाला, महिला को पटक कर तोड़ डाले पांव

चिनिया में थम नहीं रहा जंगली हाथियों का प्रकोप, घूम-घूमकर मचा रहे उत्पात

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया

थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात चौथे दिन भी जारी रहा हाथियों ने चपकली गांव में रात भर घूम घूम कर उत्पात मचाया, जिससे लोग काफी दहशत में हैं। गुरुवार रात थाना क्षेत्र के चपकली गांव में जंगली हाथियों ने लगभग 20 एकड़ में लगी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। इस दौरान हाथी खेत में लगी फसल धान, मकई, तिल, बादाम को सफाचट कर गए। वहीं चार पालतू पशुओं को भी कुचलकर मार डाला। वहीं गांव की ही 45 वर्षीय कमला देवी पति बिरझन भुईया को पटक कर घायल कर दिया। घायल कमला देवी के दोनों पैर टूट गये हैं।





जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने उक्त गांव में पहुंचकर घायल कमला देवी को अपनी गाड़ी से इलाज के लिए ले गए। चपकली गांव के भाठादामर टोले के बैजनाथ चौधरी का मकान तोड़ दिया गया व घर में रखा सारा सामान गेहूं चावल सरसों आदि बर्बाद कर दिया तथा एक दुधारू गाय को भी कुचलकर मार डाला तथा खेत में लगी मकई व धान को रौंद डाला। वहीं किसान शंकर भुइयां, विनोद भुईयां की एक बाछी को कुचलकर मार डाला एवं एक गाय को घायल कर दिया गया। वहीं घर के सामने चापाकल को भी हाथियों ने तोड़ डाला। विश्वनाथ चौधरी, छोटन चौधरी, चरकू चौधरी, पूरन चौधरी की मकई, घनश्याम साह की मकई, तिल बादाम, छठु भुईया की धान की फसल, रामचंद्र साह की एक गाय व एक बछड़ा को कुचलकर मार डाला तथा धान की फसल को नष्ट कर दिया गया। वहीं जगन्नाथ चौधरी, सुखाड़ी भुईया, आशीष चौधरी की तिल मकई, बादाम की फसल बर्बाद कर दी गयी। वहीं बुढ़ीटाड़ टोला में अजय सिंह, ददन सिंह, भागीरथी सिंह, राजकुमार सिंह, तहसीलदार सिंह, फुलकारी कुवर, परीखा कोरवा सहित अन्य कई किसानों की मकई, धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। बताते चलें कि पिछले चार दिनों से लगातार थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों के द्वारा फसलों का भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के झुंड में 15 से 20 हाथी हैं। शाम 7:00 बजे गांव में पहुंचकर रात भर उत्पात मचाते रहे। सुबह लगभग 4:30 बजे जंगल की ओर निकल गए। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के द्वारा जल्द से जल्द इस क्षेत्र से हाथी को भगाया जाए। इस मामले में वनरक्षी प्रेमचंद दास हेमंत तीरकी ने बताया कि जंगली हाथियों का उत्पात से इस क्षेत्र में है। लगातार चार दिनों से काफी फसलों को नुकसान पहुंचाया गया है। इस दौरान चपकली गांव के भाठादामर 45 वर्षीय कमला देवी पति बिरझन भुईया को घायल कर दिया गया है, जिसका इलाज विभाग द्वारा किया जा रहा है। नुकसान हुए फसल को जायजा लिया जा रहा है। सरकारी प्रावधान के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। इस मामले में समाजसेवी सह पंचायत के मुखिया पति उमाशंकर गुप्ता ने वन विभाग से मांग किया है कि क्षेत्र से जंगली हाथी को भगाया जाए व सभी का उचित मुआवजा मिलना चाहिए। क्षेत्र के लोगों को तत्काल किरासन तेल बम पटाखा की व्यवस्था जल्द से जल्द विभाग करें ताकि इससे ज्यादा जान माल का नुकसान हाथियों के द्वारा ना हो।

भव्य शोभायात्रा के साथ श्रावणी मेले का समापन

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

दो माह से ऐतिहासिक राजा पहाड़ी शिव मंदिर में चल रहे श्रावणी मेले का समापन भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा में हजारों शिवभक्त शामिल हुए। जुलूस का आकर्षण शिव पार्वती, भूत-प्रेत, बांदरी सेना सहित अन्य लोगों की प्रतिमूर्ति की झांकी थी। वहीं जुलूस में शामिल लोग डीजे पर बज रहे भक्ति गानों पर झूम रहे थे।

शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर चेचरिया होते शहर के मेन रोड होते हुए बजरंग बली मोड तक गयी। इसमें मंदिर निर्माण समिति के लोग प्रसाद वितरण भी कर रहे थे। उक्त शिव मंदिर झारखंड व सीमावर्ती उत्तर प्रदेश, बिहार, छतीसगढ़ का प्रमुख शिव स्थल है। सावन में हजारों मंदिर में पूजा के लिए पहुंचते हैं। सावन में मेले का भी आयोजन होता है। भक्त दर्शन के बाद मेले का भी लुफ्त उठाते हैं। वहीं जुलूस को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रही। जुलूस और जुलूस के रूट में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। थाना प्रभारी नीतीश सिंह स्वयं गश्त कर जुलूस पर नजर बनाए हुए थे। वहीं जुलूस को लेकर शहर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया था। जुलूस की समाप्ति तक बड़े वाहनों को शहर के बाहर ही रोका गया। वहीं जुलूस को लेकर शहर की बिजली स्पलाई भी बंद कर दी गयी थी। जुलूस में मंदिर निर्माण समिति के सचिव नंद लाल प्रसाद, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अजय प्रसाद, गोविंद पाठक, रामचंद्र पाठक, बबलु कुमार, अशोक जायसवाल, शिवम कुमार, शुभास कुमार यादव, भोलू कुमार, कमलेश मेहता सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

जिला परिषद सदस्य ने बिजली व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को लिखा पत्र

भवनाथपुर। जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर को पत्र लिखा है। शर्मा ने पत्र में अनुमंडल पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया कि है कि गत दिनों एक कार्यक्रम के दौरान भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत शिव पहाड़ी गुफा मंदिर परिसर के आसपास एवं भवनाथपुर बस्ती तथा रोहिनियां स्वास्थ्य उप केंद्र इत्यादि स्थलों पर ट्रांसफार्मर तारपोल की व्यवस्था करते हुए बिजली उपलब्ध कराने की मांग की गई थी, जिस पर अभी तक कोई काम नहीं हो सका है। इस मांग पत्र पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता विद्युत अवर प्रमंडल गढ़वा 2 नगर उतरी को आवश्यक व अग्रतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर को मनाया जाएगा

खरौंधी। प्रखंड साक्षरता समिति द्वारा पंचायत स्तर से लेकर गांव तक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति, जेएसएलपीएस के सभी समूह की महिला बहनों के साथ साक्षरता सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। इसमें जो असाक्षर हैं उनको पढ़ने लिखने के लिए प्रेरित करेंगे।

कीटनाशक खाकर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

गढ़वा। नगर उतरी थाना क्षेत्र के हुलहुला गांव निवासी सुरेंद्र चंद्रवंशी 32 वर्ष ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुयी जिसे अक्रोशित होकर सुरेंद्र ने कीटनाशक खा लिया। स्थिति बिगड़ने पर उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में भी प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है।

पंचायत कार्यकारिणी समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर

गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को पंचायत कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख अनीता यादव व संचालन बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में उपप्रमुख प्रीतम यादव व विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों ने विकास योजनाओं में गड़बड़ी पर कई सवाल खड़ा किये। प्रमुख व उपप्रमुख ने प्रखंड में 15वें वित से संचालित आदि योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान प्रमुख व उपप्रमुख ने प्रखंड समन्वयक सीताराम पर मनमानी तरीके से योजनाओं का संचालन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई योजनाएं धरातल पर नहीं है। कई योजनाएं पंचायत कार्यकारणी में नही होने के वावजूद नाम जोड़कर कार्य किया गया है। मामले को संज्ञान में लेते हुए बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने प्रमुख व उप प्रमुख को लिखित शिकायत करने की बात कही। बीडीओ ने कहा कि योजनाओं में अनियमितता पायी जाती है तो संबंधित कर्मी पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी आदि मौजूद थे।

बीडीओ ने की पशुधन योजना की समीक्षा

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ संजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें पशुपालन विभाग के कर्मियों से मुख्यमंत्री पशुधन योजना की बारी-बारी से पंचायत वार समीक्षा करते हुए बीडीओ ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप जल्द ही सूची को जांच कर भेजें। बैठक में विभाग के डॉक्टर सूरज कुमार, जिला परिषद सदस्य अनीता देवी, प्रमुख अनीता यादव, मनोज कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पेयजल आपूर्ति के लिए बनाया गया जलमीनार योजना स्थल से गायब

ढाई लाख की फर्जी निकासी का आरोप

नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा

प्रखंड के विशुनपुरा पंचायत में पेयजल आपूर्ति के लिए बनाया गया जलमीनार योजना स्थल से गायब हो गया। विशुनपुरा पंचायत में पंद्रहवें वित्त आयोग से उपेंद्र गुप्ता के घर के पास जलमीनार निर्माण के नाम पर 2, 45, 200 रुपये की फर्जी निकासी मुखिया, पंचायत सेवक, जेई, पंचायती राज कोआर्डिनेटर एवं वेंडर के द्वारा सांठगांठ से की गयी है। इस पूरे मामले में का उद्भेदन ई ग्रामस्वराज पोर्टल से प्राप्त 12/05/2023 के बिल से हुआ है। सरकार एक तरफ योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। अगर फर्जी निकासी करने वालों पर कार्यवाई नहीं की जाती है तो इन लोगों का मनोबल बढ़ता चला जायेगा। इस विषय पर मुखिया एवं पदाधिकारी स्पष्ट जानकारी देने से कतरा रहे हैं।

प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुबोध कुमार ने इस संबंध में पूछने पर बताया कि हमे कोई जवाब नहीं देना है। कनीय अभियंता मुकेश दास से फोन के माध्यम से जानकारी लेनी चाही तो संपर्क नहीं हो सका। पंचायत सेवक जगदीस राम ने कहा कि उपेंद्र गुप्ता के घर के पास जलमीनार लगाया गया है, जिसका भुगतान किया गया है। बाकी हमें जानकारी नहीं है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव से जानकारी लेनी चाही तो स्पष्ट जानकारी नही दे सके। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बलराम पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि यह हमारे रीजन 2022-23 की योजना में चढ़वाया गया था जो उपेंद्र गुप्ता के घर के नाम से है। वहीं रानी बगीचा बिश्वनाथ साह के घर के बगल में चापाकल है। उस स्थल को चयन किया हुआ है। इसमें साफ है फर्जी निकासी हुई है। उन्होंने उच्च पदाधिकारी से जांच की मांग की है।

बताते चलें कि जलमीनार योजना धरातल पर तो दिख रहा है लेकिन 90 प्रतिशत जलमीनार खराब पड़े हैं। हर घर नल जल योजना के माध्यम से नल लगाया तो जा रहा है लेकिन उसमें से पानी नहीं टपक रहा है। इसका सीधा कारण है योजनाओं में लगायी जा रही सामग्री की गुणवत्ता। वेंडर, ठेकेदार, प्रतिनिधि व पदाधिकारी की मोटी कमाई का जरिया यह जलमीनार योजना बन कर रह गई है।

खराब मॉनसून की मार

20 प्रतिशत ही धनरोपनी हो पायी, किसानों के सामने विकट स्थिति

खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में बारिश नहीं होने से खेती प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

प्रखंड में पिछले तीन सप्ताह में बारिश नहीं होने से किसानों की खेती प्रभावित हो गई है। बारिश कम होने से किसानों के 20 प्रतिशत ही खेत में धान की रोपनी हो पाई है। जो किसान धान की रोपनी किए है उनके खेत का पानी सुख गया है। साथ ही खेतों में दरार आ गई है। कुछ किसान के खेत में मक्का, तिल अरहर की फसल लगी हुयी है। बारिश नहीं हुआ तो फसल प्रभावित हो जायेगा। किसान पास पड़ोस से कर्ज लेकर खेत में बीज तथा खेतो की जोताई कराए है। अगर बारिश नहीं हुआ तो किसानों के समक्ष भूखमरी की स्थिति बन जायेगी। किसान के पास जो भी था उससे खेती का कार्य कर दिए, जिससे उनके सामने विकट परिस्थितिया उत्पन्न हो गयी है। सरकार जल्द कोई ठोस कदम उठाते हुए किसानों को मदद करे।

किसानों को पिछले वर्ष की तरह सुखाड़ का भय : पिछले वर्ष प्रखंड में प्रर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसान सुखाड़ की चपेट में थे। किसान कर्ज लेकर बीज की बोवाई किए थे। लेकिन बारिश नही होने से बिछड़ा का रोपाई तक नही हुआ था। किसान इस साल भी कर्ज लेकर बीज बोवाई किए है। लेकिन इस वर्ष भी किसानो को बारीश ने धोखा दे दिया है। जिससे किसानों की कमर टूट गया है। पिछले साल की भयानक मंजर को अभी तक किसान भूले नहीं है। किसान आपस मे यही चर्चा करने लगे हैं कही प्रखंड की हालत पिछले साल वाला ना हो जाए। अगर ऐसा हुआ तो कर्ज कैसे चुकता करेंगे तथा परिवार का भरण पोषण कैसे होगा।कई किसान तो अब मजदूरी करने अन्य प्रदेशों में पलायन को विवश हो रहें हैं। सरकार अबतक कोई ठोस कदम नही उठाया है।

प्रखंड के किसान क्या कहते हैं : मझिगावां के किसान जितेंद्र प्रसाद यादव, मझिगावां के किसान विनय दुबे, अनिल कुमार गुप्ता, सतीश राम, कृष्णा राम, सतेंद्र यादव, रवि हुसैन, सुकन राम, वीरेंद्र विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, कुलदीप सिंह सहित कई लोगों ने बताया प्रखंड में प्रर्याप्त बारिश नहीं हुआ। बारिश नहीं होने से किसानों की धान की रोपनी कम हुई। साथ ही मक्का, तिल, अरहर आदि फसल बारिश नहीं होने से प्रभावित हो रहा है। किसान पास पड़ोस से कर्ज लेकर खेत में बीज की बोवाई तथा खेतो की जोताई कराए हैं। साथ ही बताया पिछले वर्ष भी प्रखंड के किसान कर्ज लेकर बीज की बोवाई किए थे लेकिन बारिश नहीं होने से सुखाड़ हो गया था। कुछ दिनों में किसानों के समक्ष भूखमरी की स्थिति बनने वाली है। सरकार जल्द कोई ठोस कदम उठाते हुए किसानों को मदद करे।

जनप्रतिनिधि क्या कहते हैं : 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने कहा प्रखंड में 7 से 10 हजार एकड़ में किसान खेती करते हैं। वहीं प्रखंड में 80 से 85 प्रतिशत किसानों का परिवार का भरण पोषण खेती से होती है। बारिश नहीं होने से किसानों की धान की रोपनी नहीं के बराबर हो पाई है। जिन किसानों की धान की रोपनी हुई थी अब सूखने लगी है। जिला प्रशासन किसानो के बीच राहत कार्य चलते हुए किसानों को मदद करे। इसके लिए जल्द उपायुक्त से मिलेंगे।

सलाह के सौ शब्द से ज्यादा अनुभव की एक ठोकर इंसान को ज्यादा मजबूत बनाती है। - अज्ञात

पर्यावरण व राखी

रक्षा बंधन के मौके पर बहन अपने भाइयों को कलाई पर राखी बांध रहीं हैं और उनकी लंबी उम्र की कामना कर रही हैं। लेकिन झारखंड के पलामू का ऐसा शख्स है जो 46 साल से लगातार पर्यावरण को बचाने के मुहिम में जुटा है। यह आदमी पेड़ों को रक्षा सूत्र बांध रहा है। यह व्यक्ति अब तक भारत समेत पांच देशों में 20 लाख से अधिक पेड़ों को रक्षा सूत्र (राखी) बांध चुका है। सचमुच ऐसे व्यक्ति से सभी को सबक लेने की जरूरत है। पर्यावरण बचाकर ही जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है। आज चारो तरफ हाहाकार मचा हुआ है। पेड़ पौधे और जंगल काटे जा रहे हैं। पानी की किल्लत से मारामारी जारी है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति की जागरूकता जरूरी है। यह तभी संभव है जब हमारी संवेदनाओं के तार जागृत होगें। इसे जगाने के लिए कुछ आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाना आवश्यक है। लोगों की जागरूकता जरूरी है। ऐसे में कौशल किशोर जायसवाल वनराखी मूवमेंट के प्रणेता हैं। वह अपने इस संकल्प से पर्यावरण को बचाने की मुहिम में जुटे हुए हैं। वे भारत के 102 जिलों के साथ-साथ नेपाल, भूटान, मलेशिया और सिंगापुर में लाखों पेड़ों को रक्षा सूत्र में बांध चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए शपथ भी दिलवाई है। 1966 में पलामू का इलाका भीषण अकाल की चपेट में आ गया था। इसकी कहानियां आज भी लोगों की जुबान पर है। कौशल बताते हैं कि उस दौरान वे वाल्य अवस्था में थे। उनके माता पिता बातचीत के दौरान यह कह रहे थे कि जंगल के कटने के कारण अकाल पड़ा है और बारिश कम हो रही है। यही बात उनके बाल मन में घर कर गई थी। कुछ वर्ष बाद उन्होंने अपने गांव में करीब नौ एकड़ में पेड़ लगाया। लेकिन कुछ लोगों ने पेड़ों को काटना शुरू कर दिया। जिसके बाद उन्होंने पेड़ों को बचाने के लिए एक मुहिम शुरू की। स्थानीय महिला और ग्रामीणों को एकजुट कर पेड़ों को राखी बांधने का अभियान शुरू किया। वह वक्त 1977 का था, जब उन्होंने पलामू की धरती से वनराखी मूवमेंट की शुरूआत हुई थी। वे बताते हैं कि पेड़ों को रक्षा सूत्र में बांधने के लिए कई बार ग्रामीणों को समझाने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। लेकिन उनकी मेहनत ने असर दिखाया और आज सैकड़ों ग्रामीण इस अभियान का हिस्सा हैं और पर्यावरण को बचाने के मुहिम में जुटे हैं। इसके बाद विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान की भी शुरूआत की। इस कड़ी में भारत समेत कई देशों में 50 लाख से भी अधिक पौधों का वितरण इनके द्वारा किया गया। सीबीएसई और आईसीएसई के क्लास छह के अंग्रेजी के पाठ्यक्रम में कौशल किशोर जायसवाल को शामिल किया गया है। साथ ही उनके द्वारा स्थापित पर्यावरण धर्म मंदिर आज पर्यावरण बचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस मंदिर में करीब पांच एकड़ जमीन पर 110 देशों के पेड़ पौधों की प्रजातियां लगायी गई हैं। इनमें से करीब तीन दर्जन से अधिक दुर्लभ प्रजाति के पौधे शामिल हैं। ऐसे में पर्यावरण को बचाने के लिए इस कदम की सराहना सभी को करनी चाहिए। साथ इससे प्रेरणा लेकर इस अभियान को गति देने की जरूरत है।

1966 में पलामू का इलाका भीषण अकाल की चपेट में आ गया था। इसकी कहानियां आज भी लोगों की जुबान पर है। कौशल बताते हैं कि उस दौरान वे वाल्य अवस्था में थे। उनके माता पिता बातचीत के दौरान यह कह रहे थे कि जंगल के कटने के कारण अकाल पड़ा है और बारिश कम हो रही है। यही बात उनके बाल मन में घर कर गई थी।

जंगलों में आग की घटनायें जी 20 के माध्यम से प्रत्युत्तर की तैयारी

डॉ. के. रविचंद्रन

पिछले कुछ दशकों में जंगलों में आग लगने की घटनाओं में काफी तेजी आई है। इन घटनाओं से कनाडा के बोरियल जंगलों और ब्राजील के अमेजोन के वर्षा वनों जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक कार्बन सिंक क्षेत्रों को अत्यधिक नुकसान हुआ है। मालीलैंड विश्वविद्यालय के एक नये अध्ययन में पाया गया कि जंगलों में आग लगने की घटनाओं के कारण अब 2001 की तुलना में, प्रति वर्ष 3 मिलियन हेक्टेयर अधिक वृक्षों को नुकसान हो रहा है, जो पिछले 20 वर्षों में सभी वृक्षों के नुकसान की तुलना में एक-चौथाई से अधिक है। आग की घटनाओं की पुनरावृत्ति, तीव्रता और भौगोलिक प्रसार में इस खतरनाक वृद्धि ने पारिस्थितिक तंत्र पर प्रभाव और मानव गतिविधियों की क्षमता के बारे में चिंताओं को जन्म दिया है। जलवायु परिवर्तन के कारण आग की घटनाओं में वृद्धि हुई है। 150 साल पहले की तुलना में गर्म हवाओं (हीट वेव) की तीव्रता पांच गुना अधिक हो गई हैं। इस प्रकार भूसंरचना का निर्जलीकरण होने से जंगलों में आग लगने की और भी अधिक घटनाओं के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होता है। इसके परिणामस्वरूप उत्सर्जन में वृद्धि होती है और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तेज होता है। जलवायु परिवर्तन के कारण भूसंरचना का निर्जलीकरण भी वनों की कटाई में योगदान देता है।

भारत की स्थिति : भारत ने अपने क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाओं को लेकर निगरानी प्रणालियों का विस्तार करके विश्व भर में जंगलों में आगजनी के बढ़ते मामलों की रोकथाम की दिशा में पहल की है। भारत के 25 प्रतिशत जंगल आग के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं, लेकिन केवल 3 प्रतिशत वृक्ष आवरण का नुकसान जंगल की आग के कारण होता है। भारतीय वन सर्वेक्षण ने आगजनी की बड़ी घटनाओं की तत्काल एवं निरंतर निगरानी और ट्रैकिंग के लिए जंगल की आग से संबंधित डेटा को उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरैक्टिव दृश्य प्रदान करने के लिए वन अग्नि जियो-पोर्टल विकसित किया है। यह पोर्टल भारत में जंगल की आग से संबंधित जानकारी के लिए एकल बिंदु स्रोत के रूप में काम करेगा। जंगल की आग का प्रबंधन जल्द ही राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के दायरे में होगा, जिससे जंगल की आग का प्रभावी तौर पर तत्काल प्रबंधन सुनिश्चित हो सकेगा। अधिकारियों की ओर से तकनीकी और नियामक उन्नयन के अलावा जंगल की आग की प्रबंधन रणनीति को प्रभावी ढंग से सुधारने के लिए सामूहिक कार्रवाई के उपायों को अपनाया जा रहा है। संयुक्त वन प्रबंधन (जेएफएम) का उपयोग जंगल की आग की रोकथाम और प्रबंधन में स्थानीय समुदायों को शामिल करने के लिए किया गया है। सुरक्षा और संरक्षण को लेकर गतिविधियों के विस्तार के लिए देश भर में ग्रामीण स्तर पर जेएफएम समितियां स्थापित की गई हैं। वर्तमान में पूरे देश में 36,165 जेएफएम समितियां हैं, जो 10.24 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को कवर करती हैं। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले सहित भारत के विभिन्न क्षेत्रों में समुदाय-आधारित अग्नि प्रबंधन से जुड़ी कार्य प्रणालियां लोकप्रियता हासिल कर रही हैं। इन कार्य प्रणालियों में जागरूकता कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटकों, घर-घर अभियान, अग्नि नियंत्रण कक्ष और वॉच टावरों के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी और क्षमता निर्माण शामिल है। वन विभाग ने एक वर्ष के भीतर अलर्ट में 5 प्रतिशत से अधिक की कमी का अनुभव किया गया, और जंगल की आग से जले हुए क्षेत्र में 58 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। बांदीपुर टाइगर रिजर्व में, जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों के पुनरुद्धार संबंधी कार्य को अच्छी तरह से प्रबंधित किया गया है। जिसमें घटिया स्तर का वृक्षारोपण को हटाने की कार्य प्रणालियों को मिट्टी द्वारा सुरक्षित करना और वृक्षारोपण प्रजातियों और वयस्क पेड़ों की कुशल बंडलिंग शामिल है। इससे 12-18 महीनों के भीतर जैव विविधता के घनत्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और मौसमी घटनाओं को देखते हुए जंगल की आग के प्रबंधन से निपटने की तैयारी कर रहा है। भारत के पारंपरिक जंगल की आग पर नियंत्रण और इसकी प्रभावशीलता का सम्मान करते हुए, भारत लगातार अपनी पारंपरिक विशेषज्ञता को बढ़ावा दे रहा है और अनेक उपायों को अपना रहा है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप जंगल की आग की घटनाओं और उनसे होने वाले नुकसान में कमी आई है। भारत जंगल की आग पर जल्द से जल्द प्रत्युत्तर देने के लिए स्थानीय समुदाय की ताकत पर भरोसा करते हुए समुदाय-आधारित जंगल की आग के प्रबंधन को प्रोत्साहित करता है। साथ ही, निवारक कार्रवाई और आग की घटनाओं के बाद प्रबंधन संबंधी निर्णय लेने में फील्ड प्रबंधकों की सहायता के लिए आधुनिक तकनीक, जैसे अग्नि चेतावनी प्रणाली, जीपीएस ट्रैक द्वारा वन अग्नि के प्रबंधन और पुनरुद्धार आदि को शामिल किया जा रहा है, ताकि आग की घटनाओं और उनसे होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

जी20 का महत्व : जलवायु परिवर्तन पर जंगल की आग के प्रभाव के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए, इस वर्ष जी20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता ने जी 20 वैश्विक भूमि पहल को मजबूत करने के लिए 'गांधीनगर कार्यान्वयन रोडमैप (जीआईआर) और गांधीनगर सूचना मंच (जीआईपी)' लॉन्च किया। रोडमैप का उद्देश्य वन अग्नि प्रभावित क्षेत्रों और खनन प्रभावित क्षेत्रों की इकोसिस्टम के पुनरुद्धार संबंधी कार्य में तेजी लाने के लिए भागीदार देशों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ाना है। यह जी-20 की भारत की अध्यक्षता द्वारा शुरू किया गया एक अनूठा प्रयास है। जी-20 सदस्यों की एक सहज समझ है कि जलवायु संकट को हल करने के लिए पूरे विश्व में बड़े पैमाने पर सामूहिक कार्रवाई के प्रयास करने होंगे और यथासंभव परिवर्तन को एक संभावना बनाने के लिए वैश्विक परिदृश्य में प्रभावी ढंग से साझा करना होगा। जीआईपी-जीआईआर पहल की अनिवार्य प्रकृति यह है कि यह रणनीतिक रूप से सामुदायिक भागीदारी और स्वदेशी ज्ञान साझाकरण और तकनीकों के साथ स्थायी वानिकी से संबंधित कार्य प्रणालियों के सक्रिय कार्यान्वयन पर ध्यान देगी। इससे न केवल विभिन्न देशों के बीच स्थिरता आधारित सहकारी संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी, बल्कि ज्ञान के महत्वपूर्ण प्रवाह को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी। इससे पुनरुद्धार से जुड़े क्रियाकलापों के विस्तार में भी मदद मिलेगी। **निदेशक, आईआईएफएम**

150 साल पहले की तुलना में गर्म हवाओं (हीट वेव) की तीव्रता पांच गुना अधिक हो गई हैं। इस प्रकार भूसंरचना का निर्जलीकरण होने से जंगलों में आग लगने की और भी अधिक घटनाओं के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होता है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुने कथा महान धनुर्धर एकलव्य की

परंतु ऐसा कुछ भी न हुआ और गुरु द्रोणाचार्य ने उसे धनुषविद्या देने से इनकार कर दिया एकलव्य इस बात से तानिक भी आहत ना हुआ और उसने वहीं जंगल में रह कर धनुर्विद्या प्राप्त करने के ठान ली। उसने जंगल में द्रोणाचार्य की एक मूर्ती बनायी और उन्हीं का ध्यान कर धनुर्विद्या में महारत हासिल कर ली। एक दिन आचार्य द्रोण अपने शिष्यों और एक कुत्ते के साथ आखेट के लिए उसी वन में पहुँच गये जहाँ एकलव्य रहते थे। उनका कुत्ता राह भटक कर एकलव्य के आश्रम पहुँच गया और भौंकने लगा। एकलव्य उस समय धनुर्विद्या का अभ्यास कर रहे थे। कुत्ते के भौंकने की आवाज से एकलव्य की साधना में बाधा पड़ रही थी। अतः उसने ऐसे बाण चलाये की कुत्ते को जरा सी खरोंच भी नहीं आई और कुत्ते का मुँह भी बंद हो गया। एकलव्य ने इस कौशल से बाण चलाये थे कि कुत्ते को किसी प्रकार की चोट नहीं लगी और अपने बाणों से कुत्ते का मुँह बंद कर दिया। कुत्ता द्रोण के पास भागा। कुत्ता असहाय होकर गुरु द्रोण के पास जा पहुंचा। द्रोण और शिष्य ऐसी श्रेष्ठ धनुर्विद्या देख आश्चर्य में पड़ गये। वे उस महान धुनर्धर को खोजते-खोजते एकलव्य के आश्रम पहुंचे और देखा की एकलव्य ऐसे बाण चला रहा है जो कोई चोटी का योद्धा भी नहीं चला सकता। ये बात द्रोणाचार्य के लिये चिंता का विषय बन गयी। उन्होंने एकलव्य के सामने उसके गुरु के बारे में जानने की जिज्ञासा दिखाई तो एकलव्य ने उन्हें वो प्रतिमा दिखा दी। उन्हें यह जानकर और भी आश्चर्य हुआ कि द्रोणाचार्य को मानस गुरु मानकर एकलव्य ने स्वयं ही अभ्यास से यह विद्या प्राप्त की है। अपनी प्रतिमा को देख आचार्य द्रोण ने कहा कि अगर तुम मुझे ही अपना गुरु मानते हो तो मुझे गुरु दक्षिणा दो।

(क्रमशः)

संवैधानिक प्रावधान पर स्वामी प्रसाद का प्रहार

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

भगवान बुद्ध ने कहा था कि किसी को मानसिक पीड़ा देना भी हिंसा होती है। स्वामी प्रसाद मौर्य अपने को बौद्ध कहते हैं। लेकिन वह लगातार बौद्ध दर्शन का उल्लंघन कर रहे हैं। उनके बयानों से हिन्दुओं को मानसिक पीड़ा पहुंच रही है। बौद्ध चिंतन के अनुसार उनका यह आचरण हिंसा की परिधि में है। पहले रामचरितमानस की एक चौपाई का उन्होंने गलत अर्थ बता कर आस्था पर प्रहार किया । इस पर मुंह की खाई थी। लेकिन बेहयाई ऐसी की कोई सबक नहीं लिया। अब कहा कि हिन्दू धर्म नहीं धोखा है। ऐसा कह कर उन्होंने संविधान की भावना पर प्रहार किया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 में हिन्दू शब्द का उल्लेख है। जैन, सिख, बौद्ध धर्मावलंबी को हिंदू परिभाषित किया गया है। स्वामी प्रसाद ने हिन्दू को धोखा बताया। उनके बयान का निहितार्थ यह हुआ कि संविधान में धोखा का उल्लेख है। इसी प्रकार डॉ. आंबेडकर ने हिन्दू कोड बिल पेश किया था। स्वामी प्रसाद के अनुसार तो इसे भी धोखा समझना होगा। बसपा और भाजपा में मंत्री बन कर सत्ता सुख भोगने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य अब सपा में हैं। जिस पार्टी में रहे उसको छोड़ कर शेष दो पार्टियों को नागनाथ-सांपनाथ बताते रहे। अपने को नेवला बताने में उन्हें गर्व होता रहा। लेकिन इस राजनीतिक यात्रा में उन्होंने अपने को पूरी तरह अविश्वसनीय बना लिया है। इसीलिए उनके बयान भी उन्हीं की तरह अविश्वसनीय हैं। उनके राजनीतिक जीवन का अधिकांश हिस्सा सपा पर हमला बोलते ही बीता है। सपा संस्थापक से लेकर आज का नेतृत्व तक उनके निशाने पर रहता था। करीब डेढ़ वर्ष पहले तक उनका यही अंदाज हुआ करता था। उन्होंने अखिलेश यादव को सर्वाधिक विफल मुख्यमंत्री बताया था। योगी सरकार में मंत्री रहते हुए स्वामी प्रसाद सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के समर्थक थे। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मन्दिर निर्माण शिलान्यास के समय भी वह मंत्री थे। एक बार भी विचलित नहीं हुए। विधानसभा चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद उन्हें गजब ज्ञान की प्राप्ति हुई। जिस सरकार में पांच साल तक सत्ता सुख भोग रहे थे, उसी को दलित पिछड़ा विरोधी बता दिया। जिस पार्टी को नागनाथ कहते थे, उसी में पहुंच गये। रामचरित मानस पर असत्य टिप्पणी के बाद उन्हें सपा का राष्ट्रीय महासचिव बना कर पुरस्कृत किया गया था। तब से वह बेअंदाज हैं। अब तो ऐसा लगता है कि वह अब सपा में रहकर अपना पुराना हिसाब चुकता कर रहे हैं। पार्टी की छवि को पूरी तरह हिन्दू विरोधी बनाने की योजना पर कार्य कर रहे हैं। बसपा ने उन्हें फर्श से अर्श पर पहुंचाया। भाजपा ने उन्हें कैबिनेट मंत्री बना कर सम्मान दिया। जब वह बसपा और भाजपा के नहीं हुए, तो सपा के भी नहीं हो सकते। उन्हें चन्द्रयान सफलता स्थल को शिव-शक्ति नाम देना भी हजम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने इसे वैज्ञानिकों का अपमान बताया। जबकि सच्चाई यह कि इस नामकरण से इसरो वैज्ञानिक प्रसन्न हैं। वह भी शिवभक्त हैं। उन्होंने सफल अभियान से पहले मन्दिरों में प्रार्थना की। सफलता के बाद पुनः दर्शन पूजन के लिए गये। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को संस्कृत से प्यार है। भारत वैदिक काल से ही एक ज्ञानी समाज था। जिसमें संस्कृति की भूमिका रही है। सोमनाथ ने कहा कि गणित, चिकित्सा, तत्व विज्ञान, खगोल विज्ञान आदि विषय शामिल थे जो संस्कृत में लिखे गये थे। ऐसी सभी शिक्षाएं देश में कई हजार साल बाद 'पश्चिमी वैज्ञानिकों के की गई खोजों' के रूप में वापस आई। वह उज्जैन में महर्षि पाणिनि संस्कृत और वैदिक विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करने गये।

बौद्ध चिंतन के अनुसार उनका यह आचरण हिंसा की परिधि में है। पहले रामचरितमानस की एक चौपाई का उन्होंने गलत अर्थ बता कर आस्था पर प्रहार किया । इस पर मुंह की खाई थी।

धर्म

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

बाहर की चुनौतियों से नहीं हम अपनी अंदर की कमजोरियों से हारते हैं

चुनाव कब तक विसंगतियों पर सवार होते रहेंगे?

ललित गर्ग

लोकसभा एवं पांच प्रांतों में विधानसभा चुनाव सन्निकट है, जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, हैसियत से आगे निकलकर राजनीतिक दल जनता को मुफ्त की रेवड़िया एवं सुविधाएं देने के लिए वादों का पिटारा खोलते जा रहे हैं, चुनाव सुधार की दिशा में सार्थक कदम इन चुनावों में भी उठते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं, जिताऊ उम्मीदवार अब भी राजनीतिक दलों की चुनाव प्रक्रिया पर हावी है, धनबल एवं बाहुबल का ही वर्चस्व एक बार फिर देखने को मिले, तो कोई आश्चर्य नहीं है। योग्यता और उपलब्धियां एक बार फिर हवा होगी। प्रश्न है कि चुनाव सुधार की प्रक्रिया कब मजबूती से आगे बढ़ेगी, चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। चुनाव प्रक्रिया महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन करने वाली हो जाती है। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। हाल के वर्षों में चुनाव सुधार की दिशा में जितने भी कदम उठे हैं, उनमें राजनीतिक दलों की बजाय सर्वोच्च न्यायालय की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका रही है या फिर चुनाव आयोग की। लोकप्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत चुनाव आयोग भारत में चुनाव कराता है। साल 1990 में जब टीएन शेषन देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाये गये तो उन्होंने चुनाव सुधारों की दिशा में वे कदम उठाये जो असंभव समझे जाते थे। शेषन चुनाव-सुधार के प्रेरक बने एवं उन्होंने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए पहली बार देश को अहसास कराया कि चुनाव आयोग नामक कोई दमदार संस्था भी होती है, जो चाहे तो बंदूकों के दम पर बूथ लूटने वाले आपराधिक तत्वों पर लगाम लगा सकती है। तभी पता चला कि चुनावी प्रशासन कितना कठोर और अनुशासनबद्ध हो सकता है। शेषन के बाद चुनाव आयोग सक्रिय हुआ है, लेकिन शेषन जैसे प्रभावी कदम उठाने की कमी अब भी दिखाई दे रही है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के अरविन्द केजरीवाल, मध्यप्रदेश में शिवराजसिंह चौहान एवं राजस्थान में अशोक गहलोत सरकारों ने मुफ्त की रेवड़िया बांटने की झड़ी लगा रखी है। धनबल एवं बाहुबल के बाद इन वर्षों में सर्वाधिक मुक्त सुविधाएं देने की घोषणाएं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब बन रही है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना जनता की राष्ट्र के प्रति उदासीनता का द्योतक है, जरूरत इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाने की है। यह समस्या या विकृति किसी एक प्रांत की नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र की लोकतांत्रिक समस्या है। साल 2015 में चुनाव आयोग ने अपनी चुनावी गाइड लाइन में कहा था कि राजनीतिक दल चुनावी मैदान में उतरते वक्त मतदाताओं से जो वादे करते हैं, उन्हें यह भी बताना होगा कि किस स्रोत से सत्ता में आने के बाद उन्हें पूरा करेंगे। ऐसी गाइन लाइन का पालन कहां होता है? आम चुनाव एवं पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के मद्देनजर चुनाव आयोग को चाहिए कि कम से कम इस बार अपने दिशा-निदेर्शों को सख्ती से लागू करे। चूंकि राजनीति में सेवा अब ज्यादातर दिखावटी हो गई है, मकसद व्यक्तिगत और दलगत दोनों स्तरों पर सिर्फ सत्ता प्राप्ति ही रह गया है। मुफ्त की रेवडियां बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधाओं की घोषणाएं करने के पीछे भी मकसद यही है। इस पूरी प्रक्रिया में अंततः नुकसान जनता को ही होता है। तरह-तरह के नये टैक्स और महंगाई के बोझ से आखिर जनता ही दबती है।

योग्यता और उपलब्धियां एक बार फिर हवा होगी। प्रश्न है कि चुनाव सुधार की प्रक्रिया कब मजबूती से आगे बढ़ेगी, चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है।

राजनीति

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

पूर्वी चंपारण में 3 बच्चों की डूबने से हुई मौत

पूर्वी चंपारण। बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के पताही व हरसिद्धि थाना क्षेत्र में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक पताही के भंडार भकुरहिया मुख्य पथ पर बसहिया मोड़ के पास पुलिया के समीप बाढ के पानी से भरे गड्ढे में गुरुवार शाम पांच बच्चे नहाने गये ।जिसमें डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पचपकड़ी ओपी क्षेत्र की भंडार पंचायत के बसहिया गांव के जोखू राय के पुत्र बिट्टू कुमार (11) व सिकंदर राय के पुत्र सुंदरम कुमार (10) के रूप में हुई है ।दोनों बच्चों को डुबते देख अन्य बच्चों ने शोर मचाया,जब तक ग्रामीण पहुंचकर बच्चे को बचा पाते तब तक उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक साथ दो बच्चों की मौत से पूरे गांव शोक व्याप्त है,वही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरी घटना हरसिद्धि थाना क्षेत्र के उज्जैन लोहियार पंचायत के मलाही टोला वार्ड दो में गुरुवार की शाम खेलने के क्रम में गहरे गढ्ढे में डूबने से नागेन्द्र सहनी की ढाई साल की पुत्री बेबी कुमारी की मौत हो गई ।थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रेतर कार्रवाई किया जा रहा है।

रविंद्र भारती की पांच छात्राओं से रैगिंग का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

कोलकाता। जादवपुर यूनिवर्सिटी में रैगिंग से एक प्रथम वर्ष के छात्र की मौत के बाद मचे विवाद के बीच अब कोलकाता की रविंद्र भारती विश्वविद्यालय में पांच छात्राओं से रैगिंग का आरोप दो शिक्षकों पर लगा है। इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। विश्वविद्यालय के अंतरिम कुलपति शुभ्र कमल मुखर्जी ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि एंटी रैगिंग समिति को इस संबंध में तत्काल जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिया गया है। छात्राओं ने आरोप लगाया है कि उन्हें ना केवल शारीरिक बल्कि मानसिक तौर पर भी प्रताड़ित किया गया है। इस संबंध में सिंथी थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। पांचो छात्राएं हिंदी विभाग की हैं और इसी विभाग के दो प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। यह भी आरोप है कि पहले विश्वविद्यालय के छात्रों ने ही उनके साथ रैगिंग की जिसके बाद शिकायत दर्ज करने के लिए वह अंतिरिम कुलपति के पास जा रही थीं जहां पहुंचे छात्रों ने उनके साथ बदतमीजी की और दो अध्यापकों ने भी उनका साथ दिया था।

दो युवतियों से गैंग रेप, आठ आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। रक्षाबंधन पर्व मनाकर घर लौट रही एक युवक के साथ दो युवतियों को दरिंदों ने रास्ता रोककर पहले तो मोबाइल व पैसा छीना, उसके बाद युवक की पिटाई कर दोनों युवतियों के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। युवतियों की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दो फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। मंदिर हसौद थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात दो सगी बहनें रक्षाबंधन पर्व मनाकर एक युवक के साथ अपने घर लौट रही थी। मोटरसाइकिल सवार युवकों ने रास्ता घेरकर रोक लिया और उनका मोबाइल व पर्स ले लिया। युवक की सभी ने मिलकर पिटाई की, उसके बाद सुनसान सड़क पर दरिंदों ने दोनों सगी बहनों के साथ गैंगरेप किया। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले 10 में से 8 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मंदिर हसौद थाना में रात एक बजे पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एक लड़के और छोटी बहन के साथ राखी त्योहार मनाकर स्कूटी में सवार होकर भानसोज के रास्ते वापस रायपुर आ रहे थे। एक मोटरसाइकिल में तीन लोग सवार थे, उन लोगों ने हाथ देकर रोक लिया। पीड़िता एवं उसकी बहन को जान से मारने की धमकी देकर लड़कों ने उनके साथ दुष्कर्म किया।

सहकारिता आंदोलन को नई गति देने की हो रही कोशिश: सीएम योगी

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के विकास और अन्नदाता किसानों की जरूरतों को देखते हुए सभी को बैंकिंग सुविधाएं मिलनी चाहिए। सहकारिता विभाग से कहा है कि जिन स्थानों पर बैंक शाखा की आवश्यकता हो, वहां मैपिंग की जाए। उत्तर प्रदेश में एमएसएमई का सबसे बड़ा बेस है, इसके लिए सहकारी बैंकों की बहुत बड़ी भूमिका हो सकती है। हमें प्रयास करना चाहिए कि वहां पर सहकारिता बैंक की एक शाखा खोलने के साथ ही बीसी सखी के कार्यक्रम को जोड़ने का कार्य करें। पहले चरण में बैंक खोलें, दूसरे चरण में इन बैंकों को प्रॉफिटेबल बनाएं और फिर तीसरे चरण में हम वन डिस्ट्रिक्ट, वन कोऑपरेटिव बैंक की परिकल्पना की दिशा में आगे बढ़ें। राज्य सरकार इसमें पूरा सहयोग करेगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास में बी पैक्स सदस्यता महाभियान एवं टोल फ्री नंबर शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश एक अच्छे निवेश गंतव्य के रूप में आगे बढ़ रहा है। हमारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट कार्यक्रम देश भर में छा गया है। आज आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कहते हैं कि हमें लोकल फॉर ग्लोबल के बारे में विचार करना होगा। इसमें एमएसएमई विभाग अपने लोकल प्रोडक्ट के लिए उनकी पैकेजिंग, डिजाइनिंग, मार्केटिंग के लिए एक बड़े अभियान को आगे बढ़ा रहा है। एक नई होड़ लगी है कि हम भी लोकल प्रोडक्ट को बढ़ाने में योगदान दें। सहकारी बैंक भी इस प्रक्रिया के साथ जुड़ते हैं तो यह उनके प्रति आमजन के विश्वास को बहाल करने में मदद करेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सहकारिता भारतीय परंपरा का प्राचीन काल से अभिन्न हिस्सा रहा है, लेकिन एक समय सहकारिता के इस कार्य में सेंध लगी और गलत लोग इसमें शामिल हो गए और देश की सबसे बड़ी आबादी के प्रदेश ने इसकी बड़ी कीमत चुकाई। हम सब आभारी हैं प्रधानमंत्री मोदी के जिन्होंने 2019 में दोबारा पीएम बनने के बाद सहकारिता को मंत्रालय का दर्जा दिया। सहकारिता को आम नागरिक के जीवन में समृद्धि का एक माध्यम बनाकर उसे समृद्धि, स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। देश के पहले सहकारिता मंत्री के रूप में आज देश के गृह मंत्री अमित शाह ने सहकारिता को समृद्धि के साथ जोड़ते हुए उसकी सबसे आधारभूत इकाई पैक्स को मजबूत बनाने की ओर कार्य किया है। यह हमारे लिए प्रसन्नता का विषय है कि उत्तर प्रदेश में एक से 30 सितंबर तक इस सदस्यता अभियान का शुभारंभ और टोल फ्री नंबर जारी गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार सहकारिता को समृद्धि के साथ जोड़ते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है। पैक्स अब तक खाद और बीज बेचने तक ही सीमित रहता था, लेकिन अब इसको कॉमन सर्विस डेवलपमेंट सेंटर के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। अब वहां पर अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो पाएंगी।

दत्तपुकुर ब्लास्ट : विस्फोटक पहुंचाने का मास्टरमाइंड चढ़ा पुलिस के हत्थे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने उत्तर 24 परगना के दत्तपुकुर ब्लास्ट मामले में विस्फोटक सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपित को धर दबोचा है। उसका नाम मोहम्मद नजरुल इस्लाम है। उसे गुरुवार देर शाम दमदम हवाई अड्डे के बाहर से गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने शुक्रवार अपराह्न इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार देर शाम पुख्ता सूचना मिलने के बाद एसटीएफ की टीम ने दमदम हवाई अड्डे के बाहर घेराबंदी की ओर मोहम्मद नजरुल इस्लाम को धर दबोचा। वह फरार होने की फिराक में था। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त को एसटीएफ की टीम ने उत्तर 24 परगना के बारासात व अन्य इलाके में कई जगहों पर विस्फोटकों की तलाश में छापेमारी की थी। तब 12 चक्का वाले पांच ट्रकों में भारी विस्फोटक बरामद किए गए थे। जांच में पता चला था कि ये सारे ट्रक मोहम्मद नजरुल इस्लाम के ही हैं।

पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को उम्रकैद की सजा

एजेंसी। पटना/ नई दिल्ली

बिहार के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 1995 के दोहरे हत्याकांड मामले में यह फैसला सुनाया है। इतना ही नहीं प्रभुनाथ सिंह को पीड़ितों को 10 लाख रुपये का मुआवजा भी देना होगा। राष्ट्रीय जनता दल के नेता रहे प्रभुनाथ सिंह को दोषी ठहराते हुए कोर्ट ने कहा था कि उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत मिले हैं. इस मामले में राजद नेता के अलावा भी अन्य आरोपी थे लेकिन निचली कोर्ट ने उन्हें पहले ही रिहा कर दिया था।

प्रभुनाथ सिंह को भी निचली अदालत से राहत मिल गई थी। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंच गया था। हाई कोर्ट ने भी उनकी रिहाई के आदेश के फैसले को सही ठहराया थ। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस संजय किशन कौल वाली तीन जजों की बेंच ने प्रभुनाथ सिंह को 1995 के डबल मर्डर केस में आरोपी ठहराया। बेंच ने पटना हाईकोर्ट के फैसले को बदलते हुए सिंह को दोषी ठहराया और उन्हें उम्र कैद की सजा सुनाई। इसके अलावा उन्हें मुआवजा देने का भी आदेश दिया गया। यह पूरा मामला 1995 का है जब राज्य में चुनाव हो रहे थे। बिहार के पूर्व सांसद प्रभुनाथ के ऊपर आरोप लगा था कि उन्होंने 47 साल के राजेंद्र राय और एक युवा दरोगा को इसलिए मरवा दिया था क्योंकि उन्होंने सिंह के समर्थित प्रत्याशी को वोट नहीं दिया। प्रभुनाथ ने दोनों से अपना समर्थन देने को कहा था। हाई कोर्ट ने भी कर दिया था। मृतकों का परिवार हाईकोर्ट के फैसले से न खुश था, जिसके बाद उसने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। मृतकों के परिवार ने कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल करते हुए इस मामले पर सुनवाई की मांग की थी. जिस पर आज कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।

विश्वविद्यालयों में अंतरिम वीसी की भूमिका निभाएंगे राज्यपाल

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के गवर्नर सी.वी. आनंद बोस ने विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपति की भूमिका निभाने का निर्णय लिया है। वह उन सभी विश्वविद्यालयों का काम देखेंगे जहां कुलपतियों की नियुक्ति नहीं हुई है। राज्यपाल राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं। वह विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति कर रहे थे, जहां कार्यात्मक प्रमुखों की कुर्सियां खाली पड़ी थीं। हालांकि, यह निर्णय राज्य सरकार को पसंद नहीं आया। राज्यपाल ने जिन अंतरिम-कुलपतियों की नियुक्ति की थी, उनमें से कुछ ने इसे स्वीकार करने से मना कर दिया। वहीं कुछ ने कुर्सी से इस्तीफा दे दिया। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि स्थायी नियुक्ति होने तक ऐसे राज्य विवि के लिए खुद को अंतरिम कुलपति घोषित करने से गवर्नर हाउस और राज्य सचिवालय के बीच झगड़े का एक और मोर्चा खुल जाएगा। गवर्नर हाउस की ओर से विवि के छात्रों के लिए संदेश के साथ एक घोषणा भी की गई है ताकि वे अपने संबंधित विवि में शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रबंधन के बारे में अपनी शिकायतों पर राजभवन से सीधे बातचीत कर सकें। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि हाल ही में उनके संज्ञान में आया है कि जिस विवि में कुछ समय से कुलपतियों की कुर्सी खाली थी, वहां से स्नातक करने वाला एक युवा सरकारी सेवा में शामिल होने में असमर्थ था क्योंकि उसके स्नातक प्रमाणपत्र पर कुलपति के हस्ताक्षर नहीं थे।

'मध्यप्रदेश भवन' पर तेज हुई सियासत, कमलनाथ बोले- शिवराज का एक ही मंत्र, पैसा दो काम लो

एजेंसी। भोपाल

नई दिल्ली में बने मध्यप्रदेश भवन के निर्माण में खराब गुणवत्ता को लेकर प्रदेश के आवास आयुक्त का पत्र सामने आने के बाद इस पर सियासत तेज हो गई है। हालांकि सरकार ने मामले की जांच के लिए एक दल भी गठित कर दिया गया है, लेकिन इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस आक्रामक बनी हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने शिवराज सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री शिवराज का एक ही मंत्र है, पैसा दो काम लो। कमलनाथ ने शुक्रवार को ट्वीट कर तीखा हमला करते हुए कहा कि शिवराज सिंह चौहान भ्रष्टाचार पर एक्शन नहीं करते, बल्कि हर एक्शन में भ्रष्टाचार करते हैं। मध्य प्रदेश का 50 प्रतिशत कमीशन राज हर रोज नए नजारे पेश कर रहा है। दिल्ली में बना नया मध्य प्रदेश भवन इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मैंने जब दिल्ली में नए मध्य प्रदेश भवन की आधारशिला रखी थी तो किसी भी प्रदेश का सबसे सुंदर भवन बनाने का संकल्प लिया था, लेकिन शिवराज जी ने उसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। सरकारी अधिकारी खुद इस बात को स्वीकार कर रहे हैं। अभी तो सिर्फ कुछ मदों में भ्रष्टाचार सामने आया है, ईमानदारी से जांच होगी तो यह भ्रष्टाचार का स्मारक साबित होगा। कमलनाथ ने तंज कसते हुए कहा कि इनका कोई काम भ्रष्टाचार के बिना नहीं हो सकता। सचिवालय से लेकर देवालय तक और विद्यालय से लेकर चिकित्सालय तक शिवराज जी का एक ही मंत्र है: पैसा दो, काम लो।

मुख्यमंत्री बघेल के भोपालपटनम में कागज कारखाना के घोषणा की फाइल हुई बंद

एजेंसी। बीजापुर

कांग्रेस की सरकार बनने के बाद चार साल पूर्व भोपालपटनम में मुख्यमंत्री भूपेश ने हाईस्कूल मैदान में आयोजित सभा में सौ करोड़ की लागत से बांस का कागज कारखाना खोलने की घोषणा की थी। उसके बाद इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री भूपेश की घोषणा कागजों में उलझकर फाइल बंद हो गई है। विभागीय जानकारी के अनुसार जिले में कुल बांस के 29 कूप हैं। जिसमें भोपालपटनम के छः कूपों में ही उत्पादन हो रहा था मगर वह भी दो वर्ष से बंद है। जानकारी के मुताबिक कागज कारखाना खोलने के लिए कच्चे माल की जिले में कमी बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि चार साल पूर्व मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद जिले व राज्य के बड़े अधिकारियों का भोपालपटनम आना जाना लगा हुआ था। उद्योग विभाग के अधिकारियों ने ग्राम गोल्लागुड़ा के पास मरीगुंड़ा जंगल में लगभग 100 एकड़ भूमि का चयन भी किया गया था। जिला उद्योग विभाग के अनुसार संसाधनों की कमी के कारण कागज कारखाने की प्रक्रिया थम गई है। वहीं राज्य से कहा गया है कि चयनित जगह कागज कारखाना को खोलने योग्य नहीं है। नक्सलवाद भी इसमें सबसे बड़ा रोड़ा है, ऐसी जानकारी मिली है। अंतरराज्यीय सीमाओं से सटा भोपालपटनम पुलों के अभाव में दूसरे राज्यों से कटा रहा पर अब हालात बदले हैं। इंद्रावती पर तिमेड़ का पुल बनने के बाद इस रूट पर आवाजाही बढ़ी है। दक्षिण की ओर तारलागुड़ा के रास्ते में छोटे बड़े पुल बन चुके हैं और सड़क का डामरीकरण का कार्य भी पूरा हो चुका है। इस इलाके में अब बड़ी गाड़ियां व माल वाहनों की आवाजाही दिखाई देती है। जिला उद्योग अधिकारी एसए. बिलुंग ने बताया कि संसाधनों की कमी के कारण कागज कारखाना के प्रोजेक्ट में देरी हो गया है, कच्चा माल का उत्पादन भी कम है, बाकी प्रक्रिया राज्यस्तर की है।

नीतीश कुमार ने रखी थी इंडिया गठबंधन की नींव : अशोक चौधरी

एजेंसी। पटना

भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि आज जो इंडिया गठबंधन का व्यापक रूप देशभर में दिखाई दे रहा है उसकी नींव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रखी थी। देशभर के विपक्षी दलों को गोलबंद करने की पहल सबसे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही की थी। वह शुक्रवार को जदयू कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

संयोजक बनने के सवाल पर मंत्री अशोक चौधरी में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कई बार इस सवाल को लेकर अपना रुख जाहिर किया है। मुख्यमंत्री किसी प्रकार के कोई पद को लेकर इच्छुक नहीं है। उनकी इच्छा सिर्फ और सिर्फ विपक्षी दलों को एकजुट करना था, जिसमें वो सफल हो चुके हैं। केंद्र सरकार की ओर से संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने को लेकर पत्रकारों के पूछे गए सवाल पर चौधरी ने कहा कि सरकार किस एजेंडे पर विशेष सत्र बुला रही है इसकी पुख्ता और प्रामाणिक जानकारी अभी तक किसी के पास नहीं है। मीडिया में अलग-अलग प्रकार के कयास लगाए जा रहे हैं और इस आधार पर प्रतिक्रिया देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि दरअसल, भाजपा जिन दो मुख्य मुद्दों पर चुनाव जीतकर आई थी वही दोनों मुद्दे आज जनता के लिए परेशानी का सबक बन चुके हैं। अनियंत्रित महंगाई से देश का आम आदमी बेहाल है और बेरोजगारी की भीषण समस्याओं ने भी युवाओं का जीना मुहाल कर दिया है। विशेष सत्र के जरिए भाजपा कोई नया एजेंडा लाकर देश की जनता का ध्यान मूल समस्याओं से भटकाने की कोशिश कर सकती है।

पहल

बीएचयू ने शुरू की 'राजा ज्वाला प्रसाद पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप' योजना

युवा शोधकर्ताओं को मिलेगा योजना का लाभ

-शोध परियोजनाओं के लिए बाहरी अनुदान पाने वाले संकाय सदस्य अपने साथ नियुक्त कर पाएंगे पोस्ट डॉक्टोरल अध्येता

BIRAM
BHU-VNS

एजेंसी। वाराणसी

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ने राजा ज्वाला प्रसाद पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप योजना शुरू कर दी है। इस योजना में चयनित अध्येताओं को 60,000 रुपये मासिक वेतन प्राप्त होगा। साथ ही वे 10,000 रुपये मासिक एचआरए एवं 50,000 रुपये वार्षिक का आकस्मिक अनुदान भी प्राप्त कर पाएंगे। इसके अतिरिक्त उन्हें विश्वविद्यालय की अन्य सुविधाएं जैसे स्वास्थ्य सेवा, पुस्तकालय एवं अन्य संसाधनों का लाभ भी मिल सकेगा।

भारत सरकार की इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस बीएचयू पहल के तहत आरंभ ह्वराजा ज्वाला प्रसाद पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप का उद्देश्य विश्वविद्यालय के उन संकाय सदस्यों को प्रोत्साहित व सशक्त करना है, जिन्होंने शोध परियोजनाओं के लिए बाहरी इकाइयों/एजेंसियों से अनुदान हासिल किया है। ऐसे संकाय सदस्य इस योजना के तहत युवा शोधकताओं को बतौर पोस्ट डॉक्टोरल अध्येता अपने साथ जोड़ पाएंगे। यह अध्येतावृत्ति एक वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे अध्येता के प्रदर्शन तथा आईओई में वित्त की उपलब्धता के आधार पर एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। विवि के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन के अनुसार यह अध्येतावृत्ति युवा व प्रतिभावान शोधकताओं को आकर्षित कर विश्वविद्यालय में अनुसंधान गतिविधियों को गति प्रदान करेगी। साथ ही साथ, इन युवा अध्येताओं को एक सफल शैक्षणिक व शोध करियर बनाने में भी मदद करेगी। इस योजना के माध्यम से हम प्रख्यात इंजीनियर राजा ज्वाला प्रसाद के योगदान को नमन करना चाहते हैं, जिन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के इस बेजोड़ परिसर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा विश्वविद्यालय के प्रो वाइस चांसलर के रूप में भी सेवाएं दीं। आईओई-बीएचयू के समन्वयक प्रो. संजय कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय ऐसे संकाय सदस्यों के योगदान को अत्यंत महत्व देता है, जो अनुसंधान गतिविधियों के लिए बाहरी अनुदान सुनिश्चित करते हैं। यह योजना नई उपलब्धियां हासिल करने के ऐसे शिक्षकों के प्रयासों में सहयोग उपलब्ध कराएगी। राजा ज्वाला प्रसाद पोस्ट डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति विभिन्न विभागों तथा शोध क्षेत्रों के बीच अंतर्विषयक सहयोग को भी प्रोत्साहित करेगी। साथ ही साथ वर्तमान में जारी अनुसंधान परियोजनाओं को अतिरिक्त शोध सहयोग उपलब्ध कराते हुए उन्हें गति प्रदान करने में सहायक होगी।

जौनपुर में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, एक की मौत, चार लोग घायल

जौनपुर। जनपद के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के हमजापुर गांव में पुराने विवाद को लेकर गुरुवार की रात दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें एक परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल एक को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है ।पुलिस के अनुसार सुमंत चौहान व रवि चौहान के बीच पैसे के बात को लेकर दो पक्ष में कहासुनी हुई। देखते ही देखते दोनों पक्ष एक दूसरे पर धारदार हथियार, लाठी डंडा लेकर टूट पड़े और इस जानलेवा हमले में एक पक्ष के अनुराग चौहान(25)पुत्र राजेश चौहान की मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। इनमें पिता राजेश चौहान(45) और उनके पड़ोसी सुमन्त चौहान(24) की हालत गंभीर है। जबकि रविशंकर चौहान(25) घायल है। गंभीर रूप से घायल राजेश व सुमंत को वाराणसी रेफर कर दिया गया है। घटना को लेकर गांव में तनाव है।

NEWS इन ब्रीफ

ब्रेमेन के स्ट्राइकर निकलस फुलक्रग डॉर्टमंड में शामिल

बर्लिन। बोरुसिया डॉर्टमंड ने पिछले सीजन के बुंडेसलीगा के शीर्ष स्कोरर, वेर्डर ब्रेमेन के निकलस फुलक्रग के साथ अनुबंध किया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 30 वर्षीय स्ट्राइकर तीन साल का करार करते हुए तत्काल प्रभाव से डॉर्टमंड में शामिल हो गया है। डॉर्टमंड के खेल निदेशक, सेबेस्टियन केहल ने कहा, ₹निकलस ने कई वर्षों से अपने गोल स्कोरिंग कौशल को साबित किया है और पिछले सीजन में शीर्ष स्कोरर ट्रॉफी जीती है। मजबूत प्रदर्शन के लिए धन्यवाद, वह राष्ट्रीय टीम के आक्रमण केंद्र में एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। निकलस एक सक्रिय फॉरवर्ड है।

मेदवेदेव, ज्वेरेव, रुबलेव तीसरे दौर में पहुंचे

न्यूयॉर्क। रूसी दानिल मेदवेदेव ने यूएस ओपन के चौथे दिन देर रात ऑस्ट्रेलियाई क्रिस्टोफर ओ'कोनेल के खिलाफ अपनी 250वीं हार्ड-कोर्ट जीत हासिल की। तीसरे सेट के टाई-ब्रेक में, मेदवेदेव ने कोर्ट की गहराई और ग्राउंड कवरेज की क्षमता से ऑस्ट्रेलियाई को 6-2, 6-2, 6-7(6), 6-2 से पछाड़ दिया। इस जीत के साथ, वह सीधे तीसरे दौर में पहुंच गए। उल्लेखनीय है कि उन्होंने 2021 में सर्बियाई नोवाक जोकोविच को सीधे तीन सेटों में हराकर यूएस ओपन फाइनल जीता था। एक अन्य रूसी, आठवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेई रुब्लेव ने भी गाएल मोंफिल्स को हराने में अपने लचीलेपन और निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए प्रभावित किया। दोनों खिलाड़ियों की दृढ़ता उनकी लंबी रैलियों के दौरान प्रदर्शित हुई, लेकिन रुब्लेव की उच्च स्तर की निरंतरता ने उन्हें तीसरे दौर में जाने की अनुमति दी।

अल्काराज तीसरे दौर में पहुंचे, वावरिंका ने सिनर से भिड़ंत तय की

न्यूयॉर्क। स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने दक्षिण अफ्रीका के उत्साही लॉयड हैरिस को 6-3, 6-1, 7-6(4) से हराकर 2023 यूएस ओपन की अपनी पहली कड़ी परीक्षा पास कर ली। अल्काराज को अपने शुरूआती मैच में डोमिनिक कोपेफर (टखने) से दूसरे सेट में रिटायरमेंट मिल गया था, लेकिन गुरुवार की रात को शक्तिशाली 26 वर्षीय हैरिस के खिलाफ अपने खेल का तनाव परीक्षण करने का मौका मिला। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र के यूएस ओपन चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त, अल्काराज ने सामने आए 10 ब्रेक प्वाइंट में से नौ का बचाव किया और तीसरे सेट के बीच में ब्रेक डाउन होने से उबर गए। स्पैनियार्ड, जो रोजर फेडरर द्वारा 2004-2008 तक लगातार पांच खिताब जीतने के बाद से फ्लशिंग मीडोज में पहला बैक-टू-बैक चैंपियन बनने की कोशिश कर रहा है, के सीजन के रिकॉर्ड में 55-6 (हार्ड कोर्ट पर 18-3) का सुधार हुआ है। वह सीजन के अपने सातवें और करियर के तीसरे प्रमुख खिताब का पीछा कर रहे हैं।

हांगझू 2022 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा

झारखंड के तीन खिलाड़ी निक्की सलीमा टेटे व संगीता भी शामिल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

23 सितंबर से 08अक्टूबर तक चीन में आयोजित 19th एशियन गेम्स, हांगझू 2022 के लिए कल 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की हुई घोषणा। टीम में हमारे झारखंड के भी तीन खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी भी चयनित किए गए। तीनो ही खिलाड़ी भारतीय टीम के नियमित सदस्य है,कल बैंगलौर में हॉकी इंडिया के समस्त पदाधिकारियों और खिलाड़ियों के परिजनों के उपस्थिति में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर टीम की घोषणा की गई। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने झारखंड के सभी खिलाड़ियों का बैंगलोर में स्वागत किया और कहा कि किसी भी खिलाड़ी को बनाने में सबसे बड़ा योगदान , समर्पण और त्याग उनके अभिभावकों का होता है। परंतु उनका सम्मान अपवाद ने ही होता है। इसलिए हॉकी इंडिया ने शुरूवात की है, कि खिलाड़ियों के अभिभावकों को भी सम्मान मिले। इसलिए हमलोग ने इस बड़े अवसर में सबके अभिभावकों को आमंत्रित किया, संभवत यह विश्व के खेल इतिहास में पहला अवसर है जब टीम की घोषणा के समय उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है। 18 सदस्य भारतीय टीम में सामिल निक्की प्रधान खूंटी जिला के हेसल की रहने वाली, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी सिमडेगा जिला से है, सलीमा टेटे सदर प्रखंड के बरकिछापर की रहने वाली है जबकि संगीता कुमारी केरसई प्रखंड के करगागुड्डी की रहने वाली है।

अवनि और युवराज विश्व एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में करेंगे नेतृत्व

एजेंसी। नई दिल्ली

एशियाई खेलों में भाग लेने वाली गोल्फर अवनि प्रशांत, जिनका सीजन सनसनीखेज रहा है, अक्टूबर में विश्व एमेच्योर टीम चैंपियनशिप (डब्ल्यूएटीसी) में महिलाओं के लिए एस्पिरिटो सैंटो ट्रॉफी प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी।

भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) ने 25 से 28 अक्टूबर तक अबु धाबी में होने वाले प्रतिष्ठित शौकिया गोल्फ कार्यक्रम के लिए अन्य दो खिलाड़ियों के रूप में निश्ना पटेल और मन्नत बरार को भी चुना है। वर्ष की शुरूआत में क्वीन सिरिकिट कप व्यक्तिगत खिताब की विजेता अवनी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने लेडीज यूरोपियन टूर के एक्सेस टूर पर एक प्रो इवेंट में खिताब जीता है। वह एलईटी एक्सेस टूर पर खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।

निश्ना मनीला में एपीजीसी जूनियर्स में उपविजेता रही, जहां अवनि ने पहले क्वीन सिरिकिट में सफलता हासिल की थी। मन्नत भी अच्छी फॉर्म में है और उसने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के प्रो इवेंट में भी भाग लिया है।

आईजीयू अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह ने कहा, ₹अवनि, निश्ना और मन्नत ने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है और हमें उनसे बहुत उम्मीदें हैं। हमारे सभी खिलाड़ियों के पास अच्छा अनुभव है क्योंकि आईजीयू ने उन्हें कई आयोजनों के लिए भारत से बाहर भेजा है। अवनि भी एशियाई खेलों के लिए जा रही है, इसलिए हम काफी उत्साहित हैं।"

महिलाओं के आयोजन से एक सप्ताह पहले आइजनहावर ट्रॉफी के लिए पुरुषों की प्रतियोगिता होगी और आईजीयू ने तीन सदस्यीय टीम की घोषणा की है जिसमें युवराज सिंह, शौर्य भट्टाचार्य और रोहित शामिल हैं।

युवराज सिंह, भारत के शीर्ष शौकिया गोल्फर हैं जबकि शौर्य एशिया-पैसिफिक एमेच्योर में खेल चुके हैं और इस साल फिर से मेलबर्न में होने वाले इवेंट में खेलेंगे। इस सीजन और पिछले साल आईजीयू द्वारा कई आयोजनों में भेजे जाने के कारण उनके पास काफी अनुभव है। रोहित घरेलू सर्किट पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ये तीनों पहली बार आइजनहावर ट्रॉफी खेल रहे हैं।

विश्व चैम्पियन नीरज चोपड़ा ज्यूरिख डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे

एजेंसी। ज्यूरिख

विश्व चैम्पियन नीरज चोपड़ा डायमंड लीग की भालाफेंक स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सके लेकिन आखिरी दौर में 85.71 मीटर का थ्रो फेंककर दूसरे स्थान पर रहे। ओलंपिक चैम्पियन 25 वर्ष के चोपड़ा ने 80.79 मीटर, 85.22 मीटर और 85.71 मीटर के तीन वैध थ्रो फेंके जबकि बाकी तीन थ्रा फाउल रहे। वह चेक गणराज्य के याकूब वालेश (85.86 मीटर) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। विश्व चैम्पियनशिप में याकूब ने कांस्य पदक जीता था। चोपड़ा ने प्रतिस्पर्धा के बाद कहा कि वह पूरी तरह से फिट थे लेकिन बुडापेस्ट में हुई विश्व चैम्पियनशिप के बाद थके हुए थे। उन्होंने कहा, ह्यमैं अब बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं क्योंकि विश्व चैम्पियनशिप के बाद हर कोई थका हुआ था। हमने वहां अपना शत प्रतिशत दिया। इस स्पर्धा में मेरा फोकस स्वस्थ बने रहने पर था क्योंकि अब हमें यूजीन (डायमंड लीग फाइनल 17 सितंबर को) और हांगझोउ (एशियाई खेल 23 सितंबर से) पर फोकस करना है।' चोपड़ा ने तीन स्पधाओं में 23 अंक लेकर डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। उन्होंने पिछले साल डायमंड लीग जीती थी। याकूब (29 अंक) और जूलियन वेबर (25 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर रहकर उन्होंने क्वालीफाई किया। वह तीसरे स्थान पर इसलिए रहे क्योंकि चोट के कारण डायमंड लीग के मोनाको चरण में नहीं खेले थे जिसमें याकूब और वेबर ने भाग लिया था। चोपड़ा ने दोहा (पांच मई) और लुसाने (30 जून) चरण में जीत दर्ज की थी। इसके बाद बुडापेस्ट में विश्व चैम्पियनशिप में 88.17 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण जीता। तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा ने कहा कि आगामी प्रतिस्पधाओं के लिये पूरी तरह फिट रहने की कवायद में उन्होंने ज्यूरिख में ज्यादा कठिन प्रयास नहीं किए। प्रतिस्पर्धा से पहले उन्होंने कहा कि विश्व चैम्पियनशिप के बाद उनके कंधे और कमर में दर्द है। उन्होंने कहा कि मई जून में अभ्यास के दौरान ग्रोइन में लगी चोट के बाद वह शत प्रतिशत फिट नहीं हैं।

उन्होंने कहा, मेरा फोकस स्वस्थ बने रहने पर है और आगामी स्पधाओं में अपना शत प्रतिशत भी देना है। कई बार शरीर की सुननी होती है। मैने इसलिए ज्यादा पुश नहीं किया।' उन्होंने कहा, कई बार पहला लक्ष्य फिट रहना होता है। मैने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया लेकिन फोकस स्वास्थ्य पर ही था। मैं आम तौर पर सर्दियों में यूरोप में अभ्यास करता हूं क्योंकि यात्रा करना आसान होता है। यही वजह है कि इंग्लैंड में कुछ महीने बिताए जिसके बाद बुडापेस्ट में गर्मी में खेला।' डायमंड लीग फाइनल में अब तक के अंक मायने नहीं रखेंगे और उसमें जीतने वाला ही विजेता होगा। डायमंड लीग के चार व्यक्तिगत चरण होते हैं जिनकी अलग-अलग ईनामी राशि होती है। चोपड़ा को ज्यूरिख में 6000 डॉलर मिले जबकि विजेता को 12000 डॉलर मिले।

पुरुष एशियाई हॉकी 5 एस विश्व कप क्वालीफायर 2023

सेमीफाइनल के लिए भारतीय टीम तैयार

एजेंसी। ओमान

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को जापान और मलेशिया पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गुरजोत सिंह (7', 11', 17', 29' 30') के पांच गोल और मनिंदर सिंह (12') तथा मोहम्मद राहील (21') के एक-एक गोल की मदद से भारत ने मलेशिया को 7-5 से हराया था। वहीं, भारतीय टीम ने अपने आखिरी एलीट ग्रुप स्टेज मैच में मनिंदर सिंह (1', 3' 5, 6', 9', 15', 20', 24', 25', 29') के 10, मोहम्मद राहील (3', 4', 11', 12', 17', 26, 26') के सात, पवन राजभर (2', 6', 10', 13', 23') और गुरजोत सिंह (12' , 20', 21', 27', 30') के पांच-पांच, सुखविंदर (4', 8', 16', 22') के चार, कैप्टन मंदीप मोर (18', 23', 29') के तीन, और जुगराज सिंह (15') के 1 गोल की बदौलत जापान को 35-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। भारत अपना अगला मैच क्रॉसओवर 2.2 के विजेता के खिलाफ खेलेगा, जो मलेशिया और क्रॉसओवर 1.1 के विजेता के बीच खेला जाएगा। जापान और ईरान आज क्रॉसओवर 1.1 में आमने-सामने होंगे। सेमीफाइनल में जीत न केवल भारत के लिए फाइनल में जगह पक्की करेगी बल्कि 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में भी जगह सुनिश्चित करेगी। टूर्नामेंट में शीर्ष तीन टीमें 2024 एफआईएच हॉकी 52 विश्व कप के लिए योग्यता अर्जित करेंगी। आगामी मैच पर भारतीय कप्तान मनदीप मोर ने कहा, जब हमने टूर्नामेंट में प्रवेश किया, तो हमारा लक्ष्य 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप के लिए सीधी योग्यता हासिल करने के लिए पोडियम फिनिश हासिल करना था। हम लक्ष्य हासिल करने के करीब हैं और सेमीफाइनल में हमारा सामना चाहे किसी भी टीम से हो, हम तैयार रहेंगे और जीत हासिल करने की कोशिश करेंगे।" भारत 5 मैचों में 12 अंकों के साथ एलीट पूल तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने मंगलवार को ओमान के सलालाह में बांग्लादेश पर 15-1 की ठोस जीत के साथ पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरूआत की। टूर्नामेंट के दूसरे दिन, भारत ने ओमान पर 12-2 से शानदार जीत दर्ज की, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ 4-5 से हार गया। इस बीच, मलेशिया ने एलीट पूल चरण में अपने पहले मैच में ओमान के खिलाफ 10-4 से जीत हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया, इसके बाद जापान पर 18-2 से जीत, बांग्लादेश पर 10-5 से जीत, भारत से 5-7 से हार और पाकिस्तान के खिलाफ 5-5 से ड्रा खेला।

दूसरी ओर, जापान के लिए टूर्नामेंट कठिन था, वह पाकिस्तान से 1-26 से हार गया, मलेशिया से 2-18 से हार गया, ओमान से 4-14 से हार गया, बांग्लादेश से 3-10 से हार गया, और भारत से 1-35 से हार गया। ईरान चैलेंजर पूल तालिका में शीर्ष पर रहा, उसने हांगकांग के खिलाफ अपना पहला गेम 7-2 से जीता और फिर 5-3 से जीत के साथ इंडोनेशिया को पीछे छोड़ दिया। ईरान ने कजाकिस्तान को 12-8 से हराया और अफगानिस्तान के खिलाफ 12-2 से जीत हासिल की। मनदीप ने कहा, हम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं लेते हैं। हम पहले ही टूर्नामेंट में मलेशिया और जापान का सामना कर चुके हैं और उनकी ताकत और उन क्षेत्रों की समझ हासिल कर ली है, जिन पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। अगर हम उनसे सेमीफाइनल में भिड़ते हैं तो हम उनके खिलाफ भी इसी तरह के परिणाम हासिल करने की उम्मीद करेंगे। इस बीच, ईरान भी टूर्नामेंट में अच्छी फॉर्म में है और हमने उनके मैचों का अध्ययन किया है और उसके अनुसार अपनी रणनीति तैयार करेंगे।

7.99 मी की छलांग के साथ श्रीशंकर फाइनल में

एजेंसी। ज्यूरिख

भारतीय लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने 7.99 मीटर की छलांग के साथ डायमंड लीग 2023 में पांचवा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही 7.99 मीटर की छलांग लगाई। इसके साथ ही उन्होंने डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दूसरे और चौथे राउंड में श्रीशंकर ने 7.96 मीटर की छलांग लगाई जबकि उनका तीसरा प्रयास फाउल रहा। पांचवें राउंड में भारतीय एथलीट ने 7.93 मीटर की दूरी हासिल की। ज्ञातव्य है कि मुरली श्रीशंकर का लॉन्ग जंप में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 8.41 मीटर है, जिसे उन्होंने इसी साल 18 जून को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में हासिल किया था। ज्यूरिख डायमंड लीग 2023 में पुरुषों की लम्बी कूद में वल्ड चैंपियन मिल्टियाडिस टेंटोग्लू ने अपने अंतिम प्रयास में 8.20 मीटर की छलांग के साथ पहला स्थान हासिल किया। जमैका के ताजय गेल ने दूसरा स्थान हासिल करने के लिए 8.06 मीटर की छलांग लगाई। जारियन लॉसन ने 7.86 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा किया।

लिसा स्थालेकर की वर्ल्ड कप ड्रीम-11, टॉप-5 में कोहली-बुमराह शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

दो बार की वर्ल्ड कप विजेता और आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल, ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान लिसा स्थालेकर ने खुलासा किया है कि अगर वह इस साल के आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए ड्रीम-11 का चयन कर रही होती तो उनके पांच खिलाड़ियों में दो भारतीय स्टार विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह भी शामिल होंगे। 2005 और 2013 में दो बार वर्ल्ड कप का खिताब जीतने वाली लिसा स्थालेकर को इस बात की अच्छी समझ है कि वर्ल्ड कप जीतने के लिए क्या करना पड़ता है। लिसा स्थालेकर, एक कमेंटेटर के रूप में अब भी इस खेल से जुड़ी हुई हैं और मॉडर्न डे गेम की रणनीतियों से वाकिफ हैं।

अक्टूबर में भारत में विश्व कप की शुरूआत से पहले स्थालेकर की पहली पसंद स्टार तेज गेंदबाज बुमराह थे, जिन्होंने लंबी चोट के बाद भारत के लिए आयरलैंड सीरीज में शानदार वापसी की।

उन्होंने कहा, मैं नंबर-1 पर जसप्रीत बुमराह को रखना चाहूंगी। एक शुरूआती गेंदबाज बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आपको शुरूआत में विकेट लेने की जरूरत होती है। लेकिन, फिर जब खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हों तो डेथ ओवरों में भी गेंदबाजी करने में सक्षम होना चाहिए और इस रोल में बुमराह बेस्ट हैं।आईसीसी वेबसाइट ने स्थालेकर के हवाले से कहा, वह ऐसा खिलाड़ी है जिसका इस्तेमाल बीच के ओवरों में भी किया जा सकता है। इसलिए, वह तीनों अलग-अलग चरणों में एक उपयोगी गेंदबाज है।

प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी स्थगित

एजेंसी। मुंबई

प्रो कबड्डी लीग के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने पीकेएल सीजन 10 खिलाड़ियों की नीलामी को बाद की तारीख तक स्थगित करने की घोषणा की है। यह निर्णय भारत में कबड्डी के लिए आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त संस्था, एकेएफआई के प्रशासक के अनुरोध पर लिया गया है। खिलाड़ियों की नीलामी पहले 8-9 सितंबर 2023 को होने वाली थी। मशाल स्पोर्ट्स के एक प्रवक्ता ने कहा, हमें एशियाई खेलों में कबड्डी स्पर्धा के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों की चल रही तैयारियों के मद्देनजर पीकेएल सीजन 10 खिलाड़ी नीलामी को स्थगित करने के लिए एकेएफआई प्रशासक से औपचारिक अनुरोध प्राप्त हुआ है। मशाल और एकेएफआई का मानना है कि यह भारतीय कबड्डी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है।" पीकेएल सीजन 10 खिलाड़ी नीलामी के स्थगन पर परामर्श के हिस्से के रूप में, मशाल ने एकेएफआई प्रशासक को उस योजना और तैयारियों के बारे में जानकारी दी जो पीकेएल टीमों, पीकेएल प्रसारण भागीदार और मशाल ने 8-9 सितंबर की पूर्व निर्धारित तारीखों के लिए बनाई थी। मशाल स्पोर्ट्स के प्रवक्ता का कहना है, प्रशासक ने हमारी 12 टीमों और ब्रॉडकास्टर सहित सभी पीकेएल हितधारकों को स्थगित खिलाड़ियों की नीलामी के लिए किए गए व्यापक बदलाव को स्वीकार किया है और उसकी सराहना की है।

प्रतिस्पर्धा

वायकॉम 18 ने क्रिकेट ब्रॉडकास्टिंग में बनाया दबदबा

बीसीसीआई मीडिया राइट्स में मारी बाजी

एजेंसी। नई दिल्ली

शुक्रवार को टीवी18 ब्रॉडकास्ट लिमिटेड और नेटवर्क18 मीडिया एंड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शेयरों के लिए चीजें बेहतर थी। उनके शेयरों में उछाल देखने के पीछे एक कारण था, वायकॉम18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड का बीसीसीआई मीडिया राइट्स हासिल करना। अगले पांच वर्षों के लिए टेलीविजन और डिजिटल में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मैचों सहित मीडिया अधिकार वायकॉम 18 के पास है। 2023-28 चक्र के लिए गुरुवार को बीसीसीआई ने ई-ऑक्शन के जरिए मीडिया राइट्स एक मोटी रकम में बेच दिए। इस रेस में बाजी वायकॉम 18 ने मारी और उसकी नजर आगे भी क्रिकेट ब्रॉडकास्टिंग में अपना दबदबा कायम करने पर है। वायकॉम18 ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिजनी स्टार की प्रतिस्पर्धा को पछाड़ते हुए टीवी और डिजिटल दोनों में 88 मैचों के प्रसारण के लिए 5,963 करोड़ रुपये लगाई, जो कि प्रति मैच 67.75 करोड़ रुपये है।

यह आंकड़ा 2018-23 चक्र में डिज्नी स्टार द्वारा प्रति मैच भुगतान किए गए 60 करोड़ रुपये से सिर्फ 12.91% अधिक है। डिज्नी स्टार के आक्रामक नहीं होने और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क की संख्या वायकॉम18 की विजयी बोली से कम होने के कारण, मीडिया अधिकारों की नीलामी से पता चला कि मुंबई स्थित समूह शुरू से हावी रहा।

हमारा मानना है कि टीवी और डिजिटल दोनों अधिकारों को सुरक्षित रखने वाली एक इकाई पारस्परिक रूप से शानदार है, क्योंकि यह मंच की बातचीत की शक्ति को बढ़ाती है। इससे उन्हें विज्ञापनदाताओं को कई विकल्प प्रदान करने की अनुमति मिलती है। एलारा कैपिटल के वरिष्ठ वीपी-रिसर्च मीडिया विश्लेषक करण तौरानी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, इसके विपरीत, जब दो अलग-अलग खिलाड़ी टीवी और डिजिटल अधिकार प्राप्त करते हैं। तो, यह प्लेटफार्मों के बीच प्रतिस्पर्धी प्रतिद्वंद्विता को बढ़ावा देता है। जिसके परिणामस्वरूप समग्र राजस्व पर प्रभाव पड़ता है (साल 2023 में आईपीएल राजस्व में सालाना आधार पर गिरावट आई थी); हमारा मानना है इससे विज्ञापनदाताओं को प्लेटफार्मों की तुलना में मजबूत सौदेबाजी की स्थिति रखने से रोकती है।₹ शुरूआत के लिए, वॉयकाम18 अपने टीवी चैनल स्पोर्ट्स18 और डिजिटल प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा के माध्यम से क्रिकेट प्रसारण की दुनिया में नया है। बीसीसीआई मीडिया अधिकारों के माध्यम से अपना पहला बड़े पैमाने पर कब्जा करने और वर्ष के एक बड़े हिस्से के लिए इसकी दृश्यता सुनिश्चित करने के अलावा वॉयकाम18, 2027 तक 951 करोड़ रुपये में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के टीवी और डिजिटल अधिकारों का भी धारक है। वॉयकाम18 के पास 2023-27 आईपीएल चक्र के डिजिटल अधिकार भी हैं। जिसे 23,758 करोड़ रुपये में हासिल किया गया है।

हैरान करने वाली बात ये थी कि एक मोटी रकम खर्च करने के बाद भी कंपनी ने आईपीएल 2023 की फ्री स्ट्रीमिंग की।

NEW
NIVEA MEN
ANTI-AGE
HYALURON
FACE MOISTURISING GEL
24H MOISTURE
FIRMS THE SKIN AND VISIBLY REDUCES DEEP WRINKLES.

NEWS इन ब्रीफ

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी बरकरार

नई दिल्ली। देश के मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई का आंकड़ा इस बात का संकेत है कि अगस्त में विनिर्माण गतिविधियों में अच्छी तेजी रही है। एसएंडपी ग्लोबल के हालिया सर्वे के मुताबिक अगस्त में विनिर्माण क्षेत्र के पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स यानी पीएमआई का आंकड़ा 58.6 पर रहा है। पिछले महीने यानी जुलाई में मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई का आंकड़ा 57.7 पर रहा था। अच्छी खबर ये है कि पिछले तीन महीने का उच्च स्तर है। जून में मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई का आंकड़ा 57.8 पर रहा था वहीं मई में भी मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई डेटा अच्छी तेजी के साथ 57.8 पर रहा था। अगस्त में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर क्षेत्र की गतिविधि लगातार 26वें महीने 50 के प्रमुख स्तर से ऊपर है, जो विनिर्माण गतिविधियों में विस्तार को दिखाता है और इस बात का संकेतक है कि देश में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की स्थिति सुधर रही है।

एयरलाइंस कंपनियों को झटका, एटीएफ के दाम में जबरदस्त बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली। फेस्टिव सीजन से पहले एयरलाइंस कंपनी को बड़ा झटका लगा है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने शुक्रवार से एविएशन टरबाइन फ्यूल की कीमतों में 14 फीसदी की भारी बढ़ोतरी की है। इसके दाम दिसंबर 2022 के बाद से हाई लेवल पर पहुंच गए हैं। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में एटीएफ के दाम 1.12 लाख रुपए से ज्यादा हो गए हैं। पिछले दो महीने से अब तक 24 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है। ऐसे में एटीएफ की कीमतें बढ़ जाने से इसका असर हवाई सफर पर भी पड़ सकता है। त्योहारी सीजन में हवाई सफर महंगा हो सकता है। ये लगातार तीसरा महीना है जब ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एटीएफ के दाम में इजाफा किया है। देश की राजधानी दिल्ली में एटीएफ के दाम 20,295.2 रुपए प्रति किलोलीटर तक बढ़ गए हैं और इसके दाम 1.12 लाख रुपए से ज्यादा हो चुके हैं।

पिछले साल के मुकाबले जीएसटी में 11 फीसदी की हुई बढ़ोत्तरी

जीडीपी के बाद अब जीएसटी कलेक्शन में भी आई उछाल

₹2000
GST
Services Tax (India)

अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी का ग्रोथ रेट 7.8 प्रतिशत था। जून तिमाही में जीएसटी रेवेन्यू 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है।

एजेंसी। नई दिल्ली

इकॉनमी के मोर्चे पर एक और अच्छी खबर आई है। अगस्त में जीएसटी कलेक्शन में 11 परसेंट बढ़ोतरी हुई है। रेवेन्यू सेक्रेटरी संजय मल्होत्रा के मुताबिक अगस्त में जीएसटी कलेक्शन करीब 1.6 लाख करोड़ रुपये रहा। इससे पहले जुलाई में यह 1,65,105 करोड़ रुपये रहा था। मल्होत्रा ने कहा कि पिछले साल के मुकाबले अगस्त में जीएसटी कलेक्शन 11 परसेंट बढ़ा है। अगस्त 2022 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से 1,43,612 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ था। मल्होत्रा ने कहा कि मोटे तौर पर इसमें सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं। जीएसटी का आंकड़ा शुक्रवार को शाम तक जारी किया जाएगा। मल्होत्रा ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी का ग्रोथ रेट 7.8 प्रतिशत था। जून तिमाही में जीएसटी रेवेन्यू 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। इसका मतलब है कि कर-जीडीपी का अनुपात 1.3 से अधिक है। यह पांचवां मौका है जब जीएसटी कलेक्शन 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। रक्षाबंधन के साथ ही देश में त्योहारों की शुरूआत हो चुकी है। त्योहारों में लोग बढ़चढ़कर खरीदारी करते हैं। खासकर दिवाली के मौके पर खरीदारी करना शुभ माना जाता है। यानी आने वाले महीनों में जीएसटी कलेक्शन के और बेहतर होने की उम्मीद है। इससे पहले सरकार ने कल यानी 31 अगस्त को जीडीपी का आंकड़े जारी किए थे। इस फाइनेंशियल ईयर की पहली तिमाही में देश की जीडीपी 7.8 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ी। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी का ग्रोथ रेट 6.1 फीसदी रहा था।

नरमी के बावजूद भारत का निर्यात बढ़ा : पीयूष गोयल

कोयंबटूर। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत का निर्यात बढ़कर 776 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है, जो दो साल पहले 500 अरब डॉलर था। उन्होंने कहा कि नरमी, रूस-यूक्रेन युद्ध और वैश्विम महामारी के कठिन दौर के बावजूद भारत ने यह शानदार वृद्धि हासिल की है। भारतीय कपड़ा उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) के 11वें एशियाई कपड़ा सम्मेलन को संबोधित करते हुए गोयल ने बुधवार को कहा कि दो साल में यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के कारण हासिल की गई। उन्होंने इस बात को तवज्जो दी कि केंद्र तथा राज्य सरकारों को सभी नागरिकों के बेहतर भविष्य के लिए सहकारी संघवाद की भावना से सामूहिक रूप से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्यह्य पिछला साल एक कठिन दौर था। सभी को लगा कि निर्यात में जो तेजी है, वह कायम नहीं रह पाएगी। हालांकि 2021-22 में 500 अरब डॉलर से बढ़कर 675 अरब डॉलर होने के बाद, हमारा निर्यात 2022-23 में 675 अरब डॉलर से बढ़कर 776 अरब डॉलर हो गया।

शेयर बाजार गुलजार, सेंसेक्स 556 अंक उछला, निफ्टी 19,400 के पार

AR34500.00CE 137.50% 22.00
BSX20MAR32200.00 200.000
EXCL

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से मिले सकारात्मक रुझानों के बीच हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुए। दोनों फ्रंटलाइन इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में जबरदस्त तेजी देखी गई। आज के कारोबार में इरए सेंसेक्स ने 556 अंकों की उछाल दर्ज की। वहीं, निफ्टी में भी 181 अंको की बढ़त दर्ज की गई। अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि रहने से निवेशकों के सेंटीमेंट को बल मिला है। यह पिछली चार तिमाहियों में सबसे ऊंची वृद्धि दर है। व्यापक बाजारों में, इरए मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 0.75 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इरए का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 555.75 अंक यानी 0.86 फीसदी की बढ़त के साथ 65,387.16 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 65,473.27 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 64,818.37 तक आया। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 181.50 अंक यानी 0.94 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 19,435.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,458.55 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 19,255.70 तक आया। आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 26 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। एनटीपीसी, खरह स्टील, मारुति, पावर ग्रिड और टाटा स्टील सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा एनटीपीसी के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 5.23 फीसदी तक चढ़े। वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में केवल 4 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले इंडिया, एल एंड टी और सन फार्मा सेंसेक्स के टॉप लूजर्स रहे। सबसे ज्यादा नुकसान अल्ट्राटेक के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 0.50 फीसदी तक गिर गए।

अडानी के बाद अब ओसीसीआरपी ने वेदांता पर साधा निशाना

नई दिल्ली । नॉन प्रॉफिट मीडिया संस्था ओसीसीआरपी ने गौतम अडानी के बाद एक और भारतीय कारोबारी अनिल अग्रवाल को टारगेट किया है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी अरबपति कारोबारी जॉर्ज सोरोस के समर्थन वाली संस्था ओसीसीआरपी ने आरोप लगाया है कि अग्रवाल की कंपनी वेदांता ने कोरोना महामारी के दौरान पर्यावरण कानूनों को कमजोर करने के लिए गुपचुप तरीके से लॉबिंग की थी। ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शान रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) ने एक लेख में यह दावा किया है। इसमें कहा गया है कि जनवरी, 2021 में वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने तत्कालीन पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से कहा था कि सरकार को माइनिंग कंपनियों को नए एनवायरमेंटल क्लीयरेंस हासिल किए बिना 50 फीसदी उत्पादन बढ़ाने की अनुमति देनी चाहिए। इससे देश में इकॉनमिक रिकवरी की रफ्तार तेज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक वेदांता की ऑयल कंपनी केयर्न इंडिया ने भी ऑयल ब्लॉक्स में एक्सप्लोरेटरी ड्रिलिंग के लिए जन सुनवाई को खत्म करने के लिए सफल लॉबिंग की थी। रिपोर्ट के मुताबिक वेदांता ने ओसीसीआरपी से कहा कि देश की एक प्रमुख नेचुरल रिसोर्सेज कंपनी होने के नाते वह घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर आयात कम करने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है।

अमेजॉन फ्रेश पर एक से सात सितंबर तक फेस्टिव सीजन में करें खरीदारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अमेजॉन फ्रेश पर एक से सात सितंबर तक फेस्टिव सीजन की शुरूआत सुपर वैल्यू डेज के साथ करने के लिए तैयार हो जाइए। इस दौरान फल एवं सब्जियों, ग्रोसरी और रोजमर्रा की जरूरी चीजों से विशेष रूप से तैयार किए गए व्यंजनों से अपने मेहमानों का स्वागत करने के लिए तैयार हो जाइए। साथ ही ग्राहक एक से चार सितंबर 2023 तक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड पर 10 प्रतिशत और 5 से 7 सितंबर तक बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड पर 10 प्रतिशत के इंस्टेंट डिस्काउंट का फायदा उठा सकते हैं।

नए कस्टमर अपने पहले चार ऑर्डर पर कुल 400 रुपये तक के कैशबैक ले सकते हैं। मौजूदा प्राइम शॉपर्स को अपने अगले अमेजॉन फ्रेश ऑर्डर पर 150 रुपये तक का कैशबैक भी मिलेगा। इसके अलावा अमेजॉन फ्रेश पर जन्माष्टमी स्टोर से स्वादिष्ट पेड़े या लड्डू उपहार में देकर अपने प्रियजनों के साथ त्योहार का जश्न मनाएं। कस्टमर स्टेपल, पैकेटबंद खाद्य पदार्थों, पर्सनल केयर और बेबी एवं पेट केयर प्रोडक्ट पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। वहीं, ग्राहक पूरे महीने का सामान जमा कर सकते हैं और एकल ऑनलाइन डेस्टीनेशन से सुविधाजनक डिलीवरी के विकल्पों के साथ फॉर्च्यून, कैच, डी'लेक्टा, डाबर, टाटा सोलफुल, आशीर्वाद जैसे लोकप्रिय ब्रांडों के नए ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक न्यूनतम 2500 रुपये के ट्रांजैक्शन और 300 रुपये तक की छूट प्राप्त कर सकते है।

कभी स्टेशन पर रात गुजारने वाला आज बना 36000 करोड़ का मालिक



एक दिन उनकी मुलाकात अब्दुल सत्तार अल्लाह भाई से हुई और उनसे विस्फोटक लाइसेंस लेकर अपना कारोबार शुरू किया

एजेंसी। नई दिल्ली

कहते हैं न कि वक्त कब बदल जाए कुछ कहा नहीं जा सकता है। किस्मत कब किसे कहां ले जाए ये कोई नहीं बता सकता। एक टाइम तो ऐसा आया जब इनकी कई रातें रेलवे स्टेशन पर गुजरीं। इतने पैसे भी नहीं थे कि घर की छत नसीब हो, लेकिन सत्यनारायण नुवाल ने इन मुश्किलों से हार नहीं मानी। हालात से लड़ते रहे और अपनी किस्मत को बदल दिया। रेलवे प्लेटफॉम पर सोने वाला आज 36,000 करोड़ रुपये की कंपनी का मालिक है। आज कहानी सोलर इंडस्ट्री के मालिक सत्यनारायण नुवाल की, जिन्होंने अपनी मेहनत से अपना बिजनेस एम्पायर खड़ा किया है। साधारण मिडिल क्लास राजस्थानी परिवार में जन्मे सत्यनारायण नुवाल के पिता सरकारी दफ्तर में क्लर्क थे। परिवार की जिम्मेदारियां इतनी थी कि 10वीं पास करने के बाद उन्होंने स्कूल छोड़कर दिया और नौकरी की तलाश में जुट गए। एक दिन उनकी मुलाकात अब्दुल सत्तार अल्लाह भाई से हुई। उनके पास एक विस्फोटक लाइसेंस और एक मैगजीन था। अब्दुल सत्तार के पास लाइसेंस तो था, लेकिन वो कारोबार नहीं कर रहे थे। उस दौर में विस्फोटकों की कमी थी। उन्होंने 1,000 रुपये किराया देकर अब्दुल सत्तार से उसका लाइसेंस ले लिया। यहीं से उनके नए जीवन की शुरूआत हो गई। वो लोगों को किराए पर विस्फोटकों के लिए जगह उपलब्ध करवाते थे। उन्होंने विस्फोटकों का निर्माण खुद करने का फैसला किया। उन्होंने अपने व्यापार को नागपुर शिफ्ट कर लिया। उनकी नजदीकी वेस्टर्न कोलफील्ड्स से बढ़ने लगी। वो डीलरों से 250 रुपए में विस्फोटक खरीदते और उसे 800 रुपये में बेच देते। उन्हें अच्छा मुनाफा होने लगा। उन्होंने कारोबार बढ़ाना शुरू कर दिया।

विदेश

भारत आर्मीनिया को घातक तोपों की कर रहा है सप्लाई

पाक और तुर्की की चाल पर फेरा पानी

एजेंसी। एथेंस

भारत के खिलाफ तिकड़ी बना चुके पाकिस्तान, तुर्की और अजरबैजान का मोदी सरकार ने अब तोड़ निकाल लिया है। पीएम मोदी ने करीब 40 साल बाद ग्रीस की यात्रा की है, वहीं भारत ने आर्मीनिया को पिनाका रॉकेट से लेकर घातक तोपों की सप्लाई कर रहा है। ग्रीस और आर्मीनिया दोनों ही देशों की तुर्की के साथ दुश्मनी है। ग्रीस के समुद्री इलाके पर तुर्की अपना जबरन दावा करता है और अक्सर डराता रहता है। वहीं आर्मीनिया के दुश्मन अजरबैजान को घातक ड्रोन की सप्लाइ कर रहा है। तुर्की और अजरबैजान अक्सर पाकिस्तान के समर्थन में कश्मीर को लेकर जहरीले बयान देते रहते हैं। पाकिस्तान, तुर्की और अजरबैजान के इस गठजोड़ को अब भारत ने करारा जवाब देना शुरू कर दिया है। भारत ने आर्मीनिया को रेडॉर से लेकर पिनाका रॉकेट तक की सप्लाइ शुरू कर दी है। यही नहीं अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने आर्मीनिया के अपने समकक्ष अर्मेन ग्रिगोरयान से मुलाकात की है। भारत के 'जेम्स बांड' कहे जाने वाले डोभाल ने अपने आर्मीनिया के साथ रणनीतिक भागीदारी और अंतरिक्ष में सहयोग पर बात की है। यही नहीं दोनों के बीच आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच चल रहे संघर्ष को लेकर बातचीत हुई है। भारत की नगर्नो-कराबाख संघर्ष पर इसलिए नजर है क्योंकि आर्मीनिया अब भारतीय हथियारों का इस्तेमाल करने जा रहा है। आर्मीनिया को इन घातक भारतीय हथियारों की सप्लाइ ईरान के रास्ते हो रही है। भारत के आर्मीनिया को हथियार देने पर अजरबैजान बुरी तरह से भड़का हुआ है। आर्मीनिया के एनएसए ने पिछले साल भी भारत की यात्रा की थी और सुरक्षा समझौतों को तेजी से लागू करने की गुहार लगाई थी। इसके बाद भारत ने आर्मीनिया को पिछले कुछ दिनों कई हथियार भेजे हैं। हाल ही में कथित रूप से भारतीय हथियारों का एक वीडियो भी वायरल हुआ था जो ईरान के रास्ते आर्मीनिया जा रहा था। बताया जा रहा है कि डोभाल और आर्मीनिया के एनएसए के बीच मुलाकात के दौरान भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के चीफ भी मौजूद थे। आर्मीनिया के एनएसए की यह भारत यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब नागोर्नो-काराबाख एक बार फिर से बहुत तेजी से सुलग रहा है।

ऑनलाइन ऑर्डर किया था मोबाइल फोन, पार्सल खोला तो निकला 'ग्रेनेड'

मैक्सिको। आज का समय ऑनलाइन का हो गया है, लोग ज्यादातर चीजें ऑनलाइन मंगवाते हैं। पर आनलाइन जैसी चीजें दिखती हैं वैसी होती नहीं हैं। लोग मंगवाते कुछ हैं और बॉक्स में से निकलता कुछ और ही है। कुछ ऐसा ही हुआ एक शख्स के साथ। उसने ऑनलाइन मोबाइल फोन ऑर्डर किया था लेकिन उसमें से जो निकला वो देख शख्स हैरान रह गया। दरअसल बॉक्स में मोबाइल की जगह एक बम था। मामला मैक्सिको का है। न्यूयॉर्क पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में जैम प्रेस के हवाले से लिखा कि गुआनाजुआतो के लियोन में रहने वाले शख्स ने ऑनलाइन मोबाइल फोन ऑर्डर किया था लेकिन जब उसने बॉक्स खोला तो उसमें से बम निकला। न्यूयॉर्क पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि जब पैकेज पिछले सोमवार को आया, तो उस व्यक्ति की मां उसे अंदर ले गई और किचन टेबल पर रख दिया इन्हें नहीं पता था कि पार्सल में क्या रखा है। बाद में जब शख्स ने पार्सल खोला तो ग्रेनेड निकला।

पाकिस्तान-चीन का जेएफ 17 फाइटर जेट निकला कबाड़

म्यांमार के सेना प्रमुख ने मुनीर को दी चेतावनी

पाकिस्तान-चीन ने कबाड़ जे
से म्यांमार को लगाया चूना

एजेंसी। रंगून

पाकिस्तान और चीन ने मिलकर म्यांमार को बड़ा चूना लगाया है। म्यांमार इस समय गृहयुद्ध से जूझ रहा है और इसे कुचलने के लिए उसे फाइटर जेट की सख्त जरूरत है। म्यांमार ने चीन और पाकिस्तान के बनाए जेएफ-17 फाइटर विमान को खरीदा है लेकिन यह उसके लिए कबाड़ साबित हो रहा है। म्यांमार के सैन्य शासक मिंग आंग हलिंग पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर पर आगबबूला हो गए हैं। पाकिस्तान ने साल 2019 से साल 2021 के बीच में म्यांमार को जेएफ-17 फाइटर जेट बेचा था जो अब उड़ान के लिए 'अनफिट' करार दे दिया गया है। इससे दोनों ही देशों के बीच तनाव गहरा गया है। पाकिस्तान से हाल ही में लिए गए ये फाइटर जेट अब म्यांमार की वायुसेना के लिए किसी काम के नहीं रह गए हैं और उसे इसे खड़ा करना पड़ गया है। इस विमान में कई गड़बड़ियां सामने आई हैं। म्यांमार ने साल 2016 में पाकिस्तान और चीन के संयुक्त फाइटर जेट जेएफ-17 के लिए समझौता किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जेएफ-17 मिलने के बाद ही इसमें दिक्कतें आनी शुरू हो गई थीं। इस विमान में ढांचागत दिक्कतें भी आनी शुरू हो गई थी। यही नहीं जब इस विमान का उन्नत संस्करण साल 2022 में दिया गया तो उसमें भी यही दिक्कतें सामने आईं। म्यांमार के पास इस समय 11 जेएफ-17 फाइटर जेट हैं लेकिन इनमें से एक भी विमान तकनीकी गड़बड़ी की वजह से वर्तमान समय में उड़ान भरने की स्थिति में नहीं है। पाकिस्तान के इंजीनियरों की सीक्रेट यात्रा और कई बार प्रयास के बाद भी इन विमानों को ठीक नहीं किया जा सका है। इससे म्यांमार की सैन्य सरकार आगबबूला है। म्यांमार के तानाशाह ने अब इस संकट पर पाकिस्तान को सख्त चेतावनी दी है।

नाराजगी | दिल्ली में होने वाले जी 20 शिखर सम्मेलन में विश्व के दो दर्जन देश लेंगे भाग

रूस और चीन के शामिल नहीं होने के मिल रहे हैं संकेत

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई कि चीन के उनके समकक्ष शी जिनपिंग भारत की राजधानी में हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। अगले सप्ताह नयी दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में बाइडन समेत विश्व के करीब दो दर्जन नेता भाग लेने वाले हैं जिसकी मेजबानी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। हाल में मीडिया में आई खबरों के अनुसार, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। बाइडन ने विगत बृहस्पतिवार को सम्मेलन में राष्ट्रपति शी के हिस्सा लेने को लेकर संवाददाताओं द्वारा पूछे गए सवाल पर कहा, 'मुझे उम्मीद है कि वह जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।' इस बीच, एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में साउथ एशिया इनिशिएटिव्स की निदेशक फरवा आमेर ने कहा कि राष्ट्रपति शी के भारत में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग न लेने को इस बात के सबूत के रूप में देखा जा सकता है कि चीन इस समय भारत को केंद्र यानी नेतृत्व का स्थान सौंपने के लिए इच्छुक नहीं है। आमेर ने कहा,'अब तक का सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम... जो कुछ लोग कह सकते हैं कि अपेक्षित था... वह राष्ट्रपति शी का भारत की ओर से आयोजित आगामी जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा ना लेने का फैसला है। इस कदम के बहुत से अर्थ हैं।' उन्होंने कहा, 'सबसे पहले यह अनुमान लगाया जा सकता है भारत को नेतृत्व की कमान सौंपने के लिए चीन इच्छुक नहीं है, विशेषतौर पर इस क्षेत्र में और व्यापक पड़ोस में। यह फैसला प्रमुख भूमिका और प्रभाव बनाए रखने के चीन के इरादे को रेखांकित करता है जो क्षेत्र में नाजुक शक्ति संतुलन को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। आमेर ने बताया कि दूसरी बात यह है कि राष्ट्रपति शी की अनुपस्थिति एक अनुस्मारक के रूप में कार्य कर रही है कि सीमा पर तनाव कम करने के लिए निरंतर और जटिल राजनयिक प्रयासों की आवश्यकता होगी। दोनों देशों के बीच वार्ता की प्रक्रिया लंबी चलेगी जो हिमालय क्षेत्र के व्यापक भू-राजनीतिक परिदृश्य और कहीं न कहीं अमेरिका के साथ चीन की सामरिक प्रतिस्पर्धा से जुड़ी होगी। आमेर ने कहा 'आगे देखते हुए, यह स्पष्ट है कि चीन-भारत संबंध जटिल क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। सीमा संबंधी मुद्दे ऐतिहासिक विवादों, राष्ट्रीय गौरव और रणनीतिक हितों के साथ गहराई से जुड़े हुए हैं। चूंकि दोनों देश वैश्विक मंच पर प्रभाव के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, इसलिए उनकी बातचीत न केवल क्षेत्रीय गतिशीलता से बल्कि चीन और अमेरिका के बीच प्रतिस्पर्धा से भी प्रभावित होगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 के गलवान संघर्ष के बाद से चीन-भारत संबंधों में बढ़ते तनाव और अनसुलझे सीमा मुद्दों को देखा गया है।

इमारत में आग लगने से 73 लोगों की मौत, 52 अन्य झुलसे

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका की राजधानी जोहान्सबर्ग में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 73 लोगों की मौत हो गयी है और 52 अन्य झुलस गए हैं। जोहान्सबर्ग आपातकालीन प्रबंधन सेवाओं के प्रवक्ता रॉबट 'मलाउदजी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, मलाउदजी ने कहा, दक्षिण अफ्रीका के सबसे बड़े शहर में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 63 लोग मारे गए और 43 अन्य झुलस गए। मलाउदजी ने दिन की शुरूआत में बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने एक्स पर यह भी कहा कि अग्निशमन और बचाव दल घटनास्थल पर काम कर रहे हैं। इस बीच, साउथ अफ्रीकन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन ने बताया कि आग पांच मंजिला इमारत में लगी थी, जिसमें लोग अवैध रूप से रह रहे थे।

पाकिस्तानी सेना के काफिले पर आतंकी हमला

आत्मघाती हमले में नौ सैनिकों की गयी जान, बीस हुए घायल

एजेंसी। पेशावर

उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के एक आत्मघाती हमलावर ने एक सुरक्षा काफिले को निशाना बनाया, जिसमें नौ सैनिकों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। सेना ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) ने बताया बाइक सवार आत्मघाती हमलावर ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में काफिले को अपना निशाना बनाया। बयान के मुताबिक, हमलावर ने अपनी बाइक काफिले में शामिल बलों के वाहनों से टकरा दी, जिसमें नौ सैनिकों की मौत हो गई और 20 सैनिक घायल हो गए। प्रतिबंधित टीटीपी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। हमले के बाद कानून प्रवर्तक तुरंत धमाके वाली जगह पर पहुंचे और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। बयान के मुताबिक, हमले के अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर हमले की निंदा की। उन्होंने इस तरह के कृत्यों को पूरी तरह से निंदनीय बताया और कहा कि उनकी संवेदनाएं मारे गए व घायलों के परिवारों के साथ हैं। अगस्त में जनरल असीम मुनीर ने कहा था कि आतंकवाद में हालिया वृद्धि बातचीत को फिर शुरू करने का एक निरर्थक प्रयास है। उन्होंने चेतावनी दी कि आतंकी खत्म होने से पहले पाकिस्तान के सामने आत्मसमर्पण कर दें। पाकिस्तान में पिछले कुछ दिनों से लगातार आतंकी हमलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। सोमवार को आतंकियों ने केपी में एक मोबाइल वैन पर हमला किया था, जिसमें दो पुलिसकर्मी मारे गए थे और तीन घायल हो गए थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

मनीष देसाई ने संभाला पीआईबी के प्रधान महानिदेशक का पदभार



नई दिल्ली। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महानिदेशक का पदभार शुक्रवार को मनीष देसाई ने संभाल लिया। गुरुवार को इस पद से राजेश मल्होत्रा सेवानिवृत्त हुए थे। भारतीय सूचना सेवा के 1989 बैच के अधिकारी मनीष देसाई इससे पहले केंद्रीय सूचना ब्यूरो के प्रधान महानिदेशक थे और सरकारी इश्तिहार तथा आॅउटरीच एक्टीविटीज को देखते थे। तीन दशकों के अपने करियर के दौरान देसाई ने महानिदेशक, फिल्म प्रभाग, अतिरिक्त महानिदेशक (प्रशासन एवं प्रशिक्षण), आईआईएमसी, सीईओ, सीबीएफसी सहित विभिन्न कार्यभार संभाले। फिल्म डिवीजन में अपने कार्यकाल के दौरान वे मुंबई में भारतीय सिनेमा के राष्ट्रीय संग्रहालय की स्थापना से जुड़े थे। उन्होंने भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, गोवा सहित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की मीडिया गतिविधियों को संभालने के लिए एक दशक से अधिक समय तक पीआईबी मुंबई में भी काम किया।

राजनाथ सिंह रक्षा संबंधों की समीक्षा के लिए श्रीलंका का दौरा करेंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रक्षा संबंधों की समीक्षा के लिए 2 से 3 सितंबर तक श्रीलंका का दौरा करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह श्रीलंका के राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री रानिल विक्रमसिंघे के अलावा प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने से बातचीत करेंगे।

राष्ट्रपति ने गुरु घासीदास विवि के दीक्षांत समारोह में 2946 छात्र-छात्राओं को दी उपाधि, कहा

कठिनाई का डटकर मुकाबला करें, सफलता कदम चूमेगी

एजेंसी। रायपुर

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चंद्रयान मिशन के माध्यम से जीवन की सफलताओं के सूत्र बताए। उन्होंने कहा कि चंद्रयान ने चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग की। इस पर बरसों से निष्ठापूर्वक काम होता रहा। मार्ग में रुकावटें आती रहीं लेकिन हम नहीं रूके। ऐसा व्यक्तिगत जीवन में भी होता है। निरंतर दक्षता के साथ परिश्रम करते रहें। तात्कालिक असफलता से कभी हताश न हों, चुनौतियां हमारे जीवन में आती हैं तो नये मौके भी लाती हैं।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर 2946 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की। समारोह में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि, आज हमारा तिरंगा चाँद पर पहुँच चुका है। इस उपलब्धि को किस तरह वैज्ञानिकों ने प्राप्त किया, इस पर विश्वविद्यालय में आयोजन होने चाहिए ताकि समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का निर्माण हो सके। यह संविधान के मूल कर्तव्यों में शामिल है। मुझे खुशी है कि इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रयोगशालाएं हैं। यहाँ ऐक्सलरेटर आधारित रिसर्च सेंटर भी स्थापित की गई है। अपने अनुसंधान से यह विश्वविद्यालय दुनिया में अपनी पहचान बनाए। जो देश विज्ञान और प्रौद्योगिकी को अपनाने में आगे रहेंगे, वे ज्यादा तरक्की करेंगे। हमारे स्पेस मिशन में हमें दुनिया से कुछ असहयोग का सामना भी करना पड़ा, फिर भी हम दृढ़ता से बढ़ते रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसका नाम गुरु घासीदास के नाम पर है। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। गुरु घासीदास ने समानता का संदेश दिया। समानता के आदर्शों पर चलकर ही युवा सुख के रास्ते पर चल सकते हैं और सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने स्वामी विवेकानंद को भी याद किया। उन्होंने कहा कि रायपुर का हवाई अड्डा स्वामी विवेकानंद के नाम पर है। वे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ खेलकूद को भी महत्व देते थे। स्वामीजी आत्मविश्वास की मूर्ति थे। स्वामीजी ने शिकागो में भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता का विश्वघोष किया था। उस समय भारत में गुलामी की मानसिकता अपने चरम पर थी। एशिया के लोग हीनता की भावना से ग्रस्त थे। ऐसे वातावरण में विवेकानंद ने भारत का नाम बढ़ाया। युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे खुशी है कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 76 विद्यार्थियों में 45 छात्राएं हैं जो कुल संख्या का लगभग 60 प्रतिशत है। विश्वविद्यालय में 47 प्रतिशत छात्राएं पढ़ रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह बड़ा कदम है। देश की आधी आबादी महिलाओं की है। इन्हें सशक्त करने से देश और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के आसपास के क्षेत्र में आदिवासी समुदाय काफी है। राज्य की एक तिहाई आबादी जनजातीय है। जनजातीय समुदाय के प्रति संवेदनशीलता और महिलाओं की भागीदारी जैसे विषय बहुत महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में अच्छा कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आप सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने अपने कठोर परिश्रम मेधा और अनुशासन के बल पर स्वयं को उपाधियों एवं स्वर्ण पदकों हेतु योग्य सिद्ध किया है। हम युवाओं को लगातार आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। हमने 42 हजार पदों पर भर्ती की। रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के जरिए हमने रोजगार, स्व-रोजगार और उद्यम दिए हैं। हम बेरोजगारी भत्ता भी प्रदान कर रहे हैं, ताकि युवाओं को आर्थिक मजबूती मिल सके और वे अच्छे भविष्य की तैयारी कर सके। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर गुरु घासीदास जी का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर उन्होंने समतामूलक समाज के लिए कार्य किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय की विविध उपलब्धियों का ब्योरा समारोह में रखा। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय जनजाति विकास राज्यमंत्री रेणुका सिंह मौजूद रहीं। साथ ही उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, नगर निगम बिलासपुर के महापौर रामशरण यादव, बिलासपुर सांसद अरुण साव, दुर्ग सांसद विजय बघेल, बिलासपुर विधायक शैलेश पाण्डेय, तखतपुर विधायक रश्मि आशीष सिंह, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

राष्ट्रपति ने नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय करने की मंजूरी दी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नेहरू मेमोरियल संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। केंद्र द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, भारत सरकार (व्यवसाय का आवंटन) नियम, 1961 में दूसरी अनुसूची में प्रविष्टि 9 में 'संस्कृति मंत्रालय' शीर्षक के तहत, 'नेहरू मेमोरियल संग्रहालय एवं पुस्तकालय' शब्दों के स्थान पर... 'प्रधानमंत्रियों का संग्रहालय और पुस्तकालय' शब्द प्रतिस्थापित किये जायेंगे। इससे पहले, विपक्षी कांग्रेस ने संग्रहालय से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का नाम हटाने के लिए केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की थी और इसे प्रतिशोध की राजनीति का हिस्सा बताया था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने कहा था, इससे हमारे लिए कोई समस्या पैदा नहीं होने वाली है। यह केवल उन्हीं के लिए समस्याएं पैदा करने वाला है। ये लोग जो कर रहे हैं, इसका उन पर निश्चित तौर पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। उन्हें देश के प्रति जवाबदेह होना होगा।"

कोविड संक्रमण से लड़ने में सोंठ चूर्ण प्रभावी

आरएनएम। वाराणसी

ब्रिटेन के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल हर्बलिस्ट्स (एनआईएमएच) की पत्रिका जर्नल ऑफ हर्बल मेडिसिन में काशी हिंदू विश्वविद्यालय, आईआईटी बीएचयू व गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय की टीम ने तीन माह , तीन चरणों में सुंठी (सोंठ)चूर्ण के प्रभाव का मरीजों पर अध्ययन प्रकाशित हुआ है। इसमें है कि कोविड 19 की रोकथाम के लिए सूखे अदरक का चूर्ण लाभकारी हो सकता है। इससे संक्रमण की जद में आने वाले लोगों में कोरोना वायरस के प्रति मजबूत प्रतिरोधक क्षमता का विकास होगा। यह संक्रमण को रोकने में भी काफी प्रभावी है। सुंठी चूर्ण को कोविड मरीजों के मुंह और नाक से दिया गया। इसके अध्ययन के लिए शहर के कोविड-19 के अस्पतालों में भर्ती कोरोना वायरस के संक्रमित रोगियों, घर के सदस्यों और स्वास्थ्य कर्मियों सहित 800 लोगों को चुना गया। अध्ययन में बहु-केंद्रीय, नॉन-रैंडमाइज्ड, ओपन-लेवल, सिंगल-आर्म, प्री-पोस्ट डिजाइन का उपयोग किया गया। उन्होंने 15 दिनों तक सुंठी पाउडर का चार बार प्रतिदिन सेवन किया। दो बार मौखिक रूप से (2 ग्राम) और दो बार नासिका से (0.5 ग्राम)। उनका 15, 30 और 90 दिनों के बाद अध्ययन किया गया। परिणाम बेहद चौंकाने वाले थे। सुंठी चूर्ण का सेवन करने वाले मरीजों में अदरक में पाए जाने वाले फाइटोकेमिकल्स ने कोविड-19 का प्रसार रोक दिया। इसके साथ ही यह कोविड के लक्षण और प्रसार को कम करने में भी मददगार साबित हुआ।

एनसीईआरटी को डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा : धर्मेंद्र

एजेंसी। नई दिल्ली

एनसीईआरटी को डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने जा रहा है। शुक्रवार को दिल्ली में एनसीईआरटी के 63वें स्थापना दिवस पर यह घोषणा की गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा करते हुए कहा कि एनसीईआरटी को डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा ने एनसीईआरटी के 63वें स्थापना दिवस पर कहा एनसीईआरटी को औपचारिक रूप से डीम्ड विश्वविद्यालय के तौर में मान्यता मिलने जा रही है। इसके साथ ही प्रधान ने बताया कि बाल भवन का एनसीईआरटी में विलय किया जाएगा। उन्होंने एनसीईआरटी, सीबीएसई और केंद्रीय विद्यालय से जादुई पिटारा गीत को 22 भाषाओं में तैयार करने को भी कहा। गौरतलब है कि एनसीईआरटी स्कूली शिक्षा के लिए पाठ्यपुस्तकें तैयार करती हैं। एनसीईआरटी ने करिकुलम पर दो समितियां बनाई हैं। इनमे राष्ट्रीय निरीक्षण समिति और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक समिति बनाई हैं। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि ये दोनों समितियां 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुसार और मूल भारतीय सोच पर आधारित पाठ्यक्रम तैयार करेंगी। एनसीईआरटी स्कूली शिक्षा के लिए कक्षा 3 लेकर 12वीं तक की पुस्तकें तैयार कर रहा है। यह पुस्तकें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर तैयार की जा रही है। एनसीईआरटी केंद्र सरकार द्वारा स्थापित एक ऐसा संस्थान है जो स्कूली शिक्षा से जुड़े मामलों पर केंद्र और राज्य सरकारों को सलाह देने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। यह परिषद भारत में स्कूली शिक्षा संबंधी सभी नीतियों पर काम करती है। एनसीईआरटी का मुख्य कार्य शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय को विशेषकर स्कूली शिक्षा के संबंध में सलाह देने और नीति-निर्धारण में मदद करने का है। इसके अतिरिक्त एनसीईआरटी के अन्य कार्य हैं, शिक्षा के समूचे क्षेत्र में शोधकार्य को सहयोग और प्रोत्साहित करना, उच्च शिक्षा में प्रशिक्षण को सहयोग देना, स्कूलों में शिक्षा पद्धति में लाए गए बदलाव और विकास को लागू करना, राज्य सरकारों और अन्य शैक्षणिक संगठनों को स्कूली शिक्षा संबंधी सलाह आदि देना और अपने कार्य हेतु स्कूली पाठ्य पुस्तकों का प्रकाशन और अन्य शैक्षणिक वस्तुओं के प्रचार की दिशा में कार्य करना।

भाजपा में ज्यादातर सांसदों के टिकट काटने की तैयारी

आगामी लोस चुनाव में 155 नए चेहरों को दे सकती है टिकट

कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली

भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादातर सांसदों के टिकट काटने की तैयारी कर रही है। ज्यादातर सांसदों का टिकट कटेगा तो उनकी जगह नये चेहरों को टिकट दिया जाएगा। चर्चा है कि भाजपा की प्राथमिकता 41 वर्ष से 55 वर्ष की उम्र वालों को टिकट देने की होगी। ऐसे में लगभग 155 नए चेहरों को टिकट दे सकती है। यह भी चर्चा है कि दो बार व उससे ज्यादा बार लोकसभा चुनाव जीते नेताओं का टिकट काटा जा सकता है। भाजपा नेताओं को टिकट नहीं दिया जाता है, तो उनमें से बहुतों को पार्टी में कोई पद दे दिया जाएगा, कुछ के बेटों, बेटियों को टिकट दे दिया जाएगा। यह भी चर्चा है कि कुछ को छोड़कर बाकी को राज्य सभा में दो बार से ज्यादा नहीं भेजा जाएगा। यानी दो बार से ज्यादा बार राज्य सभा सांसद नहीं बनाया जाएगा। मालूम हो कि फिलहाल भाजपा के 135 लोकसभा सांसद ऐसे हैं जो पहली बार चुनाव जीते हैं। 97 सांसद ऐसे हैं जो दूसरी बार लोकसभा चुनाव जीते हैं, 68 सांसद ऐसे हैं जो तीन बार से ज्यादा जीते हैं।

एक देश, एक चुनाव को लेकर केंद्र ने कमेटी बनाई

रामनाथ कोविंद बनाए गये अध्यक्ष

एजेंसी। नई दिल्ली

सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की संभावनाएं तलाशने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकार द्वारा 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने के एक दिन बाद यह कदम सामने आया है। सरकार ने हालांकि संसद के विशेष सत्र का एजेंडा घोषित नहीं किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने पर कई साल से दृढ़ता से जोर दे रहे हैं और इस संबंध में संभावनाओं पर विचार का जिम्मा कोविंद को सौंपने का निर्णय, चुनाव संबंधी अपने दृष्टिकोण के विषय में सरकार की गंभीरता को रेखांकित करता है। नवंबर-दिसंबर में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और इसके बाद अगले साल मई-जून में लोकसभा चुनाव हैं। सरकार के इस कदम से आम चुनाव एवं कुछ राज्यों के चुनाव को आगे बढ़ाने की संभावनाएं भी खुली हैं, जो लोकसभा चुनावों के बाद में या साथ होने हैं।

आईजीटी 10 : बादशाह ने रफ़्तार को बताया भारत का सबसे दमदार रैपर

रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट टैलेंट' सीजन 10 के जज बादशाह ने अपकमिंग एपिसोड में शो के स्पेशल गेस्ट रैपर रफ्तार की जमकर तारीफ की। उन्होंने रफ्तार को भारत का सबसे जबरदस्त रैपर करार दिया। दोनों कंटेस्टेंट्स यूएनबी के साथ 'इलुमिनाउटी', 'ये लड़की पागल है' और 'कॉल मी अ प्लेयर' पर परफॉर्म करने के लिए भी तैयार हैं। 'इलुमिनाउटी' रफ़्तार द्वारा गाया गया गाना है, जबकि 'ये लड़की पागल है' बादशाह द्वारा गाया गया है। शो में रफ़्तार और कंपोजर-सिंगर जसलीन रॉयल नजर आएंगे, जो अपने चार्ट-टॉपिंग ट्रैक 'हीरिये' को प्रमोट करेंगे। रफ़्तार के साथ अपने रिश्ते के बारे में बोलते हुए, बादशाह ने कहा, "हम हिप हॉप के कमर्शियल फॉर्म की प्रैक्टिस करते हैं, लेकिन रफ़्तार भारत में सबसे स्किल रैपर हैं। मैं उसे सबसे स्किल्ड और अपना पसंदीदा क्यों कहता हूं क्योंकि वह एकमात्र व्यक्ति हैं जो हिप हॉप और कमर्शियल हिप हॉप दोनों का शुद्धतम रूप करता है और वह दोनों में उत्कृष्ट हैं।

मलयाली एक्ट्रेस अपर्णा नायर का निधन

साउथ फिल्म इंडस्ट्री से हाल ही में एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। साउथ की मशहूर मनोरंजन अभिनेत्री अपर्णा नायर का निधन हो गया है। अभिनेत्री अपर्णा नायर अपने आवास में मृत पाई गई हैं। अपर्णा नायर की मौत का कारण अभी तक सामने नहीं आया है। करमना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभिनेत्री अपर्णा नायर की मृत्यु के समय उनकी मां और बहन भी मौजूद थीं। घटना गुरुवार देर शाम की है। जब तक उनकी मां और बहन को इस बारे में पता चला तब तक एक्ट्रेस ने आखिरी सांस ले ली थी। हालांकि, अपर्णा को बेहोशी की हालत में देखने के बाद परिवार वाले उन्हें अस्पताल ले गए। हालांकि, वहां डॉक्टरों ने अभिनेत्री अपर्णा नायर को मृत घोषित कर दिया।

अभिषेक बनर्जी का 'स्टोलन' से फर्स्ट लुक रिलीज

एक्टर अभिषेक बनर्जी की अपकमिंग फिल्म 'स्टोलन' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। इसमें एक्टर को घायल दिखाया गया है, उनकी आंख सूजी हुई है और चेहरे पर चोट के निशान हैं। हाल ही में डेविड फिंचर की 'द किलर', ब्रैडली कूपर की 'मेस्ट्रो' और सोफिया कोपोला की सच्ची कहानी वाली फिल्म 'प्रिसिला' जैसी प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय विशेषताओं के साथ फिल्म का वेनिस फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल प्रीमियर हुआ। अभिषेक बनर्जी ने कहा, 'स्टोलन' एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी फिल्म है और इस पर काम करना अविश्वसनीय रहा है। यह बहुत खास है और वेनिस फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर के दौरान हमारी फिल्म को इतना प्यार मिलने के लिए मैं बहुत आभारी हूं। हमारी फिल्म को जो स्टैंडिंग ओवेशन मिला वह एक अविस्मरणीय क्षण था और एक अभिनेता के रूप में यह सबसे बड़ा पुरस्कार है।" उन्होंने आगे कहा, "यहां हम अपने दर्शकों को फिल्म और हममें से प्रत्येक को मिल रहे प्यार के लिए धन्यवाद देने के लिए फर्स्ट लुक का अनावरण कर रहे हैं। एक अभिनेता के रूप में यह मेरी सबसे चुनौतीपूर्ण लेकिन संतुष्टिदायक भूमिकाओं में से एक रही है। भले ही यह भावनात्मक और शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण था, मैं इस अनुभव के हर हिस्से को संजोता हूं।

प्रगति

चीन-पाक सीमा पर गरजेंगे भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान

वायु सेना 'त्रिशूल' नाम से प्रशिक्षण करेगी अभ्यास

लद्दाख, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और पंजाब सहित उत्तरी क्षेत्र में होगा अभ्यास

एजेंसी। नई दिल्ली

INDIAN AIR FORCE

जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए राजधानी दिल्ली में दुनिया के ताकतवर राष्ट्राध्यक्षों की मौजूदगी के बीच चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान गरजेंगे। भारतीय वायु सेना दोनों सीमाओं पर एक साथ 'त्रिशूल' नाम से प्रशिक्षण अभ्यास करेगी। 4 से 14 सितंबर तक यह अभ्यास लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब सहित उत्तरी क्षेत्र में होगा।

भारतीय वायु सेना ने 9 और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए अपने हथियारों और उपकरणों को हाई अलर्ट पर रखा है। वायु सेना इस समय राजधानी दिल्ली में शिखर सम्मेलन के दौरान हवाई सुरक्षा के मद्देनजर अभ्यास कर रही है। खासकर विदेशी मेहमानों को ठहराए जाने वाले होटलों और कार्यक्रम स्थल प्रगति मैदान के आसपास मॉक ड्रिल की जा रही है। जनपथ रोड स्थित होटल ली-मेरिडियन की छत पर वायु सेना ने अपने एमआई-17 हेलीकॉप्टर को उतारने का अभ्यास किया है, ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी ऑपरेशन को अंजाम दिया जा सके। शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए दुनिया के 20 ताकतवर देशों के राष्ट्राध्यक्षों के अलावा तमाम वैश्विक नेता दिल्ली आ रहे हैं।भारतीय वायु सेना ने भी किसी भी संभावित हवाई खतरे से निपटने के लिए आकाश डिफेंस मिसाइल समेत अपनी सतह से हवा में मार करने वाली डिफेंस प्रणालियों को सक्रिय एक्टिव करना शुरू कर दिया है। सुरक्षा एजेंसियों ने अपने काउंटर-ड्रोन सिस्टम को भी सक्रिय कर दिया है, जहां वे किसी भी छोटे ड्रोन को जाम कर सकते हैं या जरूरत पड़ने पर उन्हें मार गिरा सकते हैं। वायु सेना ने अपने लड़ाकू विमानों को भी 'फ्लाइंग मोड' में रखने के निर्देश जारी किया है। जी-20 शिखर सम्मेलन के बीच वायु सेना ने चीन और पाकिस्तान सीमाओं के साथ उत्तरी क्षेत्र में 'त्रिशूल' नाम से प्रशिक्षण अभ्यास करने की योजना बनाई है। इसमें राफेल, मिराज-2000 और सुखोई-30 सहित लड़ाकू विमानों के सभी प्रमुख बेड़े हिस्सा लेंगे। इसके अलावा परिवहन हेलिकॉप्टर चिनूक और अपाचे सहित भारी लिफ्ट परिवहन विमान सी-17 अभ्यास में भाग लेंगे। इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के हवाई रिफ्यूलर, एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम और एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब सहित उत्तरी क्षेत्र में 4 से 14 सितंबर तक होने वाले अभ्यास में गरुड़ विशेष बल भी हिस्सा होंगे।